अंकुर

असतो मा सद्गमय

पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय

(दिल्ली विश्वविद्यालय)

नेहरू नगर, नई दिल्ली-110065

www.pgdavcollege.edu.in
email:pgdavcollege.edu@gmail.com

वर्ष : 2021-2022

अंक : 70

विषय सूची/Contents

Editorial 6
प्राचार्य की कलम से 7
परिचर्चा ..... डॉ. अश्विनी महाजन 9
संपादकीय ..... डॉ. मनोज कुमार कैन 14

संस्कृत खण्डः

सम्पादकीयम् ..... डॉ. दिलीप कुमार झा 17
माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः ..... रोहित कुमारः 19
वर्तमानयुगे भारतीयसंस्काराणां महती आवश्यकता ..... डॉ. वन्दना रानी 23
महात्मा गांधी और संस्कृत ..... डॉ. राजेश कुमारः 25
वास्तुशास्त्र के प्रमुख ग्रंथ व ग्रंथकार ..... डॉ. रेणु बाला 29
महनीय राष्ट्रभक्तो नेताजी सुभाषचन्द्रबोसः ..... निशा 38
गणतन्त्रदिवसः ..... विनीता 40
गूगलं शरणं व्रज ..... बोधानन्द झा 41
सुभाषचन्द्रबोसस्य कतिपयवचनानां संस्कृतानुवादः ..... आदित्यकुमार झा 43
पण्डिता रमाबाई ..... नेहा 45
भगवतः श्रीकृष्णस्य द्वादशमहाविभूतयः ..... धनञ्जय कुमारः 46
अमृतं संस्कृतम् ..... प्रीति 50
संस्कृतध्येयवाक्यानि ..... मनीषदतः 51

हिन्दी खण्ड

पद्य खण्ड

संपादकीय ..... डॉ. चैनसिंह मीना/ डॉ. संदीप कुमार रंजन ... 53
मानवता ..... आकांक्षा शुक्ला 55
उलझन ..... आकांक्षा शुक्ला 55
माँ ..... अमित कुमार कुशवाहा 56
अनंत प्रेम की अनंत यात्रा ..... बोधानंद झा 56
गजल ..... अल्ताफ 57
इंसान प्रबल है! ..... चैतन्य खेड़ा 57
नन्हीं पलके ..... शिवानी 58

माँ	शिवानी	58
जल संरक्षण	शिवानी	59
उम्मीद	शिवानी	59
परदा	चेतना	60
रेप	चेतना	60
रूस, बेलारूस, यूक्रेन	चेतना	60
हिंदी माथे की बिंदी	राजकुमार	61
टिप्पणी	राजकुमार	61
एक पिता, पुत्री और दहेज की कुप्रथा	जेसिका पूर्वे	62
गुरू की महिमा!	कोमल रैकवार	63
आस	कोमल रैकवार	63
तय तो कर	कुनिका	64
साधु	कुशाग्र शुक्ला	64
चाय	लिपिका कुमारी	65
वाक्या	रितिका	65
पुरूष	शिवम योगीराज	66
दो फूल	शिवानी रघुवंशी	66
माप	स्नेहा	67
वो चाहत लौटा दो	तनुश्री भाटिया	67
भारत के माथे की बिंदी हमारी हिंदी	तन्वी	68
सपनों पर भरोसा	तन्वी	68
स्कूल की जिंदगी	गुफरान	69
ये ठंडी हवाएँ	ज्योत्सना	69
पराया घर	ज्योत्सना	69
कभी-कभी	शीतल तिवारी	70
था अध्यापक का ब्लैक बोर्ड, कभी ज्ञान का खजाना	सौरभ यादव	71
मुझे तुम दिखाई देती हो!	हार्दिक शर्मा	72

गद्य खण्ड

दिल्ली से ग्वालियर तक की रोमांचकारी यात्रा!	डॉ. मनोज कुमार कैन	75
घर का खाना	रजनी जगोता	79
ग्रीन लाइब्रेरी : वर्तमान की आवश्यकता	शकील अहमद	80
मानस का हंस	आयुष	82
मेला और समाज	गोलू कुमार	85
विवेकपूर्ण जीवन	डॉ. रामवीर	86

English Section

From the Editor's Desk ..... Uma Gupta 89
Patriotism ..... Prerna 91
Why to Feel Low ..... Palak Soni 92
To Be or Not to Be ..... Aarzoo Agarwal 92
A Woman by Choice ..... Aarzoo Agarwal 93
Desperation ..... Nitishika Pandey 94
The Greatest Hits: To All the Lost and Forgotten Friendships ..... Sanskriti 96
Season of Spring ..... Sanskriti 97
If We Ever Fall in Love, Let's Never Fall in Love! ..... Supriya 98
College Life ..... Shivani 99
My Desire ..... Jyotsana 100
Destiny ..... Jyotsana 100
I Wish I Were the Moon ..... Divanshi Aggarwal 101
Futile Hopes ..... Vartika Singh 101
What Makes Us Who We Are? ..... Hemant Choudhary 102
To My First Rented Home ..... Drishti Verma 103
Shades ..... Yashi Srea 104
My Murk Twin Devour Me ..... Sweety Marim 104
Slam Poetry by Rape Survivor ..... Sanjana Suman 105
New Year Gifted Me a Black Sheep ..... Trisha Pandey 106
Mother Athene ..... Vrinda 107
Adieu ..... Hritika Lamba 108
Sun Dial ..... Sanskriti Negi 109
A Calendar Betrayal ..... Sanskriti Negi 110
Freedom of Women ..... Aanchal Singh 111
Parenting ..... Chandrima Seal 113
Dragon in the Neighbourhood ..... Navya Tyagi 114
Into the Wilderness: A Picturesque Journey to the Sundarbans ..... Srijony Das 116
Film Review: *CODA* ..... Garima Sharma 117
Book Review- *The Kite Runner* ..... Aruna Bajaj 119
Shakuni, the Misunderstood Villain : Review of *Mahabharata-A Child's View* by Samhita Arni ..... Sanju Meena, Siddarth Shekhar 120

Faculty Contributions

Lotus and I ..... Dr. Reshma Tabassum 123
The Wave We Did Not See Coming ..... Lallianpuii Ralte 125
The Repair and Maintenance ..... Sakshi Verma 129

The Baby Steps ..... Sakshi Verma 130
Falling ..... Anish Kumar 131
Humare Karne se Kya Hoga : A Practical Guide to Sustainable Living ..... Sakshi Verma 132

Department and Society Reports

Internal Quality Assurance Cell - IQAC 135
Library 136
National Cadet Corps (NCC) 138
Azadi Ka Amrit Mahotsav - 75 Years of India's Independence 142
National Service Scheme (NSS) 143
Diligentia - The Entrepreneurship Cell 145
Hyperion: The Cultural Society 147
Enactus 164
Satark - The Consumer Club 168
Kaizen- Career Counselling Club 172
Placement Cell 174
Bharat Ratna Dr. B.R. Ambedkar Memorial Lecture Series, 2021-22 176
संस्कृत विभाग 177
हिन्दी विभाग 180
भारतीय संस्कृति सभा सत्र २०२१–२२ की गतिविधियाँ 183
English Department 184
Eclectica-The English Literary Society 185
Department of Commerce 187
Commercium - The Commerce Society 188
Department of Economics 192
Ecolibrium- The Economics Society 194
Sankhyiki – Department of Statistics 195
Department of History 198
Anant- Department of Mathematics 198
Samvaad- Department of Political Science 200
Department of Environmental Sciences 202
Parikalan- Department of Computer Science 207
Department of Physical Education & Sports Sciences 209

आवरण पृष्ठ : करन सिंह

Patron
Prof. Krishna Sharma

Chief Editor
Dr. Manoj Kumar Kain

Editors
Dr. Dilip Kumar Jha (Sanskrit)
Dr. Sandeep Kumar Ranjan (Hindi)
Ms. Uma Gupta (English)

Co - Editors
Dr. Rohit Kumar (Sanskrit)
Dr. Pramita Mishra (Sanskrit)
Dr. Chain Singh Meena (Hindi)
Dr. Reshma Tabassum (English)
Dr. Pritika Nehra (English)

Student Editors
Pooja Devi (Sanskrit)
Shivani Sahu (Sanskrit)
Shivani Lohia (Hindi)
Vishaka Lohia (Hindi)
Srijony Das (English)
Sanskriti (English)

Publisher
Ms. Garima Gaur Srivastava

Printer
Colour Edge

प्राचार्य की कलम से...

आजादी के इस अमृत–काल में 'अंकुर' का नवीनतम अंक आपके हाथों में सौंपते हुए मुझे अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है। सच तो यह है कि हृदय की इन अनुभूतियों को अभिव्यक्त करने में शब्द असमर्थ हैं। एक सहस्र वर्षों की पराधीनता के विरुद्ध सतत् संघर्ष एवं अविरल स्वातंत्र्य–चेतना के प्रवाह के परिणाम स्वरूप पचहत्तर वर्ष पूर्व हमने स्वाधीनता प्राप्त की थी। आजादी के अमृत महोत्सव का यह काल हमें उन असंख्य–अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों का पुण्य स्मरण करने का ऐसा पुनीत अवसर प्रदान करता है, जिन्होंने अपने देश, अपनी भारत माता को परतंत्रता की बेड़ियों से मुक्त देखने के लिए अपने प्राणों तक की आहुति दे दी। 1947 में स्वाधीन होने के पश्चात् भारत विकास के पथ पर अग्रसर हुआ और वयस्क मताधिकार के आधार पर लोकतांत्रिक संसदीय व्यवस्था को अपनाया। विकसित कहे जाने वाले पश्चिमी देशों में महिलाओं को मताधिकार मिलने में वर्षों का संघर्ष करना पड़ा, वहीं भारत में बिना किसी जाति, वर्ण, वर्ग और लिंग भेद के सभी को अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार मिला। बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के 'संकल्प' का ही सुफल था कि भारतीय संविधान समूचे विश्व में एक आदर्श का प्रतिमान बन गया। स्वतंत्रता के इस अमृत काल में हमें स्वाधीनता के उल्लास के साथ भारत के विभाजन का दंश भी झेलना पड़ा। हमें केवल विभाजन की विभीषिका ही नहीं झेलनी पड़ी, बल्कि उस समय जो हिंसा हुई, मानवता शर्मसार हुई, उसे भी हम कैसे विस्मृत कर सकते हैं? लाखों लोगों की हत्या हुई, महिलाओं का अपमान हुआ और जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा शरणार्थी बनने के लिए विवश हो गया। हम उस दर्द को क्या कभी भुला सकते हैं? आज इस अवसर पर मुझे स्मरण हो आता है कि तमाम भारतीय भाषाओं में सृजित साहित्य कैसे स्वाधीनता के आंदोलन को अपनी रचनाओं में न केवल अभिव्यक्त कर रहा था, वरन् लाखों करोड़ों भारतवासियों के लिए

प्रेरणा का संवाहक भी था। उस समय प्रकाशित होने वाली पत्रिकाएँ कम थीं, अंग्रेजी राज के प्रतिबन्ध का शिकार होती थीं, लेकिन तत्कालीन रचनाकार झुके नहीं। आज 'अंकुर' के माध्यम से हम नव रचनाकारों, युवा लेखकों को एक मंच प्रदान करते हैं, अपनी अनुभूतियों को सबसे साझा करने का अवसर देते हैं। यह पत्रिका उन्हें आत्मविश्वास देती है और अपनी रचना को प्रकाशित होते देखना किसी भी लेखक के मनोबल को बढ़ाता है और हम पत्रिका के माध्यम से ये प्रयास कर रहे हैं। 'अंकुर' का संपादक मंडल बड़े ही परिश्रम से न केवल रचनाओं को छाँटता है बल्कि कहीं – कहीं सुधारता भी है, अस्तु मैं समूची संपादकीय 'टीम' को साधुवाद देती हूँ। पत्रिका के मुख्य संपादक डॉ. मनोज कुमार कैन ने पत्रिका को हमारे हाथों तक पहुँचाने में जिस लगन से कार्य किया है उसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं। संस्कृत खंड के संपादक डॉ. दिलीप झा, अंग्रेजी खंड की संपादक उमा गुप्ता ने बड़े मनोयोग से अपना दायित्व वहन किया, दोनों और उनके सहयोगी भी साधुवाद के पात्र हैं।

कृष्णा शर्मा

प्रो० (डॉ०) कृष्णा शर्मा
प्राचार्य

परिचर्चा

– डॉ. अश्विनी महाजन प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग

Sanskriti: Today, we have with us Dr Ashwini Mahajan. Sir is not only the first professor in our college but also the first Professor of Economics in any college in the University of Delhi. Sir, you are a teacher, a mentor, an activist, an economist, a prolific writer, and your articles are published regularly in major national dailies, magazines and journals. Sir, you have an incredible scholastic journey behind you, please take us though the journey.

Ashwini Mahajan: I belong to an ordinary family and my father passed away when I was seventeen. I completed my graduation and post graduation at Delhi school of Economics. Since then only, I understood that if I am a teacher then I'm a student as well. And I should do justice to my work and work efficiently. I worked in many different areas of work and learned a lot from them. I always had a different thought procedure and hence I believed that we as a country should work upon globalisation back in 1990's. People used to say that this would take the economy backwards and ruin everything that the country has built but regardless we still kept on working. The effects of globalisation were felt all around the country from the farmers to the industrialists. Our country has faced deindustrialisation twice and in those times we had lost all the major industries. One of the periods of de-industrialisation was during the British and with the passage of time, people realised the value and significance of swadeshi. Back in the day, Anand Mahindra sent a special messenger to me and even mentioned my name for several awards.

Working for one cause persistently will always lead you to success. However, if you keep shifting from one cause to another, the meaning of your efforts is lost. Hence, one should work hard for one cause whole heartedly.

Sankriti: Sir, of all the historical figures and statesmen of the past, who inspires you the most or who do you view as your role model?

Ashwini Mahajan: I have drawn my inspiration from Dattopant Thengadi and through you, I request everyone to read about him. He has written on various topics like economics, environment, politics and geopolitics. Even a social reformer like Ambedkar Ji was in close contact with him despite

the fact that he was a brahmin. He always believed that the world has two perspectives, one is Capitalism. There is only one way in capitalism to increase individual initiative, even though it might increase monopoly. But it is the only way to grow and increase our GDP. Another is Socialism, where a person should do nothing but continue doing their jobs and the government will work for the public and hence, everyone shall get the benefits of equal income. Even though, today we have different perspectives on these two worldviews with different economists having different opinions about them.

If redistribution could sort out all the economical problems, then why is it that the nations who have adopted similar methods have failed and suffered too. So, Dattopant Ji also had a third way that we must have an economic system whereby when we think about output, we should also think about employment distribution and location. We should have a decentralised economy and maintain a balanced economy. Whenever I get confused regarding anything in terms of my field of work, or I am in a place to make an instant decision, all I think about is 'If Dattopant Ji were in my place, what would he say?' And hence my answer formulates itself and I don't have to think a lot about it. I have worked with him for ten years and hence if someone asks me why I said whatever I did, so I simply say, because this is what Dattopant Ji had said.

Sanskriti: Sir, what is your vision of an ideal educational institution?

Ashwini Mahajan: See, an educational institution must be about a strong relationship between students and teachers, more interactions and meetings in smaller groups. We must be able to extract the most from a student. We are so much stuck within the bookish knowledge but we must also know what is happening in our surroundings. Like recently, I had a conversation with a friend as we talked about the free supplies that are being offered by the government. I had turned the topic into an assignment that led the students be aware of the things happening around them and become proactive. Absenteeism is something that I dislike personally and students must attend all the classes as absenteeism looks bad overall. Interacting with other students through cultural societies, NCC and various activities is very important.

प्रश्न – सर, संस्कृत को लेकर आपके क्या उद्देश्य हैं?

उत्तर – हमारे कॉलेज में संस्कृत के बहुत विद्वान हैं। संस्कृत मात्र एक भाषा नहीं है। इसकी दुनिया में जरूरत है। संस्कृत के ग्रंथों में ज्ञान का जो इतना बड़ा भंडार था, वह पढ़ने के कारण है। लेकिन जो हमारे ज्ञान का भंडार था उसको जला दिया गया। यह भी माना जाता है कि पुस्तकों को जलाने में महीनों लग गए। थोड़ी–बहुत जो पुस्तकें बचीं उन्होंने पूरी दुनिया में हंगामा मचा दिया। संस्कृत में वैदिक गणित गणना का बहुत महत्त्व रहा है। आपने देखा भी होगा कि सभी छोटी–से–छोटी चीजें संस्कृत से ली गई हैं। इसके पास बहुत भंडार कोष है– चाहे विमान का निर्माण हो या अन्य चीजों का। संस्कृत के विकास हेतु नए प्रोग्रामों के माध्यम से जानकारी देना आवश्यक है। मुझे विश्वास है कि कॉलेज की फैकेल्टी इसमें सुधार करेंगे और उनके द्वारा नए प्रोग्राम चालू किए जाएंगे।

प्रश्न– हमारी संस्कृत से हर चीज का उद्भव हुआ है। फिर भी विज्ञान को ज्यादा आगे बढ़ाया जा रहा है, संस्कृत को नहीं। ऐसा क्यों?

उत्तर– हमें विज्ञान प्रौद्योगिकी भी चाहिए और वैदिक प्रौद्योगिकी भी। हमें अपने आप को आधुनिक विज्ञान से अलग नहीं करना चाहिए। वैदिक आधारित विकास भी होना चाहिए। हमारा परिवार सुसंगठित व्यवस्था के साथ चलता रहे। हम प्रकृति के बारे में सोचते हैं और बचत भी करते हैं। पर्यावरण को बचाना हमारा कर्तव्य है। यह सब कुछ वैदिक साहित्य में मिलता है। यहाँ लोग राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हैं। परिवार समाज का हिस्सा है और समाज एक राष्ट्र है। आधुनिक प्रौद्योगिकी का त्याग न करना प्रौद्योगिकी का विकास करना है। हमारी बुद्धि बहुत तेज है। हिमालय पर्वत से निकलने वाली नदियाँ भारत में आती हैं। यह अपने साथ उपजाऊ भूमि लाती हैं, जिससे फसलें अच्छी होती हैं। इसलिए हमारी बुद्धि तेज है। हमने 104 उपग्रहों का निर्माण किया है। हम तकनीकी स्तर पर बहुत आगे तक जा सकते हैं और यह कार्य बहुत तेजी से चल रहा है।

प्रश्न– सर, आपको इस पद पर पहुँचने के लिए कितना संघर्ष करना पड़ा है? आपके सामने कौन–कौन सी चुनौतियाँ आई और आपको यहाँ तक पहुँचने में कितना समय लगा?

उत्तर– यह जो हमारे प्रोफेशन की प्रक्रिया है, इसके लिए आपको दृढ़ संकल्प होना चाहिए। कोई समस्या नहीं आती, बस आप अपने प्रोफेशन के प्रति ईमानदार रहें। उतना ही हमने भी करने का प्रयास किया। कितना कर पाए, यह तो आप लोग बताएंगे। लेकिन अपनी तरफ से हमने पूरा प्रयास किया कि हम ईमानदार रहें। संघर्ष के नाते तो जीवन ही संघर्ष है। कोई भी चीज आसान तो होती नहीं है। मैंने पहले भी निवेदन किया कि यदि हम ठान लेते हैं तो कुछ भी असंभव नहीं है। मैं आपको एक उदाहरण से अपनी बात बताता हूँ। मैं आपके माध्यम से बाकी विद्यार्थियों को भी बताना चाहता हूँ कि हमारे देश में अपार संभावनाएं हैं। कोई कुछ करना तो शुरू करे। हमारे यहाँ जुगाड़ कई किस्म के होते हैं। आप जानते ही होंगे। यह सब दृढ़ संकल्प से होता है। मैंने तो ठान लिया था कि मुझे यह करना है। आप जानते ही होंगे कि दुनिया का सबसे बेस्ट पेमेंट सिस्टम हमारा है–यूपीआई(UPI)। कुछ समय पहले मैं स्विट्जरलैंड में था। स्विट्जरलैंड बहुत डेवलप्ड कंट्री है। हम वहाँ होटल में या रेस्टोरेंट में कहीं भी खाने जाते उनके पास डिजिटल पेमेंट सिस्टम बहुत कम जगहों पर उपलब्ध था। सभी लोग कैश ही लेते थे। हम बोलते भी थे कि क्रेडिट कार्ड ले लो, परंतु वे कैश ही लेते थे। हमारे यहाँ डिजिटल सिस्टम है। हैरानी की बात यह है कि दुनिया में जितनी डिजिटल ट्रांजैक्शन्स होती है उसका 40% भारत में होता है। यह सब निर्भर है UPI और RuPay पर। तब Master Card और VISA चलता था। हमने RuPay Card चला दिया। मैं आपको एक मजेदार बात बताता हूँ। UPI चार–पाँच साल पहले ही आया है। गवर्नमेंट सोच रही थी कि एक अच्छा पेमेंट सिस्टम बनाने के लिए किसे दें? UPI को दें या Wipro को दें या SCS को दें? फिर किसी ने सुझाया कि आप किसी को मत दो। आप आईआईटी के विद्यार्थियों के बीच एक कंपटीशन करवा दो। जो बेस्ट पेमेंट सिस्टम बनाकर ले आएगा, हम उसको पुरस्कार देंगे। विद्यार्थी बनाने में लग गए और वे ढेर सारे UPI बनाकर ले आए। एक कमेटी बैठी और उन्होंने देखा कि उसमें से कौन–कौन बेस्ट हैं। उन्होंने उसमें से बेस्ट पाँच चुन लिए और पाँचों को पुरस्कार दिया। पुरस्कार लेकर जब वे जाने लगें तो कमेटी

के सदस्यों ने उनसे कहा कि अब आप एक साथ मिलकर दुनिया का सबसे बेस्ट UPI हमें बनाकर दें। इस तरह आज जो UPI चल रहा है वह बना। सरकार ने उस पर एक पैसा भी खर्च नहीं किया। विद्यार्थियों ने खेल–खेल में उसे बनाकर दे दिया, जिसे बड़े–से–बड़े देश नहीं बना पाए। अमेरिका और यूरोप भी इसे नहीं बना पाए। आज वे भी हमारी तरफ देख रहे हैं। जब अमेरिका ने कहा कि आप एशिया से तेल खरीदोगे तो हम आपको पेमेंट नहीं लेने देंगे और उन्होंने उस पर रोक भी लगा दी। आपको मालूम होगा तब हमने अमेरिका से कहा कि 'तुम्हारी ऐसी की तैसी'। हम इसे UPI से चलाएंगे। हमारा UPI एशिया का MIR है। विद्यार्थियों ने उसे ही इंटीग्रेट करने के लिए सोचा और उन्होंने करके भी दिखाया। बड़ों की तो जरूरत ही नहीं पड़ी। यदि आप ठान लें कि आपके काम करने का यही तरीका है, फिर आपके रास्ते में कोई मुश्किल नहीं आएगी।

प्रश्न– सर, आपने इसी महाविद्यालय से अध्ययन किया है। आज आप यहीं एक बड़े पद पर कार्यरत हैं और साक्षात्कार दे रहे हैं। आपको कैसा महसूस हो रहा है?

उत्तर– मैं अपने आपको पहले भी विद्यार्थी मानता था और अब भी विद्यार्थी मानता हूँ। इस कॉलेज में मैं एक सामान्य टीचर हूँ। पहले भी ऐसा ही मानता था, अभी भी ऐसा ही मानता हूँ। विद्यार्थियों के साथ बात करना अच्छा लगता है। अपने लोगों के साथ प्यार रखना मुझे अच्छा लगता है। इतना मैं जरूर कहूँगा कि कॉलेज में सभी लोग एक साथ मिलकर रहते हैं। सब एक जैसे हैं। आप आज मेरा साक्षात्कार ले रहे हैं, यह आपके लिए बहुत बड़ी बात है। मैं अपने आपको ऐसा कुछ नहीं मानता हूँ।

प्रश्न– सर, आपको क्या लगता है कि हमारे देश की अर्थव्यवस्था सही दिशा में जा रही है? क्या आने वाले समय में हमारे देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरीके से मजबूत रहेगी?

उत्तर– बिल्कुल सही दिशा में जा रही है। आप अभी अखबार में देखें हम पाँचवें नंबर पर आ गए हैं। मैं कहता हूँ कि हम पाँचवें या चौथे नंबर पर नहीं, बल्कि तीन नंबर पर हैं। अगर आप वर्ल्ड बैंक एग्जीक्यूटिव से पूछेंगे तो वह यही बताएगा कि भारत तीन नंबर पर है। हमारे अखबार वालों को इसकी समझ नहीं है। उसका कारण यह है कि एक संकल्पना होता है– पी.पी.पी. (परचेसिंग पावर प्योरिटी) अर्थात् डॉलर के मुकाबले में रुपए की परचेसिंग पावर भारत में कितनी है। आप दुनिया में कहीं भी चले जाओ। आपको वहाँ जो चीज एक डॉलर की मिलती है, यहाँ वह 10 से 12 रू. में मिलेगी। इसका मतलब यह है कि एक्सचेंज रेट सही पैमाना नहीं है। यदि उसे परचेसिंग पावर प्योरिटी के हिसाब से नापा जाए तो भारत की जीडीपी 12–13 ट्रिलियन डॉलर है। इसलिए हम बिल्कुल सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यदि हम आत्मनिर्भर भारत की तरफ बढ़ेंगे, तो इंपोर्ट कम कर लेंगे और एक्सपोर्ट बढ़ा लेंगे तब हमारा ट्रेड बैलेंस और बेहतर हो जाएगा। अतः हमारे रुपये की वैल्यू भी बढ़ेगी। फिर हमें जो एक्सचेंज रेट के आधार पांचवें नम्बर पर कह रहे हैं, वे तीसरे नम्बर पर आ जाएंगे। हमें दो काम करने होंगे– एक जीडीपी बढ़ानी पड़ेगी और दूसरा हमें रुपए की वैल्यू भी बढ़ानी पड़ेगी। रुपए की वैल्यू बढ़ाने के लिए हमें आत्मनिर्भर बनना बहुत जरूरी है। हमें अपने देश में रीप्रोडक्शन करना जरूरी है। विदेशों पर निर्भरता कम करनी होगी। पहले सोचते थे कि हम सेमीकंडक्टर नहीं बना सकते। आज हमने सेमीकंडक्टर बनाना शुरू कर दिया है। अब हमारे यहाँ से मोबाइल फोन एक्सपोर्ट भी हो रहे हैं। ऐसी बहुत सारी चीजें हैं जो पहले हम नहीं करते

थे, अब कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। इससे हमारा रोजगार भी बढ़ेगा और आमदनी भी बढ़ेगी। मेरा यह भी कहना है कि जब हम कोई नीति बनाएं उस समय रोजगार का भी ध्यान रखें। लोकेशन का भी ध्यान रखें। प्रकृति का भी ध्यान रखें। हमें प्रकृति को भी खराब नहीं करना है। क्योंकि वह भी हमारी ही जिम्मेदारी है। इस प्रकार हम अपने देश को आगे बढ़ा सकते हैं। वो कहते हैं न कि "कौन कहता है आसमाँ में सुराख नहीं हो सकता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों।"

प्रश्न– सर, आपने अपने जीवन में आज बहुत कुछ किया है। इतनी सारी चीजों के बीच में आपने अपने जीवन को कैसे संतुलित रखा है?

उत्तर– सबसे पहले अपने आप को शांत रखें। अगर आप अपने इरादे पक्का कर लें तो आपके पास कितने भी काम क्यों न हो आप उसको जरूर पूरा कर सकते हैं। दिनचर्या में मैं सबसे पहले लेखन का काम करता हूँ, उसके बाद कॉलेज आकर विद्यार्थियों को पढ़ाना और उसके बाद अपने समाज के लिए काम करना।

प्रश्न– सर, आपके नजरिए में स्वदेशी का क्या अर्थ है?

उत्तर– स्वदेशी कोई दस्तावेजी दृष्टिकोण नहीं है। स्वदेशी का मतलब सिर्फ यह नहीं है कि अपने देश की बनी वस्तुओं का इस्तेमाल करना– चाहे वह अच्छी हो या बुरी। स्वदेशी का मतलब अपने देश में बनी वस्तुओं का उपयोग करना लेकिन यदि आप अपने देश की बनी वस्तुओं में कोई दोष पाते हैं तो उसमें सुधार करना भी स्वदेशी ही कहलाता है। अपने पूर्वजों के धर्म का पालन करना भी स्वदेशी कहलाता है। स्वदेशी का दूसरा अर्थ आत्मनिर्भरता को माना जाता है, जहाँ हम अन्य व्यक्ति या देश पर किसी भी प्रकार से निर्भर नहीं रहते। आत्मनिर्भर होने का मतलब केवल यह नहीं है कि हम सिर्फ अपने लिए चीजों को बनाए, बल्कि अपने साथ–साथ बाकी दुनिया के लिए भी बनाए। 'थिंक ग्लोबल एक्ट लोकल'।

प्रश्न– सर, आपके नजरिए में अर्थव्यवस्था को लेकर भारत देश की रणनीति ज्यादा प्रभावी है या बाहरी देशों की और अगर बाहरी देशों की रणनीतियाँ मजबूत हैं तो हम अब तक उन नीतियों को क्यों नहीं अपना पाए?

उत्तर– अगर हम अर्थव्यवस्था में नीचे रहे हैं तो उसके ऐतिहासिक कारण हैं। अंग्रेजों के शासन के बाद जो देश हमें मिला वह बिल्कुल बेकार दशा में था। एक तरह से यह मान लीजिए कि हमें सब चीजों को पुनः प्रारंभ करना था। लेकिन जब हमने विकास यात्रा शुरू की उस समय हमने अपने लोगों पर विश्वास नहीं किया, तब हमने यह कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र (Public Sector) सब कुछ करेगा। अगर हमने अपने लोगों पर विश्वास किया होता तो हमारे ऐसे हालात नहीं होते। क्योंकि हमारे यहाँ के लोग बहुत बुद्धिमान है। हमारे यहाँ के लोग बाहर जाकर बहुत काम करते हैं। बाहरी देशों की लगभग सभी कंपनियों के सीईओ भारतीय हैं। उस समय 35% से अधिक जीडीपी हमारे देश के लोगों और युवाओं ने दी थी। हमारे देश को सोने की चिड़िया इसलिए कहा जाता है, क्योंकि यहाँ के लोग बेस्ट एंटरप्रेन्योर हैं। लेकिन उस समय हमने अपने लोगों पर भरोसा नहीं किया। यदि हमें अपने देश को और आगे ले जाना है तो सबसे पहले हमें अपने लोगों पर भरोसा करना होगा और हमारे देश के युवाओं को नौकरी माँगने वाला नहीं बल्कि नौकरी देने वाला बनने का प्रयास करना चाहिए।

संपादकीय

डॉ. मनोज कुमार कैन

विश्व कोरोना महामारी से उभरने के उपरांत सामान्य रूप से चलने लगा है। मनुष्य की समझ में यह बात अच्छी तरह से आ गई है कि अन्य बीमारियों की तरह कोरोना भी हमारे जीवन की एक बीमारी है। इस बीमारी से जिस तरह भारत ने काबू पाया और अन्य देशों की मदद की वह देखते ही बनता है। खैर 'जो चला गया उसे भूल जा बीती भूली बिसार दे आगे की सुध ले।' अब हम निरंतर उन्नति और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। हम अपने देश में उन परिवर्तनों को अनुभव कर रहे हैं, जो कि पिछले सालों में हो जाने चाहिए थे; लेकिन नहीं हुए।

हम बहुत ही सौभाग्यशाली हैं कि आजादी का 75वाँ वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। साथ ही दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध होने के नाते विश्वविद्यालय के 100 वर्ष पूर्ण होने का अनुभव भी कर पा रहे हैं। इतने सालों में देश और विश्वविद्यालय में तमाम परिवर्तनों का चिंतन, मनन और विश्लेषण करते हुए भविष्य की योजनाओं और चुनौतियों का ध्यान रखते हुए आगे बढ़ रहे हैं। आजादी के 75 और विश्वविद्यालय के 100 वर्ष पूर्ण होने पर देश और विश्वविद्यालय में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। बहुत अच्छी बात यह रही कि इन सभी कार्यक्रमों का एक ही मूल स्वर था– राष्ट्रीयता। जहाँ आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत घर–घर तिरंगा पहुँचा, वहीं दूसरी ओर नई शिक्षा नीति के तहत उन सभी महत्त्वपूर्ण चीजों को लागू करने पर बल दिया गया जिनसे भविष्य में भारत विश्व गुरु बन सके।

आज भारत का शीर्ष नेतृत्व बन्धुत्व, अखंडता, भाईचारा, समानता, समरसता, देश–प्रेम को लेकर आगे बढ़ रहा है; साथ ही पंक्ति के अंत में बैठे व्यक्ति की चिंता करते हुए उसे साथ लाने के लिए प्रयासरत है। समाज के उस अंतिम व्यक्ति के लिए प्रमुखता के साथ योजना बना रहा है और साथ ही अनेक तरह की योजनाओं को कार्यान्वित करने पर भी विशेष ध्यान दे रहा है। हम सभी को शिक्षक होने के नाते ऐसे अच्छे विचारों का प्रचार–प्रसार करना चाहिए। अपने विद्यार्थियों को भी नए भारत के निर्माण में सहयोग करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। आज भारत में सबसे बड़ी संख्या जनसंख्या की दृष्टि से युवाओं की है, जो कल के निर्माता होंगे। निर्माताओं को सही मार्गदर्शन देने का दायित्व हम सभी प्राध्यापकों का है। एक अच्छा इंसान बनाने के साथ–साथ उनको रोजगार परक शिक्षा देना भी आवश्यक है।

आज का युवा बहुत जागरूक है और वह प्रत्येक विषय का अच्छा ज्ञान भी रखता है। साहित्य, अर्थशास्त्र, खेल, तकनीकी इत्यादि विषयों में देश का नाम रोशन कर रहा है। संभावनाओं को तलाशते हुए

तमाम विषयों पर चिंतन करके अपने मौलिक रचनात्मक विचारों को भी जनसंचार के विभिन्न माध्यमों से हमारे समक्ष प्रस्तुत कर रहा है। 'अंकुर' में प्रस्तुत रचनाएँ इसका जीता–जागता उदाहरण हैं। इस पत्रिका में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर अपनी रचनाओं के माध्यम से जो विचार प्रस्तुत किए हैं वह बहुत ही सराहनीय और प्रशंसनीय है। यह पत्रिका विद्यार्थियों की रचनाधर्मिता का वाहक है। इस तरह का रचनाकर्म करते हुए विद्यार्थी आगे बढ़ता जाता है और भविष्य में रचनात्मकता के क्षेत्र में अपना स्थान बना लेता है। मैं आशा करता हूँ कि इनमें से कुछ विद्यार्थी भविष्य में लेखन के क्षेत्र में अवश्य नाम कमाएंगे। पत्रिका में जिन विद्यार्थियों की रचनाएँ प्रकाशित हुई हैं, मैं उन्हें साधुवाद देता हूँ और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

वर्ष 2021–22 की पत्रिका 'अंकुर' का अंक आपको सौंपते हुए मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। सामग्री संकलन से लेकर प्रकाशन तक सभी कार्यों में मेरे सहयोगी संपादकों ने बहुत अधिक परिश्रम किया है। अंक प्रकाशित होने में आदरणीय प्राचार्य प्रो. कृष्णा शर्मा जी का सहयोग और मार्गदर्शन हमें निरंतर प्राप्त होता रहा। मैं संपादक मंडल की ओर से उनके प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

पत्रिका को आपके हाथों तक पहुँचाने में संपादक मंडल के सहयोगियों डॉ. दिलीप कुमार झा, डॉ. रोहित कुमार, डॉ. प्रमिता मिश्रा, डॉ. उमा गुप्ता, डॉ. प्रितिका नेहरा, डॉ. रेशमा तबस्सुम, डॉ. चैनसिंह मीना और डॉ. संदीप कुमार रंजन का विशेष योगदान रहा। मैं समस्त संपादक मंडल का अंतर्मन से धन्यवाद करता हूँ। उनके अथक परिश्रम और उत्साह से ही यह कार्य अत्यंत सुचारू रूप से आपके समक्ष प्रस्तुत हुआ।

मैं पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. गरिमा गौड़ जी का भी हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त करता हूँ। उनके महत्त्वपूर्ण विचार और सुझाव पत्रिका के लिए उपयोगी सिद्ध हुए। उन सभी का भी धन्यवाद जो इस महती कार्य में प्रत्यक्ष–अप्रत्यक्ष रूप से सहयोगी रहे। वर्ष 2021–22 की 'अंकुर' पत्रिका आपके समक्ष प्रस्तुत है।

डॉ. मनोज कुमार कैन

संस्कृत खण्डः

सम्पादकीयम्

डॉ. दिलीप कुमार झा

अस्मदीयं राष्ट्रं भारतं सप्तचत्वारिंशदुत्तरनवदशतमाब्दस्य अगस्तमासस्य पञ्चदशके दिनाङ्के स्वातन्त्र्यमलभत। भारतवर्षस्य स्वतन्त्रतायाः पञ्चोत्तरसप्ततिः वर्षाणि अगस्तमासस्य पञ्चदशके दिनाङ्के 2022 तमे वर्षे सम्पूर्णानि भविष्यन्ति। अतः अस्मिन् वर्षे सम्पूर्णभारतदेशे ''स्वतन्त्रतायाः अमृतमहोत्सवः'' आयोजयितुं निर्णयम् अकरोत्। अस्य कार्यक्रमस्योद्घोषणां भारतीयप्रधानमन्त्रिणः श्रीमन्तः नरेन्द्रमोदीमहोदयाः 12 मार्च 2021 ई. इति दिनाङ्के अहमदाबादनगरे अकुर्वन्। स्वतन्त्रताप्राप्त्यर्थं नैके राष्ट्रैसेवाव्रतिनो भारतीसपुत्रा नैजान् प्राणान् अत्यजन्। तेषां राष्ट्राय हुतात्मनां त्यागशौर्यबलिदानादिकं नितरां स्मृतिपटले सदास्मदीयहृच्चेतनासु ''इदं राष्ट्राय इदं न मम'' इति श्रुतिवचनं स्मारयेत्तथा राष्ट्राय समर्पणभावं जागरयेदित्यादिकं लक्ष्यीकृत्य भारतसर्वकारेण तद्दिनं राष्ट्रियपर्वत्वेनोद्घुष्टमथ च समग्रभारते ''स्वतन्त्रतादिवसः'' ''स्वातन्त्र्योत्सवः'' समायोज्यते। अनेन लक्ष्यीक्रियते महत्काठिन्येन यल्लब्धं स्वातन्त्र्यं तत्पुनः पारतन्त्र्ये परिवर्तितं न स्यात्। अत्र मनसि नैकाः जिज्ञासाः समुद्भवन्ति। तद्यथा– १. किं नाम स्वातन्त्र्यम्? २. किमर्थं स्वातन्त्र्यम्? ३. स्वातन्त्र्यस्य वास्तविकं स्वरूपं किम्? ४. कथं वा परिरक्षितं स्याद्भारतीयं स्वातन्त्र्यम्?

तत्र सर्वादौ विचारयामो वयं ''किन्नाम स्वातन्त्र्यम्''। स्वातन्त्र्यमिति पदं स्वतन्त्रपदान्निष्पद्यते। यत्कृते आङ्गलभाषायाम् ''Freedom'' इति पदं प्रयुज्यते। इदञ्च स्वातन्त्र्यपदं ''स्वम् (आत्मीयम्), तन्त्रं (प्रधानं सिद्धान्तो विस्तारो वा) इति द्वाभ्यां पदाभ्यां नैकविधव्युत्पत्तिद्वारा व्युत्पादयितुं शक्यते। स्वस्य तन्त्रमिति षष्ठीसमासव्युत्पत्त्या आत्मनः प्राधान्यमित्यर्थः'' तन्त्रं ''प्रधानं सिद्धान्त'' इति कोशवचनात्। स्वं तन्त्रं यत् तत् स्वतन्त्रम् इति कर्मधारयसमासव्युत्पत्त्या आत्मीयशासनमात्मशासनं वेत्यर्थः ''तन्त्रं शासनम्'' इति वचनात्। स्वं तन्त्रं यस्येति बहुव्रीहिसमासव्युत्पत्त्या स्वतन्त्रोऽर्थात् स्वाधीनः प्रमुखो जनविशेष इत्यर्थः। इत्थं स्वस्य प्राधान्यं यस्मिन् शासने राष्ट्रे वा तत् शासनं राष्ट्रं वा स्वतन्त्रम्। यस्य प्राधान्यं स जनः सिद्धान्तो वा स्वतन्त्रः। स्वतन्त्रस्य भावः स्वातन्त्र्यम् इति।

साम्प्रतं ''किमर्थं स्वातन्त्र्यम्'' इति विचारयामः– कस्यचिद्व्यक्तेः शारीरिक–मानसिक–आध्यात्मिक–शैक्षिक–धार्मिक–नैतिक–भौतिकादिविकासान् अभिवर्धयितुं तथा कस्यचिदपि राष्ट्रस्य सर्वविधौन्नत्यर्थसम्पादनार्थं राष्ट्रगौरवसंस्कृतिसभ्यतादीनां संरक्षणार्थञ्च स्वातन्त्र्यम् नितरामावश्यकम्। यतोहि पारतन्त्र्ये (बन्धने पराधीनतायां वा) कस्यचिज्जीवाय राष्ट्राय च स्वोन्नतिविकासावसरो नोपलभ्यते। अतो जीवमात्रस्य राष्ट्रस्य च उन्नत्यै स्वातन्त्र्यमतीवावश्यकम्।

अधुना भारतीयपरिप्रेक्ष्ये स्वातन्त्र्यस्य वास्तविकं स्वरूपं परिशीलयामः। भारते स्वातन्त्र्यस्य वास्तविकं

स्वरूपं विश्ववन्द्या भारतीया संस्कृतिर्वर्तते। तत्रैते मुख्यबिन्दवो अन्तर्भवन्ति– १. सर्वेषामधिकारः स्वतन्त्रता। २. जीवनशैली आचारव्यवहारः लौकिकपरम्पराश्च। ३. भाषा–वेशभूषा–भोजनादिकम्। ४. सभ्यता शाशनव्यवस्था च। ५. आध्यात्मिकैतिहासिकभौतिकसमृद्धयः। ६. समृद्धसाहित्यम् । ७. विश्वबन्धुत्व–लोकहितचिन्तन–जनकल्याणादिभावना।

एते समेऽप्यंशाः स्वातन्त्रस्य वास्तविकं स्वरूपं बोधयन्ति। साम्प्रतं विचारयामः ''कथं वा परिरक्षितं स्यात् स्वातन्त्र्यम्'' इति। १. वेदबोधिताचारलक्षणधर्मपुरस्सरं नैतिकव्यवहारेण स्वातन्त्र्यं परिरक्षितं स्यात्। २. कामक्रोधलोभमोहादिवर्जनपुरस्सरं मनसानिशं स्वहितपरहितचिन्तनेन। येन स्वप्नेऽपि कस्यचिज्जीवस्याहितं न स्यात्। यतः तस्य स्वातन्त्र्यं नश्येदिति चिन्तनेन। ३. निजस्य स्वातन्त्र्यरक्षणाय अन्येषां स्वातन्त्र्यं न हन्यात्। अर्थात् निजस्वातन्त्र्यरक्षणक्रमे अपरेषामपि स्वातन्त्र्यं परिरक्षणीयम्। येन एषा व्यवस्था परिरक्षिता स्यात्।

महद्दौर्भाग्यं वर्तते यदद्यत्वे वयं भारतीयाः निजप्राणभूतत्त्वं विश्ववन्द्यां भारतीयां संस्कृतिं सन्त्यजन्तः पुनः पारतन्त्र्यपथे नित्यं वर्धमाना नित्यं पाश्चात्यसंस्कृतिम् अनुकुर्मः। तत्र चिन्त्या अंशाः– १. सर्वप्राचीनभारतीयसभ्यतां विस्मृत्य पाश्चात्यसभ्यतायाः गुणगानं कुर्मः। २. स्वजीवनशैलीं विस्मरन्तः पाश्चात्यजीवनशैलीमाचारामः। तद्यथा– स्नानपूजादिकं विनैव भोजनं कुर्मः, मदिरादिपानं कुर्मः, परस्परं विद्विषामहे, मातृपित्रादिकं सन्त्यजामः, प्रेमदिवसादिकमायोजयामश्च। ३. निजभाषां विहाय पाश्चात्यभाषां भाषमाणा गौरवमनुभवामः। ४. आध्यात्मिकैतिहासिकभौतिकसमृद्धीः न गणयामः। ५. निजशासनव्यवस्थायाः विखण्डनं कुर्मः। ६. निजसाहित्यसम्पदायां दोषं दर्शयामः। ७. विश्वबन्धुत्वादिभावं न स्मरामः। ८. स्वार्थसिद्धौ पराहितं कुर्मः।

इत्थं वक्तुं शक्यते यद् वयं स्वतन्त्राः सन्तोऽपि वस्तुतो मानसिकरूपेण परतन्त्रा अद्यापि। अनिशं वयं पारतन्त्र्यपथे वर्धमानाः स्मः। यदा भारतीयनागरिका मानसिकरूपेण स्वतन्त्राः भविष्यन्ति तदैव वस्तुतो नागरिकाः स्वतन्त्राः, अस्मदीया शासनव्यवस्था स्वतन्त्रा अस्मदीयं राष्ट्रञ्च स्वतन्त्रम् इति शम्।

– डॉ. दिलीप कुमार झा

नमन्ति फलिनो वृक्षाः नमन्ति गुणिनो जनाः।
शुष्ककाष्ठश्च मूर्खश्च न नमन्ति कदाचन।।

जिस प्रकार से फलों से लदी हुई वृक्ष की डाल झुक जाती है, उसी प्रकार से गुणी जन सदैव विनम्र होते हैं किन्तु मूर्ख उसी सुखी लकड़ी के समान होता है जो कभी नहीं झुकता।

माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः

रोहित कुमारः
सहायक आचार्यः, संस्कृत–विभागः

अद्यत्वे बहुशो जना ''मातृदेवो भव'' इति तैत्तरीयोपनिषद्वाक्योद्घोषं कुर्वन्तो दरीदृश्यन्ते। साम्प्रतं वयं ज्ञातुं यतामहे यत् ''को वाभिप्रायोऽस्य उपनिषद्वाक्यस्येति''। साम्प्रतमस्य वाक्यस्य पदं पदार्थं वाक्यार्थञ्च चिन्तयामः – माता देवो यस्येति विग्रहे षष्ठ्यर्थे बहुव्रीहिसमासे सति प्रथमाविभक्तेरेकवचने ''मातृदेवः'' इति निष्पद्यते। यस्याभिप्रायो भवति यो मातरं देववन्मनुते, अथ च यस्य दृष्टौ माता देव इव पूज्या वर्ततेऽसौ मातृदेवः। ''भवे''ति लोट्लकारस्य मध्यमपुरुषैकवचनरूपम्। अत्र लोट्लकारः भगवतः पाणिनेः ''आशिषि लिङ्लोटौ'' इति सूत्रानुसारं जायते।

एतेन स्पष्टं भवति यद् उपनिषद्वचनमिदम् आशीर्वादात्मकं वर्तते। उपनिषदीहते यज्जना मातुरराधका भवेयुरिति। तदर्थमेतदाशीर्वाक्यं प्रयुज्यते। साम्प्रतं मातृपदं विचारयामश्चेच्छास्त्रेषु मातृविषये अनेकधा वर्णनं प्राप्यते। क्वचित् षोडश मातरः, क्वचित् सप्त मातरः, क्वचिच्च पञ्च मातर इति। यथा–

स्तनदात्री गर्भधात्री भक्षदात्री गुरुप्रिया ।
अभीष्टदेवपत्नी च पितुः पत्नी च कन्यका ।।
सगर्भजा या भगिनी पुत्रपत्नी प्रियाप्रसूः ।
मातुर्माता पितुर्माता सोदरस्य प्रिया तथा ।
मातुः पितुश्च भगिनी मातुलानी तथैव च ।
जनानां वेदविहिता मातरः षोडश स्मृताः ।।

अन्यच्च –

आदौ माता गुरोः पत्नी ब्राह्मणी राजपत्निका ।
गावी धात्री तथा पृथ्वी सप्तैता मातरः स्मृताः ।।

अथर्ववेदीयपृथ्वीसूक्ते–

''माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः''– अथर्व.– पृ.सू. १२/१/१२

उपर्युक्तविवृत्त्या स्पष्टं भवति यच्छास्त्रेषु पृथ्वी अपि मातृत्वेन कीर्त्यते। एषा पृथ्वी स्थूलत्वगुणयुक्ता गन्धवती व्यापिका च। पृथ्वी, पृथिवी, मेदिनी, भूः, भूमिः, धरा, धरणी, धरित्री, धात्री, धारयित्री, भूतधात्री, जीवनधात्री, स्थिरा, अचला, क्षितिः, क्ष्मा, क्षौणी, ज्या, पृथुः, इला, विश्वम्भरा, रत्नगर्भा, रत्नावती, वसुमती, वसुधा, वसुन्धरा, अब्धिमेखला, सागरमेखला, जगद्वहा, जन्मभूमिः, भारती, माता, भुवनमाता, विश्वमाता चेत्यादिभिरभिधेयैः कीर्त्यते।

अस्माकं सनातनसंस्कृतौ अस्या महन्महत्त्वं वर्तते। जीवनजगतः सर्वस्यापि लोकव्यवहारस्य आधारभूता एषा पृथ्वी एव वर्तते। एषा समस्तचराचरप्राणिनां जीवनं संरक्षति। यतोहि जीवनस्य सम्यग्रूपेण सञ्चालनाय यानि तत्त्वानि उपयुक्तानि भवन्ति तेषामुत्पत्त्याधारः पृथ्वी एव वर्तते। यथा– जीवानां जीवनस्य कृते वायुर्जलम्, अन्नम्, आवासः स्वास्थ्यञ्च इत्येतानि मौलिकानि आवश्यकतत्त्वानि वर्तन्ते। एतेषां सम्भावना पृथ्वीं विना नोपपद्यते । अतः शास्त्रे स्वर्गादपि गरीयसीत्वेन समुच्यते –

अपि स्वर्णमयी लङ्का न मे लक्ष्यण! रोचते ।
जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।।

एका माता यथा स्वशिशुं गर्भे सन्धार्य स्वयमात्मनि कष्टं सोढ्वापि स्वसन्ततिं तज्जीवनञ्च संरक्षति तथैव एषा पृथ्वी मातापि अनेकानि कष्टं सोढ्वा जीवजगत् संरक्षति चराचरजीवनं सन्दधाति परिपालयति, समुपयुक्तव्यवस्थाञ्च परिकल्पयति। उच्यते हि लोके –

यस्माद्दधाति कः सृष्टिं तस्माद्धाता समुच्यते।
दधाति जीवनं तस्मात् पृथ्वी धात्रीति कीर्त्यते।।
सन्दधाति यतो धाता जगति विधिरूच्यते।
दधाति जीवनं तस्मात् पृथ्वी धात्रीति कीर्त्यते।।
सन्धारयन्ति यथा गर्भे मातरो निजसन्ततिम् ।
सन्दधाति पुनर्धात्री सन्ततं निजसन्ततिम् ।।
धारयति यथा स्वाङ्के मातरो निजसन्ततिम्।
रत्नमिव तथा धात्री धारयति स्वसन्ततिम् ।।
धारयति यथा गर्भे मातरो निजसन्ततिम्।
रत्नमिव तथा धात्री धारयति स्वसन्ततिम् ।।

यथा माता न कदापि स्वकष्टं स्वसन्ततये वदति तथैव एषा पृथ्वी मातापि स्वकष्टं न कदा. पि सन्ततिभ्यो बोधयति। यदि माता स्वकष्टं न वदेत् किन्तर्हि अस्माकं पुत्रपुत्रीणां वा किञ्चिदपि न दायित्वं वर्तते यत् तत्कष्टं ज्ञातुं यतामह इति। पृथ्वीमातुः कष्टानि अवलोकयामस्तावद् वयम् "मलमूत्रं त्यजामो, निष्ठीवनं कुर्मः, उच्छिष्टम् अपच्छिष्टम् अवकरञ्चेतस्ततः प्रक्षिप्य अस्याः सौन्दर्यं नाशयामः, आवासादिनिर्माणाय वनान् अतिकुर्मः, पृथ्व्याः अङ्के संरक्षितानां जीवजगतो रत्नभूतानां प्राकृतिकसंसाधनानां दुरुपयोगं कुर्मश्चेति।

पश्यन्तु! भारतस्य यशस्विनः प्रधानमन्त्रिणः श्रीनरेन्द्रमोदिनः पृथ्वीमातुः कष्टमनुभूय स्वच्छताभियानम् सञ्चालयन्ति। यस्याभियानस्यान्तर्गतत्वेन स्वयमपि सम्मार्जनीं सङ्गृह्य स्वच्छतां कुर्वन्ति, अन्यानपि प्रेरयन्ति, स्वच्छताकर्मिभ्यः समुचितं सम्मानं ददति दापयन्त्यपि। तद्वत् संस्कृतमातुः सौन्दर्यं नष्टं न भवेत्तस्याः समृद्धिः कथं वा भवेत्तदर्थं स्वच्छभाषाभियानं सञ्चालयन्ति। ते संस्कृतभाषायाम् आगताः अस्वच्छताः (आगतान् दोषान्) स्वच्छीकुर्वन्ति। यस्मान्मातुः सुरभारत्याः सौन्दर्यं न नश्येत् गङ्गामातृवच्चाविरलतया अस्याः प्रवाहः

चतुर्षु दिक्षु प्रवहेत। तद्वद् अनेकाः संस्थाः संस्कृतप्रचारप्रसाराय यतन्ते। अद्यत्वे प्राविधिकसहाय्येन बहव्यः संस्थाः संस्कृतहितं, तद्गतरत्नभूतशास्त्रसंरक्षणं, छात्रेभ्योऽध्यापकेभ्यश्च मार्गदर्शनं कुर्वन्ति। तेषु अन्यतमानां नामानि यथा– संस्कृतं भारतम्, विश्वसंस्कृतकुटुम्बकम्, संस्कृतरसास्वादः, संस्कृतशिक्षणम्, स्ववर्णीप्रकाशः, संस्कृतामृतम्, संस्कृतभाषी च तथा अन्या अपि संस्थाः स्युर्याश्च मम संविज्ञाने न सन्ति।

परं वयं भारतीयाः बहुविचित्राः। वयं चिन्तयामो यदेतत्स्वच्छतादायित्वं केवलं श्रीनरेन्द्रमोदिनां, तत् सर्वकारस्य, स्वच्छताकर्मिणां सामाजिकसंस्थानाञ्च एव। तद्वदेव भाषास्वच्छता केवलं स्वच्छभाषाभियानिनामेव वर्तते नास्मदीयमिति। अत्र जनेभ्योऽस्मदीयाः प्रश्नाः वर्तन्ते–

१. किं पृथिव्यां (भारते) नरेन्द्रमोदिनः स्वच्छताकर्मिणः सामाजिकसंस्थासहयोगिनः अथ च संस्कृतक्षेत्रे स्वच्छभाषाभियानिन एव निवसन्ति वा ?
२. त एव पृथिव्या संस्कृतेन च उपकृता वर्तन्ते वा ?
३. वयं कदा मातृभक्ता भवेम ?
४. वयं कदा उपनिषद्वाक्योद्घोषं परिपालयेम ?
५. वयं कदा नैजं स्वार्थं परित्यज्य मातृसेवाव्रतिनो भवेम ?
६. वयं कदा मातृहितचिन्तका भवेम ? ''मातृदेवो भव'' इति ।
७. वयं कदा ''माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः'' इति वेदवाक्यं सगर्वं स्वहृदये सन्धारयेम ?
८. वयं कदा चिरकालनिद्रातः जागृता भवेम ?
९. वयं कदा मातृकष्टमनुभवेम ?
१०. वयं कदा मातृकष्टं निवारयेम ?

इत्यादयो नैके प्रश्नाः सदाऽस्मान् उद्वेलयन्ति। एतेषां समाधानं प्रस्तूयते। तद्यथा–

१. किम् अस्माकं जीवनं स्वोदरपूर्त्यै एव वर्तते ?
२. अस्माकं लक्ष्यम् उदरपूर्तिमात्रं वा ?
३. अस्माकमपि किञ्चिद्दायित्वं वर्तते वा ?
४. वयं कथम् उपनिषद्वाक्यं सार्थकं कुर्याम ?
५. मातरं प्रति कथम् उपेक्षाभावं विहाय आदरभावनां तनुमः ?

इत्यादीनां प्रश्नानाम् उत्तरं समाधानं वा यदि स्वस्मिाआत्मनि अन्विषामस्तर्हि समाधानं प्राप्स्यामो वयम्। स्मर्तव्यमस्माभिरस्मदीयशास्त्रानुसारं जीवने जागरणात् पश्चात् भवतु नाम वयं न परिपालयेम परम् अस्मत्कर्म पृथिवीवन्दनेन आरभते। यथा–

समुद्रवसने देवि पर्वतस्तनमण्डले।
विष्णोः पत्नि नमस्तुभ्यं पादस्पर्शं क्षमस्व मे।।

उच्यते हि लोके–

पृथ्वीमातृसमा नास्ति माता काचिद्गरीयसी।
लौकिक्यो मातरो ह्यन्या एषैव पारमार्थिकी।।
पृथ्वीमातापि मातेव वन्द्या भवति सर्वदा।
पृथिवीसेवनं कृत्वा भवेम मातृसेवकाः ।।

यदि वयं मातुः कष्टं हितञ्च चिन्तयिष्यामस्तर्हि अस्मत्सु पुत्रत्वं संरक्षितं भवति नान्यथा। यतोहि पुत्रस्य व्युत्पत्तिरेवमेव वर्तते शास्त्रेषु –

"पुन्नाम्नो नरकात् त्रायते योऽसौ पुत्रः" ।

नरकपदेनात्र दुःखं कष्टं वा ग्राह्यम्। यदि मातृदुःखं वयं चिन्तयामस्तर्हि पुत्रत्वम् अन्यथा पशुत्ववत् श्मसानतुल्यञ्च अस्मज्जीवनम्। उच्यते हि –

यत्र न देशोद्धृतकामनास्ते न मातृभूमेर्हितचिन्तनञ्च।
न राष्ट्ररक्षा बलिदानभावः श्मसानतुल्यं नरजीवनं तत् ।।

अन्यच्च–

जिनको न निजमाता तथा मातृभूमिगौरव का भान है ।
वह नर नहीं, वह पशु निरा तथा मृतक समान है ।।

यदि वयं मातृदुःखमपहरामस्तर्हि मन्मतौ अधोलिखितवेदवाक्यस्य भविष्यामो वास्तविकाधिकारिणः–

"माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः" इति शम् ।

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम्।
वृणते हि विमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव संपदः।।

अचानक आवेग में आकर बिना सोचे समझे कोई भी काम नहीं करना चाहिए क्योंकि अविवेक ही सबसे बड़ी विपत्तियों का घर होता है। इसके विपरीत जो व्यक्ति सोच–समझकर कार्य करता है, गुणों से आकर्षित होकर लक्ष्मी उन्हें स्वयं चुनती हैं।

वर्तमानयुगे भारतीयसंस्काराणां महती आवश्यकता

डॉ. वन्दना रानी
सहायक आचार्या, संस्कृत–विभागः

मानवः सामाजिकः प्राणिः कथ्यते एवं मानवान् सामाजिकः कर्तुं संस्कृत्याः बहुमूल्येषु उपादानेषु संस्काराः अनुपमाः वर्तन्ते। आद्ये समये नवजातः न तु सामाजिकः न च असामाजिकः भवति अपितु पशुवत् एकः जैविकी इकाई भवति। ये परिष्करणमाध्यमेन जीवनादर्शान् प्रति उन्मुखी कृत्वा तान् सामाजिकाः सम्पादयन्ति ते एव संस्काराः। एवं संस्काराः एव जनान् सभ्याः असभ्याश्च सम्पादयन्ति। अतः यदि अद्यतनस्य समाजः सभ्यसमाजः अस्ति तर्हि संस्काराणाम् उपयोगिता कथं न्यूना भवितुमर्हति!

संस्काराः परिष्करणस्य अनुशासनस्य च अन्तः साधनाः सन्ति ये सामाजिक–नैतिकोच्चादर्शान् प्रति स्वाभाविकीं प्रेरणां यच्छन्ति। अन्तःप्रेरणा सर्वदा बाह्यसाधनानाम् अपेक्षा प्रभावकारी भवति। आधुनिकसमाजे सर्वकारनिर्मिताः संवैधानिकनियमाः परिष्करणस्य सामाजिकानुशासनस्य च साधनाः जाताः सन्ति। आत्मप्रेरणायाः अभावे केवलं भयमात्राधारितानि एतानि बाह्यसाधनानि सामाजिकताः नैतिकताः एवम् उच्चादर्शान् प्रति जनान् प्रेरयितुं प्रायः निष्प्रभाविनाः सिद्धयन्ति येषां ज्वलन्तप्रमाणानि सन्ति– आतङ्कवादः, पृथक्तावादः एवं पारिवारिकविखण्डनसदृशि समस्यायाः विस्फोटः। अतः संवैधानिकनियमानां सम्यग्पालनार्थमपि संस्कारेण सुसंस्कृतमनसः एव आवश्यकता भवति। भारतीयसंस्काराः मूलतः सामाजिक–सांस्कृतिक–नैतिकमूल्यानां नियामकाः, अतः इदानीं तेषां महती आवश्यकता वर्तते।

संस्काराः विविधप्रतीकात्मकक्रियायाः सामूहिकाभिव्यक्त्या सहभागिता, समन्वयवादिता, समायोजनं चापि शिक्षयन्ति ये आधुनिकवैश्वीकरणस्य मूलाधारभूताः सन्ति। एतेषां विहीनः वैश्वीकरणः सामाजिकविषमताः जनयन्ति, जनान् परमार्थस्थाने स्वार्थं, सामाजिकतास्थाने व्यक्तिवादं च शिक्षयन्ति। वस्तुतः संस्काराः एव मानवान् सामाजिक–सांस्कृतिकमूल्यान् प्रति संवेदनशीलः करोति। इत्थं व्यक्तित्त्वस्य विकासेन मानवानां कल्याणं सम्पद्य विश्वसमाजेन सह जनान् सामञ्जस्यस्थापनं शिक्षयन्ति। अतः वैश्वीकरणस्य आधुनिकयुगसन्दर्भेऽपि संस्काराणाम् उपयोगिता अन्यूना एव।

विविधाः संस्काराः प्रायः भावव्यञ्जकाः प्रतीकात्मकाः अनुष्ठानाः च भवन्ति येषां मुद्रायां इङ्गितेषु च बहुविधवैज्ञानिकता समाहिता वर्तते। उदाहरणार्थं– जलं सृष्टिशक्त्याः प्रतीकः जीवनाधारः च इति ज्ञातमेव। आद्ये क्षणे पृथिव्यां केवलं जलमेवासीत्। अद्यापि जलस्य अतिवृष्टिरनावृष्टिश्च प्रलयं मङ्गलं वा सम्पादयितुं समर्थः। जलस्य एतदेव महत्त्वस्य प्रतीकरूपेण यज्ञसंस्कारादिसमये जलस्य कल्याणकारिता, शीतलता, पवित्रतादि एतादृशमेव महत्त्वस्य प्रतीकरूपेण यज्ञसंस्कारादिसमये जलकलशस्य विधानं कृतमस्ति। विवाहसंस्कारावसरे कन्यायाः पिता वरहस्ते जलकलशं प्रदाय तयोः जीवने एतादृशा एव शीतलता, पवित्रतादि

कामयन् कन्यादानस्य सङ्कल्पं करोति। ये एतादृशान् वैज्ञानिकरहस्यान् न जानन्ति तैः सांस्कारिककर्मकाण्डानां एतादृशः स्वरूपः पाखण्डमात्रः कथ्यन्ते। एतादृशी मानसिकता वस्तुतः अधुनातनजनानां चिन्तनशक्त्याः, समग्रतावादीदृष्टेष्व अभावस्य परिचायकः खलु। अत्रैव इदमपि सत्यं यत् संस्काराणां प्रायोगिकस्वरूपस्य परिवर्तितजीवनेन सह तार्किकसामञ्जस्यस्यापि आवश्यकता वर्तते। जनानां जीवनशैली परिवर्तिता जाता। अतएव आधुनिके मनोवैज्ञानिकवातावरणे पौरोहित्यमूलक–अतिशयकर्मकाण्डप्रधानसंस्काराणां स्थाने सामाजिकविज्ञानदृष्ट्या तर्कनिष्ठव्यवहारिकस्वरूपस्य च आवश्यकता विद्यते। अस्मिन् सन्दर्भे आर्यसमाजस्य सनातनधर्मसभायाः ब्रह्मसमाजादेः च भूमिका प्रशंसनीया वर्तते। अत्र ध्यातव्यः अस्ति यत् संस्काराणां रूढिवादी अप्रासङ्गिकस्वरूपः एव समीक्ष्यः न तु एतासाम् उपयोगिता उद्देश्यश्च।

अतः इत्थं स्पष्टमस्ति यत् संवेदनाहीनोपभोक्तावादी आधुनिके भौतिकयुगे न केवलं भारतीयसंस्काराणाम् उपयोगिताऽस्ति अपितु मानवतायाः कल्याणाय निरन्तरम् अमृतवर्षां कर्तुं भारतीयसंस्काराः एव समर्थाः खलु।

प्रदोषे दीपकश्चन्द्रः प्रभाते दीपको रविः।
त्रैलोक्ये दीपको धर्मः सुपुत्र कुलदीपकः।।

शाम का दीपक चन्द्रमा होता है, सुबह का दीपक सूर्य होता है, तीनों लोकों का दीपक धर्म होता है और कुल का दीपक सुपुत्र होता है।

यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा शास्त्रं तस्य करोति किम् ।
लोचनाभ्यांविहीनस्य दर्पणः किं करिष्यति।।

जिस प्रकार से अन्धे व्यक्ति के लिए दर्पण कुछ नहीं कर सकता, उसी प्रकार से विवेकहीन व्यक्ति के लिए शास्त्र भी कुछ नहीं कर सकते।

महात्मा गांधी और संस्कृत

डॉ. राजेश कुमारः
सहायक आचार्यः (अतिथि)
संस्कृत–विभागः

इस समय देश में आजादी का अमृत महोत्सव का कार्यक्रम चल रहा है। इस राष्ट्र व्यापी कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मार्च 2021 को अहमदाबाद में किया था। निर्धारित कार्यक्रम में अमृत महोत्सव 15 अगस्त 2022 से 75 सप्ताह पूर्व प्रारंभ हुआ और यह कार्यक्रम 15 अगस्त 2023 तक चलेगा। किसी भी राष्ट्र के लिए आजादी के 75 वर्ष में होना अपने आप में बहुत बड़ी उपलब्धि है। इसी आजादी के लिए लाखों–करोड़ों लोगों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। इन आजादी की लड़ाई के प्रमुख नायकों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का योगदान अविस्मरणीय है। गांधीजी के लिए राजनीति का लक्ष्य सत्ता पाना नहीं था बल्कि एक नैतिक समाज का निर्माण करना था। गांधीजी की नैतिकता सनातन धर्म पर आधारित नैतिकता थी। हम सभी जानते हैं कि गांधीजी की सबसे प्रिय पुस्तक संस्कृत में लिखी गई श्रीमद्भगवद्गीता है। गांधीजी श्रीमद्भगवद्गीता को माता की तरह मानते थे। गांधी जी ने स्वयं कहा है कि गीता शास्त्रों का दोहन है। मैंने कहीं पढ़ा था कि सारे उपनिषदों का सार उसके 700 श्लोकों में आ जाता है। इसके लिए निश्चय किया कि कुछ ना हो सके तो गीता के ज्ञान प्राप्त कर लो। आज गीता मेरे लिए केवल बाइबल ही नहीं केवल कुरान ही नहीं है, मेरे लिए माता हो गई है। मुझे जन्म देने वाली माता तो चली गई, पर संकट के समय गीता माता के पास जाना मैं सीख गया हूं। मैंने देखा है कि जो कोई गीता माता की शरण में जाता है उसे अमृत की तरह तृप्ति मिलती है।[1]
गीता महात्म्य में यह श्लोक कहा जाता हैः–

सर्वोपनिषदो गावो दोग्धा गोपालनन्दनः।
पार्थो वत्सषः सुधीर्भोक्ता दुग्धं गीतामृतं महत्।

अर्थात् गीता को सभी उपनिषदों का निचोड़ कहा गया है– सभी उपनिषद् गाय हैं और कृष्ण दूध निकालने वाले दोग्धा। अर्जुन बछड़ा हैं और उससे निकालने वाला दूध गीता रूपी अमृत है। सुधीजन दुग्धपान करने वाले हैं। महात्मा गांधी को बीस वर्ष की अवस्था में श्रीमद्भगवद्गीता से परिचय हुआ। उसके बाद से श्रीमद्भगवतगीता आजीवन पथ प्रदर्शक, मार्गदर्शक रही और माता के रूप में सदैव वात्सल्य प्रेम का आशीर्वाद मिलता रहा। गांधी जी ने अनासक्ति योग नाम से गीता की गुजराती भाषा में टीका भी लिखी। यही कारण है कि गांधीजी ने बार–बार कहा है कि संस्कृत का अध्ययन प्रत्येक भारतीयों को करना चाहिए। गांधी जी एक जगह कहते हैं कि – संस्कृत का अध्ययन करना प्रत्येक भारतीय विद्यार्थी का कर्तव्य है। हिंदुओं का तो है ही मुसलमानों का भी है क्योंकि आखिर उनके पूर्वज राम और कृष्ण ही थे। और अपने पूर्वजों को जानने के लिए संस्कृत सीखनी चाहिए।[2] गांधीजी यह विचार राष्ट्रीय शिक्षा

परिषद् की बैठक में हरिद्वार में 20 मार्च 1927 को दिए अपने भाषण में व्यक्त किया था। उन्होंने आगे कहा कि मुझे अपनी विरासत और अपने पूर्वजों पर गर्व है जिन्होंने भारत को भौतिक एवं सांस्कृतिक ऊंचाइयां प्रदान की। आप इस अतीत के बारे में कैसा अनुभव करते हो? क्या आपको लगता है कि आप भी उस वि. रासत में सहभागी और उसके उत्तराधिकारी हैं और इसलिए ऐसी किसी वस्तु पर आपको गर्व है जो जितनी मेरी है उतनी ही आपकी भी है? या आप उसके लिए अपने को पराया समझते हो। अजनबी जैसे उसकी बगल में गुजर जाते हो आप मुसलमान हो और मैं हिंदू हूं हमारे अलग–अलग धर्म हो सकते हैं किंतु इस कारण से हम अपने सांस्कृतिक विरासत से वंचित नहीं हो सकते हैं। जो आपकी भी और मेरी भी है।[2]

आमतौर पर हम सब देखते हैं कि बचपन में संस्कृत के प्रति किसी का भी अनुराग कम ही होता है। गांधी जी को भी बचपन में संस्कृत के प्रति कोई रुचि नहीं थी किंतु एक अध्यापक कृष्णशंकर के समझाने बुझाने पर उन्होंने संस्कृत की कक्षा में बैठना शुरू किया। गांधीजी अपने सभी परिचितों और सहयोगियों से संस्कृत सीखने का आग्रह करते थे। भारत की विचारधारा में संस्कृत की महत्ता को समझते हुए उन्होंने कहा था कि मेरी राय में धार्मिक बातों से संस्कृत का उपयोग करना छोड़ा नहीं जा सकता। अनुवाद कितना ही शुद्ध क्यों न हो किन्तु वह मूल मंत्रों का स्थान नहीं ले सकता। मूल मंत्रों की अपनी एक विशेषता है जो अनुवाद में नहीं आ सकती।[3]

गांधीजी का स्पष्ट मानना था कि हिंदू धर्म, हिंदू संस्कृति तथा संस्कृत भाषा का एक दूसरे से अत्यन्त घनिष्ठ सम्बन्ध है। उनका कहना था कि– संस्कृत भाषा और संस्कृत साहित्य का अध्ययन यथेष्ट मात्रा में ना चलता रहा तब हिंदू धर्म का नाश हो जाएगा। मौजूदा शिक्षा पद्धति की कमियों के कारण ही संस्कृत सीखना कठिन मालूम होता है असल में यह कठिन नहीं है।[4] अपने बड़े पुत्र हरिलाल को गांधी जी ने अंग्रेजी फ्रेंच भाषाओं का मोह छोड़कर संस्कृत सीखने की सलाह दी थी। उन्होंने अपने पत्र में लिखा था कि संस्कृत भाषा का ज्ञान से सब भारतीय भाषाओं को जानने का द्वार खुल जाता है। उसको तुमने अपने हाथ से बंद कर दिया। तुमने फिर भी फ्रेंच की चर्चा छेड़ी है इसलिए इतना लिख रहा हूं कि अगर तुम अब भी सोच विचार छोड़ दो और संस्कृत पढ़ो और उसके निजी अभ्यास के लिए 7 के बदले 8 रूपये भी खर्च करो तो मुझे प्रसन्नता होगी।

गांधीजी ने स्वयं ही संस्कृत सीखने में आने वाली जटिलताओं को देखा था इसलिए अपनी आत्मकथा में उन्होंने इसकी चर्चा करते हुए कहा है कि "भूमिति की अपेक्षा संस्कृत ने मुझे अधिक परेशान किया। भूमिति में रटने की कोई बात थी ही नहीं, जबकि मेरी दृष्टि में संस्कृत में तो सब रटना ही होता था। यह विषय भी चौथी कक्षा से शुरू हुआ था। छठी कक्षा में मैं हारा। संस्कृत शिक्षक बहुत कड़े मिजाज के थे। विद्यार्थियों को अधिक सिखाने का लोभ रखते थे। संस्कृत वर्ग और फारसी वर्ग के बीच एक प्रकार की होड़ रहती थी। फारसी सिखाने वाले मौलवी नरम मिजाज के थे। विद्यार्थी आपस में बात करते थे कि फारसी तो बहुत आसान है और फारसी शिक्षक बहुत भले हैं। विद्यार्थी जितना काम करते हैं उससे वे संतोष कर लेते हैं। मैं भी आसान होने की बात सुनकर ललचाया और एक दिन फारसी के वर्ग में जा बैठा। संस्कृत शिक्षक को बहुत दुख हुआ। अपनी आत्मकथा सत्य के प्रयोग में उन्होंने स्वीकार किया है कि जब विधिवत एवं ध्यान पूर्वक उन्होंने संस्कृत सिखाने पर अपना ध्यान केंद्रित किया तो वे

संस्कृत को अच्छी तरह से सीख सके। महात्मा गांधी ने अपने विद्यार्थी जीवन की संस्कृत पठन–पाठन की रोचक कथा को आगे बढ़ाते हुए वे लिखते हैं– संस्कृत शिक्षकों को दुख हुआ। उन्होंने मुझे बुलाया और कहा कि यह समझ तू किनका लड़का है। क्या तू अपने धर्म की भाषा नहीं सीखेगा। तुझे कोई कठिनाई हो तो मुझे बता, मैं तो सब विद्यार्थियों को बढ़िया संस्कृत सिखाना चाहता हूं। आगे चलकर उसमें रस के घूंट पीने को मिलेंगे। बड़े हो जाने पर उन्होंने अपने संस्कृत ज्ञान के लिए अपने शिक्षकों को धन्यवाद किया है। अपनी आत्मकथा में महात्मा गांधी लिखते हैं– आज मेरी आत्मा कृष्णशंकर पांडेय का उपकार मानती है क्योंकि जितनी संस्कृत में वह उस समय सीखा उतनी भी न सीखा होता तो आज संस्कृत शास्त्रों में जितना रस ले रहा हूं, उतना भी नहीं ले पाता। मुझे तो इस बात का पश्चाताप होता है कि मैं संस्कृत अधिक न सीख सका, क्योंकि बाद में मैं समझा कि किसी भी हिंदू बालक को संस्कृत का अच्छा अभ्यास किए बिना रहना ही नहीं चाहिए।[5]

इस प्रकार हम देखते हैं कि गांधी जी ने देश की सामाजिक और राजनीतिक जरूरतों को सर्वोपरि रखकर राष्ट्रभाषा हिंदी को पूरे देश में पढ़ाए जाने की वकालत की। बालकों के कोमल मन एवं मातृत्व को सर्वोपरि रखकर उन्होंने मातृभाषा को उचित स्थान दिए जाने की भी बात कही। इसके साथ साथ संपूर्ण विश्व के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की आवश्यकताओं को समझते हुए अंग्रेजी भाषा का ज्ञान बालकों को दिए जाने का भी मार्ग उन्होंने हमेशा प्रशस्त किया। भारतीय संस्कृति के गौरवशाली अतीत, देश की अस्मिता और अपनी पहचान से कोई समझौता न करते हुए भी गांधी जी दिखते हैं। इसीलिए उन्होंने संस्कृत के पठन–पाठन को प्रोत्साहित किए जाने के प्रति उत्सुक बने रहें।

हम सबको पता है कि वेद, उपनिषद्, पुराण, रामायण, महाभारत में संरक्षित एवं संचित ज्ञान का अथाह भंडार है। यह सम्पूर्ण प्राचीन ज्ञान संस्कृत में है। वेद, पुराणों में संकलित ज्ञान अपनी विशिष्टता, मौलिकता एवं वैज्ञानिकता के कारण आज पूरे संसार को आकर्षित कर रहा है। जिनका विश्व के विभिन्न भाषाओं में अनुवाद किया जा रहा है। लोग उसको पढ़ रहें हैं, समझ रहें हैं और उसपर चलने का प्रयास कर रहे हैं।

महात्मा गांधी के संस्कृत प्रेम के जानने समझने के बाद यह जानना भी जरूरी है कि महात्मा गांधी पर संस्कृत में सैकड़ों किताबें लिखी गई। उनमें से कई प्रमुख किताबें बहुत प्रामाणिक एवं प्रसिद्ध हैं। जिसमें गांधी के जीवन दर्शन, राजनीतिक दर्शन, सामाजिक दर्शन को बहुत ही अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया गया है। गांधीजी के 40 वर्षों के राजनीतिक जीवन को संस्कृत के विद्वानों ने भी अपने तरह से प्रस्तुत किया है। गांधी जी के व्यक्तित्व में ऐसा आकर्षण था कि कोई भी व्यक्ति उनसे मिलने के बाद उनसे प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता था। इसलिए संस्कृत की प्रसिद्ध कवयित्री पंडिता क्षमाराव गांधी जी के सत्याग्रह आंदोलन से प्रभावित हुई और उसमें भाग लेने के लिए गांधी जी से मिली। गांधी जी ने उन्हें आन्दोलन में जीवन लगाने से मना किया। फिर भी पंडिता क्षमाराव ने गांधी जी के जीवन से प्रभावित होकर तीन पुस्तकों की रचना की जिसमें (1) सत्याग्रहगीता (2) उत्तरसत्याग्रह गीता और (3) स्वराजविजय शामिल है। सत्याग्रह गीता में अफ्रीका में गांधी जी के द्वारा चलाए गए हिंसक आंदोलनों से लेकर 1931 में गांधी इरविन पैक्ट तक के रोमांचक विवरण काव्य शैली में निबद्ध है। उत्तरसत्याग्रह गीता

नामक काव्य में सन् 1931 से लेकर सन् 1944 तक गांधी जी का जीवन और भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन का इतिहास चित्रित किया गया है। वहीं स्वराजविजय नामक काव्य में गांधीजी के समग्र जीवन के साथ–साथ भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन का इतिहास चित्रित किया गया है। पंडिता क्षमाराव का यह महाकाव्य पेरिस से 1932 में प्रकाशित हुआ। भारत में अंग्रेजी शासन के दौरान राष्ट्रीय आन्दोलन की घटनाओं के वर्णन वाले ग्रंथ का प्रकाशन प्रतिबंधित था। परन्तु इससे पहले पंडित श्रीचारुदेव शास्त्री जी ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायक महात्मा गांधी के चरित्र का यशोगान किया है। श्रीचारुदेव शास्त्री जी गांधी जी के समकालीन थे। कई बार स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलन में गांधी जी से मिलना हुआ था। श्रीचारुदेव शास्त्री जी भी गांधी जी के जीवन दर्शन से अत्यधिक प्रभावित थे। इसलिए उन्होंने अपने श्रीगांधीचरितम् नामक ऐतिहासिक गद्य काव्य के कुल छह परिच्छेदों में गांधीजी के वंश परम्परा, जन्म, अध्ययन के लिए विदेश गमन, अफ्रिका गमन, सत्याग्रह, सहकारिता, कारावास, भाषण, अनशन, नमक विधान का विरोध, दांडी यात्रा आदि विविध विषयों पर विस्तार से चर्चा की। इस ग्रंथ में 40 उपविभाग है और उन तमाम विषयों की चर्चा की गई है जिनका गांधी जी एवं उनके स्वतंत्रता आन्दोलन से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सम्बन्ध रहा है। इस गद्य काव्य के अंत में यह प्रतिज्ञा की घोषणा की गई है कि गांधी जी के निर्णायक और कुशल नेतृत्व में भारत को अवश्य स्वतंत्रता प्राप्त होगी। यह गद्य काव्य 1930 में लाहौर से प्रकाशित हुआ था।

अंत में निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि गांधी जी की प्रेरणा से जेल में रहते हुए सरदार पटेल ने श्रीपाद दामोदर सातवलेकर की संस्कृत शिक्षक के 24 खंडों को मंगाकर संस्कृत सीखा। गांधी जी के अधिकांश वरिष्ठ सहयोगी एवं अनुयायी संस्कृत प्रेमी थे। जिनमें आचार्य विनोबा भावे, राजेन्द्र प्रसाद, कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी आदि प्रमुख थे।

संदर्भ सूचीः–

1. अंतिम जन, वर्ष–2, अंक 7, संख्या 7 मई–अगस्त 2019, पृष्ठ–83
2. सम्पूर्ण गांधी वाङ्मय, खंड 33, पृष्ठ–185
3. गांधीजी (2008) मेरे सपनों का भारत, पृष्ठ–225
4. वही, पृष्ठ 223
5. गांधी, मोहनदास करमचंद (2008) सत्य के प्रयोग, राजपाल एंड संस, दिल्ली, पृष्ठ–19

अन्यायोपार्जितं वित्तं दश वर्षाणि तिष्ठति।
प्राप्ते चैकादशेवर्षे समूलं तद् विनश्यति।।

अन्याय या गलत तरीके से कमाया हुआ धन दस वर्षों तक रहता है। लेकिन ग्यारहवें वर्ष वह मूलधन सहित नष्ट हो जाता है।

वास्तुशास्त्र के प्रमुख ग्रंथ व ग्रंथकार

डॉ. रेणु बाला
अतिथि प्रवक्ता, संस्कृत विभाग

पृथिवी पर सम्यक् रूप से अनुकूलन के साथ निवास बनाने की विद्या को वास्तुविद्या कहते हैं। समरांगणसूत्रधार नामक वास्तुग्रंथ में कहा गया है कि पृथिवी मुख्य वास्तु है। उस पर जो उत्पन्न होते हैं उनके निवास हेतु जो प्रसाद आदि बनाए जाते हैं वह भी वास्तु कहे जाते हैं। वास्तुविद्या को ही वास्तुशास्त्र, शिल्पशास्त्र और स्थापत्य वेद भी कहते हैं।

वास्तुशास्त्र का मुख्य अभिप्राय है निवास के लिए उपयुक्त स्थान। कोई भी प्राणी जहां भी निवास करता है वह उसका वास्तु है। वास्तु के अनेक भेद होते हैं यथा गृह, देवालय, जलाशय, ग्राम, पुर आदि। वास्तु के मूलभूत वेद, वेदांग, पुराण और आगमग्रंथों में प्राप्त होते हैं। वास्तुशास्त्र का विशेष रूप से ज्योतिष और कल्प साथ घनिष्ठ संबंध है। शुल्बसूत्रो में जब यज्ञ वेदी का निर्माण किया गया तो उस समय वास्तुशास्त्र का सर्वाधिक वर्णन प्राप्त हुआ है। अतः शूल्बसूत्रों में यज्ञ वेदी की परिकल्पना इस शास्त्र की आधारशिला बनी।

अथर्ववेद का उपवेद स्थापत्य वेद ही आगे जाकर वास्तुशास्त्र के रूप में जाना गया। स्थापत्य वेद में मनुष्य के लिए गृह, ग्राम, नगर आदि का वर्णन है जो सामान्य जन से संबंधित था। राजा के लिए उससे संबंधित राजप्रसाद और सार्वजनिक रूप से धार्मिक स्थान जलाशय, वापी, कूप, तालाब, मंदिर आदि का वर्णन किया गया है। इन सब का समाहार स्थापत्य शास्त्र में प्राप्त होता है। वास्तु शब्द निवास अर्थ वाली वस् धातु के साथ तुन् प्रत्यय करने पर बनता है जिसका अर्थ है निवास योग्य स्थल, भूखंड या गृह। वेद में वास्तु पद का अर्थ निवास या गृह है। अथर्ववेद में सुवास्तु शब्द आया है जिसका अर्थ शोभन गृह है और अवास्तु शब्द भी प्राप्त होता है जिसका अर्थ गृह का अभाव है। यजुर्वेदसंहिता में यज्ञ वास्तु के अर्थ में आया है।आपस्तबश्रौतसूत्र, पारस्करगृह्यसूत्र आदि ग्रंथों में वास्तु का अर्थ सामान्य आवास है। रामायण और महाभारत में इसे भवन निर्माण का बोधक माना है। मत्स्यपुराण में देवताओं के निवास के लिए भी वास्तु शब्द आया है और कहा गया है जो देवताओं के मंदिर हैं वहीं वास्तु हैं। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में गृह, क्षेत्र, बगीचा, सेतु, तालाब आदि के लिए वास्तु शब्द का प्रयोग हुआ है। कामिका तंत्र में विमान, प्रसाद आदि के भवनों के रूप में वास्तु शब्द प्राप्त होता है। स्वतंत्र रूप से वास्तुशास्त्र के ग्रंथ की रचना कालांतर में होने लगी थी। अपराजितपृच्छाग्रंथ में वास्तुशास्त्र की पूर्णतया चर्चा हुई। यहां ग्राम, नगर आदि के लिए वास्तु शब्द आया है। मायादानव रचित मायामतम् में भूमि के लिए वास्तु शब्द का प्रयोग हुआ है। मानसार ग्रंथ में देव–मनुष्यों के भवनों और भूमि के लिए भी इस शब्द का प्रयोग हुआ है।

ऋग्वेद में गृह के लिए अनेक शब्द प्रयोग हुए हैं जैसे शरण, शर्म, वरूथ्य, सदन, दुरोण आदि। यजुर्वेद के लिए कुंड शब्द मंडप के निर्माण में प्रयुक्त हुआ है। अथर्ववेद के संपूर्ण शालासूक्त में भवन निर्माण का वर्णन स्पष्ट रूप से किया गया है। इसी कारण अथर्ववेद के उपवेद के रूप में स्थापत्य को माना गया। शतपथब्राह्मण में यज्ञ आदि के प्रसंग में चिति निर्माण, ईटों का निर्माण, उनका आकार –प्रकार, मापन आदि का वर्णन विस्तृत रूप से हुआ है जो कि संपूर्ण रूप से वास्तु का विषय है। वैदिक संहिता में अनेक स्थलों पर वास्तु शब्द का प्रयोग किया गया है यथा धार्मिक कर्मकांड में यज्ञ वेदी के निर्माण में, ईटों के निर्माण में, उसके प्रयोग में जनोपयोगी प्रसाद का निर्माण, राज प्रसाद या जन गृह आदि के निर्माण में। ऋग्वेद में ग्राम शब्द का प्रयोग अनेक स्थलों पर मिलता है। पाषाण से निर्मित दुर्गों का वर्णन भी प्रयुक्त हुआ है। 'अश्मयी 'नाम से लोहनिर्मित पुर का भी वर्णन है जिसे 'आयसीपुः' कहा गया। ऋग्वेद में एक स्थान पर 'सहस्त्रस्थाणु' भवन का उल्लेख है ।'वास्तोष्पति' गृहरक्षक देव है। उनके पूजन से निरोगता, धन संपत्ति की प्राप्ति, पशु रूपी संपत्ति की प्राप्ति होती है। ऋग्वेद में निवास के अर्थ में प्रयुक्त गृह के 30 नाम आए हैं। निघंटु ने गृह के लिए 20 नाम बताए हैं ।इस प्रकार वेद से लेकर संस्कृत साहित्य तक वास्तु शब्द की प्राप्ति अनेक जगह हुई है। यह प्रमाणित करता है कि वास्तुशास्त्र एक प्राचीन शास्त्र है।

भारतीय दर्शन में निराकार और साकार दो परंपराएं प्राप्त होती है। भारतीय दर्शन मानता है कि कण–कण में ब्रह्म विद्यमान है और वह निराकार है। साधारण मनुष्य का उस स्तर तक जाना अत्यंत कठिन है। इस हेतु एक भौतिक स्वरूप की कल्पना करना आवश्यक है, क्योंकि मनुष्य का मन किसी एक पिंड में ही केंद्रित हो सकता है। इसीलिए दिव्य शक्तियों से युक्त एक ऐसे देवता की कल्पना की गई। वास्तुपुरुष का आगमपुराण में वर्णन है कि यह एक आधारभूत देव है जिसके ऊपर ब्रह्मा, इंद्र, सूर्य इत्यादि 45 देवताओं की स्थिति है। 45 देवताओं के स्वरूप से मिलकर एक संपूर्ण वास्तु की कल्पना की गई जो किसी भी निर्माण करने वाले व्यक्ति का कल्याण करता है। वास्तुशास्त्र के उद्भव की कथा पुराणों में मिलती है। अंधकासुर नामक एक राक्षस था। उसका विनाश करना आवश्यक था। इस हेतु शिव का उसके साथ युद्ध हुआ। लंबे समय तक चले उस युद्ध से शांत हुए उनके ललाट से पसीने की एक बूंद गिरी और वह बूंद एक पुरुष के रूप में प्रकट हुई और विस्तार लेने लगी। एक प्रकाश पुंज के रूप में फैलने लगी जिस ने अंधकासुर का वध किया और अंधकार का नाश हुआ। लेकिन उस पुरुष का विस्तार नहीं रुका। वह बढ़ता गया और उसके विस्तार को देखकर देवता चिंतित हुए। ब्रह्मा जी ने कहा कि उसे रोका जाए।तब सभी देवताओं ने जकड़ लिया ।उसे उल्टा लिटा दिया और उसके विभिन्न अंगों पर विराजमान हो गए।इससे वह पुरुष दुखी हुआ। तब उसने ब्रह्मा जी से प्रार्थना की। ब्रह्मा जी ने कहा कि वह देवता माना जाएगा तभी से उसे वास्तुपुरुष कहा जाने लगा। यह कथा वास्तुकथावल्ली में भी प्राप्त होती है।

ग्रंथों में मुख्यतया मनुष्यों के घर का प्रतिपादन किया गया है। सारे आश्रमों का आश्रय गृहस्थ आश्रम ही है। पुरुषार्थ चतुष्टय की सिद्धि के लिए गृहस्थ के लिए एक शुभ वास्तु या गृह की आवश्यकता होती है। भविष्यपुराण में कहा है सभी गृहस्थ क्रियाएं घर के बिना नहीं हो सकती। इसलिए उसे गृह का निर्माण करना ही चाहिए।

वेद से वैदिकोत्तर साहित्य में वास्तुशास्त्र का वर्णन विभिन्न प्रसंगों में हुआ है। ऋग्वेद में वास्तु शब्द

का अर्थ भवन और गृह है। विश्वकर्मा ने विश्वकर्मवास्तुशास्त्र नामक ग्रंथ में देव, नर, गज, अश्व आदि के भी निवास योग्य भूमि शिल्पज्ञों द्वारा वास्तुसंज्ञक कही गई है। मानसारग्रंथ में केवल निवास स्थान ही वास्तुसंज्ञक नहीं है बल्कि गृहादि निर्माण के लिए प्रयुक्त वस्तुओं जैसे इष्टिका,शिला, वृक्ष, कीलक आदि को भी विश्वकर्मा ने वास्तु संज्ञक माना है। इसमें हर्म्य, प्रासाद,पर्यकं आदि वास्तु संज्ञक गिने गए हैं। भोजराज ने समरांगणसूत्रधार में पुर, देश, पृथिवी आदि का भी विचार वास्तुशास्त्र में किया है। ऋग्वेद में निवास स्थान के लिए दम, गय, धामन, सदन, आयतन, ओकस् निवेशन इत्यादि शब्दों का प्रयोग हुआ है। अथर्ववेद में द्वेशालासूक्त में चतुश्शाल गृह का नाम आया है। जैमिनीब्राह्मण में 'छदिष्मतः' गृह का विवरण प्राप्त हुआ है।

रामायण और महाभारत में वास्तु से संबंधित अनेक वर्णन मिलते हैं। किष्किंधाकांड में विचित्र गुफा का वर्णन शिल्प कौशल का अप्रतिम उदाहरण है। रामायण की युद्धकांड में वास्तुविद् नल और नील का वर्णन है। नल कृताच्या के गर्भ से उत्पन्न विश्वकर्मा के पुत्र थे। नल भी विश्वकर्मा के सदृश वास्तुकार में कुशल थे। समुद्र के ऊपर भारत से लंका पर्यंत 10 योजन का दीर्घ सेतु उनकी अप्रतिम वास्तुकला का द्योतक है। विश्वकर्मा के द्वितीय पुत्र नील भी नल के सहायक थे। इसी प्रकार पुष्पकविमान आदि भी इसका उदाहरण है। महाभारत में वास्तुशास्त्र के अनेक उदाहरण मिलते हैं जैसे इंद्रप्रस्थपुरी, द्वारिकापुरी, मिथिलापुरी, विभिन्नसभाभवन, लाक्षागृह आदि।

पुराणों में वास्तुशास्त्र का वर्णन मुख्य रूप से मत्स्यपुराण, अग्निपुराण, स्कंदपुराण, गरुड़पुराण आदि में प्राप्त होता है। पुराणों में ब्रह्मा, विष्णु और महेश को सृष्टि के मूल रूप में माना गया है। सृष्टि के मूल कारण परब्रह्म ही हैं जो पुराणों में ब्रह्मा, विष्णु और शिव के रूप में वर्णित है। मत्स्यपुराण के 10 अध्यायों में वास्तुशास्त्र का विशेष रूप से वर्णन प्राप्त हुआ है। 252 वां अध्याय वास्तुभूतोंद्भव अध्याय के नाम से जाना जाता है जिसमें वास्तुपुरुष की उत्पत्ति, भूपरीक्षण, 81 वास्तुपदविचार इत्यादि का वर्णन है। 255 वें अध्याय में रुचक, वज्र, द्विवज्र इत्यादि पांचमहास्तम्भों का वर्णन किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य अध्यायों में मंदिरस्थापत्य और प्रासादस्थापत्य का भी वर्णन प्राप्त होता है। प्रतिमालक्षण का भी सूक्ष्मता से वर्णन यहां किया गया है। अग्निपुराण के सोलह अध्याय वास्तुशास्त्रीय अध्याय माने गए हैं। नारदवास्तु, प्रसाद वास्तु, प्रतिमावास्तु इत्यादि का इसमें विशेष रूप से वर्णन किया गया है।गरुड़पुराण के दो अध्याय वास्तुसंबंधी हैं। इसमें तीन प्रकार से इसकी चर्चा की गई है आवासीय, सैन्य तथा देवालय। पांच प्रकार के प्रासादों का वर्णन भी यहां पर किया गया है। स्कंदपुराण के तीन अध्याय वास्तु से संबंधित है। वैष्णव महेश्वर खंडों में कक्ष,मंडप स्थानों का निर्माण संबंधी तथ्य हमें प्राप्त होते हैं। विष्णुधर्मोत्तरपुराण के 40 अध्यायों में वास्तुप्रतिमा और चित्रकला इत्यादि का वर्णन किया गया है। इसके अतिरिक्त भूपरीक्षण और वास्तुपुरुष के लक्षण इत्यादि का वर्णन भी इसमें प्राप्त होता है। भित्तिचित्र, निर्माणविधि, 64 पदविद्या, मंदिर व प्रासादवस्तुचित्रण और 100 प्रकार के देवप्रसादों के लक्षण और रचनाविधि आदि का वर्णन इसमें किया गया है।

कौटिल्य का अर्थशास्त्र

कौटिल्य के अर्थशास्त्र नामक ग्रंथ में राजनीतिक विषयों के साथ साथ ही वास्तुशास्त्रीय विचारों का भी अति विस्तृत रूप से वर्णन किया गया है। इस ग्रंथ में पुर, ग्राम, नगर आदि का अत्यंत विस्तृत वर्णन दिखाई देता है। राज्य में पुर,ग्राम, नगर, दुर्ग आदि कैसे और कहां बनाने चाहिए इसकी विशेष चर्चा यहां की गई है।कौटिल्य अर्थशास्त्र में गांव के परिमाण एक कोश या दो कोश होनी चाहिए इसका भी वर्णन किया गया है। दो गांव के बीच में सुरक्षा सीमा होनी चाहिए। सीमा का निर्धारण प्रकृति के अनुरूप नदी, तट, शैल, पर्वत, वन इत्यादि के अनुसार होना चाहिए। कृत्रिम रूप से शाल्मली, शमी,क्षीर आदि वृक्ष सीमा पर होने चाहिए। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में नगरों की सुरक्षा के लिए दुर्ग का निर्माण करवाना चाहिए। नगरों के निर्माण के लिए वहां भूपरीक्षण भूचयन वास्तुपदविन्यास इत्यादि का महत्वपूर्ण वर्णन किया गया है। दुर्गविधान नामक प्रकरण में दुर्ग की सुरक्षा, प्राकार आदि का निर्धारण और लक्षण कौटिल्य ने बहुत ही स्पष्ट रूप से वर्णन किया है।

आगमशास्त्रीय ग्रंथ

आगमग्रंथों में स्थापत्य विद्या के अनेक तत्व समाविष्ट हैं। शैवागमसिद्धांतीय ग्रंथों में वास्तुकला के अद्भुत प्रतिमाविज्ञान के अनेक सिद्धांत प्रतिपादित हैं। कामिकागम में छह से अधिक अध्यायों में मूर्तिकला से वास्तुशास्त्र का निरूपण किया गया है। पुराण की अपेक्षा आगमग्रंथों में वास्तुशास्त्रीय सिद्धांतों का गंभीरता से विवेचन है। मंदिरों के नागर –द्रविड़ –बेसर प्रकार मूर्तियों के लिए प्रयुक्त हुए हैं। शुद्ध– मिश्र– संकीर्ण धातु अवस्था भेद से मूर्तियों के सिंचित–असिंचित–अपसिंचितप्रकार आदि अनेक विषय कामिका आगम में वर्णित है। करणागम में भी बारह अध्यायों में इसका वर्णन किया गया है। वे बारह अध्याय हैं –वास्तुविन्यासविधि, अधिष्ठानविधि इत्यादि। इसके अतिरिक्त सुप्रभेदागम, वैखानसागम आदि में भी वस्तुशास्त्रीय तत्व मिलते हैं।

वराहमिहिर की बृहत्संहिता

आचार्य वराहमिहिर द्वारा रचित बृहत्संहिता ज्योतिषशास्त्र का महत्वपूर्ण ग्रंथ है। इसके संहिता स्कंध के अंतर्गत वास्तुशास्त्र आता है। वास्तुशास्त्र ज्योतिषशास्त्र के संहिता स्कंध के अंतर्गत आता है। इस ग्रंथ में वास्तुविद्याध्याय, प्रासादलक्षणाध्याय, प्रतिमालक्षणाध्याय,वनसंप्रवेश, प्रतिमाप्रतिष्ठापन इत्यादि वास्तुशास्त्रीय विषय प्रतिपादित किए गए हैं। भवननिवेश के लिए भूचयन, भूपरीक्षण,वास्तुपदविन्यास, भवनों के द्वार का परिमाण इत्यादि विषयों का यहां पर विवेचन किया गया है। गृह निर्माण के लिए प्रयुक्त लकड़ी के चयन के लिए वनस्थान की चंदन, हरिद्रा, देवदार, शाल, शिंशपा आदि वृक्षों के लक्षण, कार्य आदि यहां पर बताए गए हैं। प्रतिमा वास्तु का भी निरूपण इसमें है।

वास्तुशास्त्रीय स्वतंत्र ग्रंथ

डॉ द्विजेंद्रनाथ शुक्ल ने अपने ग्रंथ 'Vastu Shastra, Hindu Science of Architecture Volume 1' में

वास्तुशास्त्रीय ग्रंथों की सूची दी गई है जो इस प्रकार है– विश्वकर्मशिल्पम, विश्वकर्मप्रकाश,विश्वकर्मवास्तुशास्त्र, सनत्कुमारवास्तुशास्त्र, समरांगणसूत्रधार, युक्तिकल्पतरु, अपराजितपृच्छा, वास्तुविद्या, वास्तुरत्नावली इत्यादि।

इसके अतिरिक्त हरिकृष्णशास्त्री ने संस्कृत वांग्मय के इतिहास में कुछ वास्तुशास्त्रीय ग्रंथों का उल्लेख किया है जैसे विश्वकर्मा का दीपार्णवः, भुवनदेव का अपराजितवास्तुशास्त्र, सूत्रधारमंडन का वास्तुमंडनम्, सूत्रधारनाथ का वास्तुमंजरी इत्यादि।

प्रमुख वास्तुशास्त्रीय ग्रंथ

वास्तुशास्त्र के तीन महत्वपूर्ण ग्रंथ माने जाते हैं। विश्वकर्मवास्तुशास्त्र, मानसार और मायामतम्, इन तीन ग्रंथों में वास्तुशास्त्र का विशद स्वरूप प्राप्त होता है।

विश्वकर्मवास्तुशास्त्र

विश्वकर्मा द्वारा रचित विश्वकर्मावास्तुशास्त्र भारतीय स्थापत्यकला का महत्वपूर्ण ग्रंथ है। इसमें 87 अध्याय हैं। 1958 में तंजावुर से अनंतभट्टारक की प्रमाणबोधिनी व्याख्या के साथ वासुदेवशास्त्री और एन. बी.गदेर द्वारा इसे प्रकाशित किया गया। इस ग्रंथ के प्रारंभ में वास्तुनिर्माण से पूर्व काल दिक्निर्धारणविधि और द्रव्य संग्रह का निरूपण किया गया है। भगवान महेश्वर से विश्वकर्मा द्वारा वास्तुशास्त्र की ज्ञानप्राप्ति, पंचमहाभूत और तन्मात्राओं के लक्षण, भूमि की उत्तम, मध्यम, अधम भेद से ऐशान्य या पश्चिम में इष्टि का स्थापन, बारह प्रकार के ग्रामों के लक्षण,जातिवर्ण अधिवास, वास्तुनिर्माण में प्रयुक्त परमाणु–व्रीही–अंगुल–वितस्त्य आदि मानों का स्वरूप, नगरवास्तुपदविन्यास, पददेवता, गिरिदुर्ग, वनदुर्ग, जलदुर्ग आदिका वर्णन प्रारंभ के ग्यारह अध्यायों में किया गया है। इसके पश्चात राजप्रासाद, दुर्ग, देवप्रासाद का विस्तार से वर्णन यहां पर है। प्रारंभ में मंदिर वास्तु का विचार फिर राजप्रासाद के निर्माण के लिए दिक्वास्तु, बृहद्भवनस्वरूप, शालालक्षण, कोषागार इत्यादि अनेक विषयों का इसमें वर्णन प्राप्त होता है। इसके अनंतर सामान्य जनों के लिए एक–द्वि–त्रि–बहुशाल स्वरूप का निरूपण यहां पर किया गया है। अनेक प्रकार की वैदिकपीठ, दीपस्थापन के लिए स्तंभों पोतिका लक्षण, ग्राम–पुर–दुर्ग में प्रवेश हेतु द्वारों के लक्षण, मार्गों में तोरण आदि और विभिन्न अलंकरणों का वर्णन, मेरुभवन, कैलासभवन इत्यादि का यहां पर विवेचन किया गया है। इसके बाद के सात अध्यायों में सभी प्रकार के देवों के पीठलक्षण, वाहन आदि का निरूपण है। अंतिम तीन अध्यायों में उत्सवकालनिर्गम, प्रतिमापूजन भजन आदि फल मनुष्य जन्मफल का विस्तार से वर्णन प्राप्त होता है।

मानसारग्रंथ

प्रसन्नकुमार द्वारा संपादित मानसार के लेखक और काल के विषय में कुछ भी स्पष्ट नहीं है। इस ग्रंथ का प्रथम संपादन प्रसन्नकुमार ने ही 'Mansar : An Architecture and Sculpture' नामक ग्रंथ में किया है। मानसार शब्द का प्रयोग ग्रंथ में तीन अर्थों में है– लेखक के नाम, मापन जानने वाला वास्तुविद् या शिल्पी और मापन की विधियां। मानसारग्रंथ में 70 अध्याय हैं। इसके 40 अध्यायों में भवननिवेश और

नगरनिवेश का वर्णन है। उसके बाद दस अध्यायों में राजकीय वस्तुओं का वर्णन है। अंतिम बीस अध्यायों में सनातन –जिन बौद्ध मूर्तियों के लक्षण निरूपित किए गए हैं। प्रारंभिक 40 अध्यायों में वास्तुशास्त्र की पौराणिक उत्पत्ति, विकास, परिमाण वास्तुसंज्ञाविचार, शंकुस्थापना, वास्तुविन्यास, बलिकर्मविज्ञान, आठ प्रकार के ग्रामों के लक्षण, नगरविधान, गर्भविन्यास का वर्णन, प्रस्तरविधान का वर्णन, अनेक प्रकार के सामान्य भवनों उनके अंगों का वर्णन, अंतर्मंडल आदि अनेक प्रकारों का विधान, सात प्रकार के मण्डपों का स्वरूप, शालाविधान, गृहप्रवेश, गृहमान और द्वारमान स्थान आदि का वर्णन प्राप्त होता है। 40 से 50 अध्यायों में प्रासाद स्थापत्य में नृपभवन, राजागंविधान, रथलक्षण,सिंहासनलक्षण, शयन, तोरण आदि का विधान वर्णित है। 51 से 70 अध्यायों तक प्रतिमावास्तु के विषयों का विवेचन किया गया है।इनमें शैव–पाशुपत–कालमुख आदि प्रतिमाओं का विस्तार से वर्णन है।

मयमतम्

प्रसिद्ध वास्तुशास्त्रीय ग्रंथों में मयमतम् दक्षिण भारतीय स्थापत्यकला का प्रामाणिक और प्रतिपादक ग्रंथ है। इस ग्रंथ का निर्माण चोलसाम्राज्य काल में हुआ। यह ग्रामीण परंपरा का अनुसरण करके लिखा गया उपजीव्य ग्रंथ है। मयमतम् का प्रथम प्रकाशन 1911 ईस्वी में अनंतशयन संस्कृत –ग्रंथावली श्रृंखला में गणपतिशास्त्री के संपादन में हुआ। 1975 –76 ईस्वी में ब्रूनो डेगेंस ने इसका फ्रेंच भाषा में अनुवाद किया। इस ग्रंथ का प्रकाशन फ्रेंच इंस्टीट्यूट आफ इंडोलॉजी, पांडिचेरी से करवाया गया। 1997 ईस्वी में इंदिरा गांधी नेशनल सेंटर फॉर आर्ट्स संस्था के द्वारा मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशन के साथ मिलकर अंग्रेजी भाषा सहित प्रकाशित किया गया। इस ग्रंथ में 36 अध्याय हैं। ग्रंथ के प्रारंभ में मर्त्य –अमर्त्य वास भेद से वस्तु और अवास्तु दो प्रकार से संज्ञा बतायी है। अमर्त्य स्थान वस्तु और मर्त्य स्थान वास्तु है। ग्रंथ के अनुसार भूमि, प्रासाद, यान और शयन चार प्रकार का वास्तु होता है जिसमें भूमि का प्राधान्य है:

भूमिप्रासादयानानि शयनम् च चतुर्विधम्।
भूरेव मुख्य वास्तु स्यात् तंत्र जातानि यानि हि।।

ग्रंथ के प्रारंभिक 10 अध्यायों में गृहभूमिविषयकवर्णन, भवननिर्माणसंबंधी विषय, वाहन–शयन–प्रतिमावास्तु का वर्णन है।ग्रंथ के प्रारंभ में विषयतालिका, वास्तुपरिभाषा और उसका स्वरूप, परमाणु आदि का मान, दिक्ज्ञानविधि, वास्तुपदविन्यास, बलिकर्मविधि, विविधग्रामविन्यास तथा विभिन्न नगरों के लक्षण, गोल, वर्ग आदि आकृति भेद तथा तलसंख्या आदि से विभक्त भवनों का विधान किया गया है। बारह से अट्ठारह अध्यायों में गर्भन्यासविधि, इष्टिकाविधि आदि, त्रिविध पीठों का स्वरूप,अनेक अधिष्ठानों का स्वरूप, लक्षण आदि का वर्णन है। उन्नीस से बाईस अध्यायों में एक भूमि से चतुर्भूमिवत् प्रासादों के भेद–प्रभेद आदि का वर्णन, तेईस से अट्ठाइस अध्यायों में देवपरिवारविधान, गोपुरमंडपसभाविधान, शालाविधान, चतुर्गृहविधान, गृहप्रवेश का वर्णन है। उन्तीस से छत्तीस अध्यायों तक राजप्रासादवास्तु का वर्णन और मंदिर वास्तु का विस्तार से विवेचन किया गया है।

विश्वकर्मवास्तुप्रकाश

विश्वकर्मावस्तुप्रकाश के रचयिता विश्वकर्मा ही हैं। यह ग्रंथ विश्वकर्मा के द्वारा रचित अत्यंत लघुग्रंथ है।इस ग्रंथ में चौदह अध्याय हैं। प्रथम अध्याय का प्रारंभ भूमि आदि लक्षण से प्रारंभ होता है। इसमें वास्तुपुरुष की उत्पत्ति शुभ– अशुभ लक्षण, भूपरीक्षण, उत्खनन, वास्तुपुरुष – देवादिपूजन शुभ–अशुभ शकुन इत्यादि विषय वर्णित है। द्वितीय अध्याय में समग्रगृहादिनिर्माण, भूप्लवफल, शुभ–अशुभ काल. विचार, आयादिसाधन, वास्तुशास्त्रीयमेलापकविचार, भवनों की चौड़ाई,ऊंचाई आदि का मान और प्रमाण, वीथिका,भित्ति,द्वार आदि का प्रमाण, पांच प्रकार के विशाल गृहों के लक्षणों का वर्णन है। तृतीय अध्याय गृहवास्तुकालनिर्णय अध्याय है। गृह आरंभ के शुभ–अशुभ मुहूर्त के विचार,सौ, दो सौ, हजार वर्ष की अवधि के ग्रहों के योग तथा शुभ–अशुभ योगों का वर्णन है। चतुर्थ अध्याय गृहनिर्माण अध्याय हैं। यहां राजा, मंत्री, सेनापति आदि के विशिष्ट और सामान्य लोगों के शय्या, आसन आदि का परिमाण, चौदह प्रकार के ग्रहों के प्रकार, शिलान्यास आदि वर्णित है। पंचम अध्याय शिलान्यास अध्याय है। इसमें चौसठ और इक्यासी वास्तुपदचक्रविन्यास्, शल्यज्ञानविधि, वास्तुपद में विद्यमान ब्रह्मा आदि देव के कलश और नवग्रह आदि का पूजन, वास्तु आदि देवों के लिए बलिदान विधि, शिलान्यास इत्यादि का वर्णन है। षष्ठ अध्याय प्रसादनिर्माण अध्याय है। प्रसाद में देवमंदिर, प्रशस्त–अप्रशस्त शिल्प, विविधप्रासाद लक्षण का वर्णन है। सप्तम से दशम अध्यायों में द्वारनिर्माण, जलाशयकरण, वृक्षच्छेदन और नवगृहप्रवेश आदि पर प्रकाश डाला गया है। एकादश अध्याय दुर्गनिर्माण के अंतर्गत दस प्रकार के दुर्ग, उनके गृहद्वार निर्माण इत्यादि का वर्णन है। द्वादश अध्याय शल्यनिर्णय अध्याय हैं। इसमें शल्यज्ञान, शल्यभेद, शल्योद्धारपद्धति, शल्यद्धारमुहूर्त, शिलानिर्माण व स्थापना का वर्णन किया गया है। त्रयोदशी अध्याय राजभवनवेधनिर्णय अध्याय है। यहां गृहों के अंधक आदि वेधलक्षण, षोडशविधान और अधमगृहों के फल वर्णित है। अंतिम अध्याय द्विजातिवेध अध्याय है। यहां अनेक प्रकार के गृह वेधों का विचार, घर के सामने शुभ वृक्ष,ग्राम, व नगरों में पताका, सर्ववर्णध्वज, स्तंभस्थापना का वर्णन किया गया है।

वास्तुशास्त्रीय आचार्य परंपरा

वास्तुशास्त्र के कुछ आचार्य विविध ग्रंथों और पुराणों आदि में निरूपित किए गए हैं जो इस शास्त्र के प्रवर्तक माने जाते हैं।

विश्वकर्मा – ऋग्वेद के दो सूक्तों में विश्वकर्मा का विवेचन है। वहां पर ऋषि 'विश्वकर्मा भौवन' एवं देवता 'विश्वकर्मा' है।देवशिल्पी विश्वकर्मा वास्तुशास्त्र में नागर परंपरा के प्रवर्तक है। वास्तुशिल्प का ज्ञान उन्होंने ब्रह्मा से प्राप्त किया। सृष्टि कार्य में प्रवृत्त देव विश्वकर्मा ब्रह्मा की मानसी सृष्टि के रूप में उत्पन्न हुए। ब्रह्मवैवर्तपुराण में वर्णन है कि विश्वकर्मा के नौ शिल्पकार पुत्र थे। अपराजितपृच्छाग्रंथ में विश्वकर्मा के कुल का परिचय मिलता है। विश्वकर्मा का जन्म चाक्षुषमनु के वंश में हुआ। जय, विजय, सिद्धार्थ और अपराजित उनके चार मानस पुत्र हैं। विश्वकर्मा के कुछ ग्रंथ भी आज प्राप्त होते हैंः वास्तुशास्त्र, विश्वकर्माप्रकाश दीपार्णव आदि। डॉ. द्विजेंद्रनाथशुक्ल के मत में विश्वकर्मा प्रभाववसु के पुत्र थे। वह शिल्प, स्थापत्य, चित्र आदि कलाओं के महान पंडित और प्रसिद्ध यांत्रिक थे।

मय – वास्तुविद्या में निष्णात असुरों का शिल्पी मय दक्षिण भारत में प्रचलित द्राविड़ परंपरा के उद्भावक आचार्य है। महाभारत के एक प्रसंग में मर ने कहा है कि अहम् हि विश्वकर्मा दानवानाम् महाकविः। अतः मय असुरों के वास्तुशास्त्री थे। रामायण में इनके कुल का परिचय वर्णित है। मय दिति के पुत्र थे। स्वर्ग की अप्सरा हेमा उनकी पत्नी थी। हेमा की गर्भ से मायावी और दुंदुभि नामक दो पुत्र और मंदोदरी नामक पुत्र हुई जिसका विवाह रावण के साथ हुआ। मय रावण के ससुर थे। मय के द्वारा रचित अनेक वास्तु से संबंधित उत्कृष्ट रचनाओं का वर्णन ग्रंथों में मिलता है। विशेष रूप से महाभारत में पांडवसभाभवन, सुवर्णभवन, मायानगर,त्रिपुर और पुष्पकविमान। ये सब उनकी वास्तुकला के उत्कृष्ट उदाहरण प्राचीन ग्रंथों में प्राप्त होते हैं।

वास्तुशास्त्र के अन्य आचार्य

मत्स्यादिपुराणों में वास्तुशास्त्रीय विविध ग्रंथों में वास्तुशास्त्रीय आचार्यों की परिगणना की गई है जिनके द्वारा भारत में वास्तुशास्त्र की समृद्ध परंपरा का बोध होता है। मत्स्यपुराण में वास्तुशास्त्र के अट्ठारह आचार्य वर्णित हैं। यह अट्ठारह आचार्य है – भृगु, अत्रि, वशिष्ठ, विश्वकर्मा, मय, नारद, नग्नजित, पुरंदर, ब्रह्मा, कुमार, बृहस्पति इत्यादि। मानसारग्रंथ में तो बत्तीस वास्तुविशारद आचार्यों का उल्लेख है जो इस प्रकार हैः विश्वकर्मा, विश्वेश, विश्वसार, प्रबोधक, वृत, मय, त्वष्टा, मनु, त्वष्टा, मानबोध, वास्तुविद्यापति, भानु इत्यादि। अग्निपुराण में पच्चीस उपदेशक आचार्य माने हैं। इसके अतिरिक्त वैदिक ऋषियों को भी वास्तुशास्त्र के उपदेशक माना गया है। इससे पता चलता है कि मानसारग्रंथ से पूर्व अनेक आचार्यों के ग्रंथ विद्यमान थे जो वास्तुशास्त्र से संबंधित थे। जो यह बताता है कि उससे पहले वास्तुशास्त्रियों की एक समृद्ध परंपरा रही थी।

वास्तुशास्त्र के आचार्य और उनके ग्रंथ

- अगस्त्य – अगस्त्यप्रोक्त सकलाधिकार और सर्वाधिकार
- कश्यप – काश्यपशिल्प
- नारद – नारदशिल्प, नारदसंहिता और नारदपुराण
- नग्नजित् – चित्रलक्षण
- पिशुन – वास्तुविज्ञान
- पराशर – वास्तुशास्त्र
- विश्वकर्मा – विश्वकर्माशिल्प, विश्वकर्मपद्धति, विश्वकर्मप्रकाश, विश्वकर्मवास्तु
- सनत्कुमार – सनत्कुमारवास्तु
- सिद्धार्थ – सिद्धार्थपरीक्षा सिद्धार्थसंहिता

निष्कर्ष

उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट होता है कि वास्तुविद्या का उद्भव वैदिक काल में हो चुका था। ऋग्वेद में प्राप्त वास्तोष्पति सूक्त में वास्तोष्पति देव से घर– परिवार की समृद्धि, धन, दीर्घायु व कुशलयोगक्षेम के वहन के लिए प्रार्थना की गई है। इससे अनुमानित है कि वास्तुपुरुष और शुभ वास्तु की आवश्यकता पर

विचार ऋग्वेद काल में किया जाने लगा था। वास्तोष्पति साक्षात् परमात्मा का ही नामांतर है। आगम और पुराणों के अनुसार वास्तुपुरुष नामक एक उपदेवता के ऊपर ब्रह्मा, इंद्र आदि 45 देवता अधिष्ठित होते हैं जो वास्तु का कल्याण करते हैं। अथर्ववेद के उपवेद स्थापत्य वेद में वास्तुविद्या पर विचार किया गया। मत्स्य, अग्नि, भविष्य, नारद आदि पुराणों में भी वास्तु का वर्णन मिलता है। वैदिक काल में उदभूत वास्तुविद्या का विकास आगम एवं पुराण काल में हुआ। महाभारत में इसके पूर्ण विकसित होने के प्रमाण मिलते हैं। वेदांग ज्योतिष के संहिताभाग में वास्तुविद्या का वर्णन उपलब्ध होता है। स्थापत्य वेद ही उत्तर काल में वास्तुशास्त्र के रूप में परिणत हुआ। वैदिक काल में गृहों का निर्माण ही वास्तु के अंतर्गत माना जाता था। बाद में गृहों के विकास के साथ ही ग्रामों, नगरों एवं महानगरों का विकास होने लगा और कालांतर में मूर्तिकला एवं चित्रकला भी उसके अंग बन गए। सहस्र वर्षों में हमारे आचार्यों ने इस क्षेत्र में अनेकों परिवर्तन किए। आज दानव शिल्पी मय का मयमतम् और और विश्वकर्मारचित 'विश्वकर्मविश्वकर्मारचिश प्रकार भारतीय वास्तुविज्ञान की परंपरा बहुत ही समृद्ध रही है।

सहसा विदधीत न क्रियामविवेकः परमापदां पदम्।
वृणते हि दिमृश्यकारिणं गुणलुब्धाः स्वयमेव संपदः।।

अचानक आवेग में आकर बिना सोचे समझे कोई भी काम नहीं करना चाहिए क्योंकि अविवेक ही सबसे बड़ी विपतियों का घर होता है। इसके विपरित जो व्यक्ति सोच–समझकर कार्य करता है, गुणों से आकर्षित होकर लक्ष्मी उन्हें स्वयं चुनती हैं।

यौवनं धनसम्पत्तिः प्रभुत्वमविवेकिता।
एकैकमप्यनर्थाय किमु यत्र चतुष्टयम्।।

यौवन, धन–संपत्ति, प्रभुता और अविवेक इनमें से एक भी अनर्थ करने वाला है। लेकिन जिसके पास ये चारों हों, उसके विषय में कहना ही क्या!

महनीयराष्ट्रभक्तोनेताजीसुभाषचन्द्रबोसः

निशा
बी. ए. प्रोग्राम (संस्कृतम्) तृतीयवर्षम्

अस्मदीयं भारतं १५ अगस्त, १९४७ तमे ई. इति दिनाङ्के स्वतन्त्रमभूत्। तस्मादेव अद्यत्वे भारतीया वयं स्वतन्त्राः वर्तन्ते। ध्यातव्यं वर्तते यत् स्वतन्त्रताप्राप्त्यर्थं नैके भारतीसुपुत्रा निजप्राणान् अत्यजन्। तेषु भारतमातृसुपुत्रेषु ''चन्द्रशेखर–आजादः, सुखदेवः, राजगुरुः, खुदीरामबोसः, वीरभगतसिंहः, नेताजी सुभाषचन्द्रबोसश्च'' इति प्रभृतयः प्रमुखाः सन्ति। तत्रापि ''नेताजी सुभाषचन्द्रबोसः'' अन्यतमो राष्ट्रभक्तो वर्तते।

सुभाषमहोदयस्य जन्म सप्तनवत्युत्तर–अष्टादशशततमाब्दस्य जनवरीमासस्य त्रयोविंशे दिनाङ्के (२३जनवरी, १८९७ ई.) बङ्गप्रान्तस्य कटकनगरस्थे हिन्दुकायस्थकुलीनपरिवारेऽभवत्। यस्य पितरौ प्रभावतीदेवीजानकीनाथबोसौ आस्ताम्। जानकीनाथबोसजी कटकनगरस्य प्रसिद्धो वाक्कील आसीत्। सुभाषजी भारतीयसिविलपरीक्षामुत्तीर्य अपि सेवायां भागं न गृहीतवान्।

यतोहि सः ब्रिटिशप्रशासनस्य चाटुकारितां कर्तुं नेच्छति स्म। बोसमहोदयो भारतदेशस्य स्वतन्त्रतायै स्वराज्यदलम् (स्वशासनदलम्), फॉरबर्डब्लॉक, भारतीयस्वतन्त्रतासङ्घटनम्, भारतीयराष्ट्रियसेना (INA), आर्जीहुकुमते (आजादहिन्दस्वाधीनभारतस्य अन्तरिमसर्वकारः) च इति प्रभृतीनाम् अनेकासां संस्थानां स्थापनां चकार। तेन उपर्युक्तसंस्थानां सहयोगमाध्यमेन भारतवर्षस्य स्वाधीनतायै आङ्ग्लशासनविरोधे अनेके प्रयासा विहिता, यतः आङ्ग्लशासनं विचलितमभूत्। अनेकवारं सुभाषजी कारागारे (बन्दीगृहे) पातितः। तत्रापि बहुधा अनशनाख्यम् आन्दोलनम् आरब्धम्। तस्मात् ततः पुनर्मुक्तो भूत्वा राष्ट्रवादिषु आन्दोलनेषु भागं स्वीकृत्य निखिलेऽपि भारते अग्रगण्यो राष्ट्रभक्तोऽभवत्। अतः आङ्ग्लशासनं तस्य गृहाद्बहिर्गमनेऽवरोधं करोति स्म। बोसजी आङ्ग्लशासननेत्रेषु धूलिकाक्षेपणं कृत्वा भारतदेशाद् बहिर्गमनं विधाय ब्रिटिशशासनस्य जीवनं दुर्भरं चकार। ततो विविधदेशानां यात्रां कृत्वा सहयोगार्थं न्यवेदयत्। द्वितीयविश्वयुद्धकाले बोसजी आङ्ग्लशासकैः (अङ्ग्रेजपदवाच्यैःब्रिटिशशासकैः) समं योद्धुं जापानदेशस्य सहयोगेन ''आजाद–हिन्द–फौज'' इति सङ्घटनस्य स्थापनां विधाय तत्रत्यानां भारतीयानां जनमानसे क्रान्तेर्बीजारोपणं चकार। बोसमहोदयस्य प्रमुखा उद्घोषाः ''जय हिन्द'', ''दिल्ली चलो'', ''तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा'' इति प्रभृतय आसन्। यतः स्वतन्त्रतासेनानीगणः प्रेरितो भूत्वा ब्रिटिशशासनविरोधे प्रबलं सङ्घर्षम् आरब्धयत्। शीघ्रमेव ''आजाद–हिन्द–फौज'' इति दलम् अण्डमान–निकोबारद्वीपद्वयम् आङ्ग्लशासनाद् अमोचयत्। ययोर्नामकरणं ''शहीदद्वीपम् (बलिदान द्वीपम्)'', स्वराज्यमद्वीपञ्च इति चकार। अन्ततो ब्रिटिशशासनं भारतीयविरासतं सन्त्यज्य पलायनम् एव उपयुक्तम् इति अचिन्तयत्।

सुभाषवर्यस्य प्रबलं सङ्घर्षं दृष्ट्वा भारतीया जनाः तं राष्ट्रभक्तं ''नेताजी'' इति नाम्ना सम्बोधयन्ति स्म। बोसमहोदयः पूर्णस्वाराज्यस्य पक्षधर आसीत्। सुभाषचन्द्रबोसस्य जन्मदिवसे (जनवरीमासस्य २३ दिनाङ्के) अद्यापि निखिले भारते सोल्लासं ''नेताजी–जयन्ती'' आयोज्यते। ततः प्रेरितो भूत्वा भारतसर्वकारः २३ जनवरी २०२१ ई. इति दिनाङ्के नेताजीसुभाषमहोदयस्य १२५तमीं जयन्तीं पराक्रमदिवसरूपेण आयोजयितुं निर्णयम् अकरोत्। यस्योद्घोषणां भारतीयप्रधानमन्त्री श्रीमान् नरेन्द्रमोदी २०१८ ईसवीयस्वातन्त्र्योत्सवस्य उपलक्ष्ये रक्तदुर्गतः (लालकिलातः) अकरोत्।

बोसमहोदयस्य मृत्युरहस्यम् अद्यापि न केनापि ज्ञायते। १८ अगस्तमासः, १९४५ ई. इति दिनाङ्के ताइवानदेशस्य तथाकथितविमानदुर्घटनायां बोसमहोदयस्य मृत्युरभवदिति केचन आमनन्ति परं तत्र न किञ्चिच्चदपि प्रमाण। नेताजी सुभाषचन्द्रबोसो वस्तुतो भारतीयस्वतन्त्रतासङ्ग्रामस्य अग्रणीः अभूतपूर्वः क्रान्तिवीरश्चासीत्।

''जय हिन्द'' ''जय हिन्द की सेना''

क्षणशः कणशश्चैव विद्यां अर्थ च साधयेत्।
क्षणे नष्टे कुतो विद्या कणे नष्टे कुतो धनम्।।

सीखने के लिए हर क्षण का उपयोग करना चाहिए और इसे संरक्षित करने के लिए हर छोटे सिक्के का उपयोग करना चाहिए। क्षण को नष्ट करके शिक्षा प्राप्त नहीं की जा सकती और सिक्कों को नष्ट करने से धन प्राप्त नहीं किया जा सकता।

वाणी रसवती यस्य यस्य श्रमवती क्रिया।
लक्ष्मीः दानवती यस्य सफलं तस्य जीवितम्।।

जिस मनुष्य की वाणी मीठी हो, जिसका काम परिश्रम से भरा हो, जिसका धन दान करने में प्रयुक्त हो, उसका जीवन सफल है।

गणतन्त्रदिवसः

विनीता
बी. ए. प्रोग्राम (संस्कृतम्), तृतीयवर्षम्

भारतवर्षस्य त्रिषु प्रमुखेषु राष्ट्रियपर्वसु अन्यतमं स्थानं बिभर्ति गणतन्त्रदिवसः। इदं राष्ट्रियं पर्व प्रतिवर्षं निखिलेऽपि देशे जनवरीमासस्य षड्विंशे दिनाङ्के सोल्लासम् आयोज्यते। यतोहि अस्मिन्नेव दिवसे शासनपद्धतिरूपे ''भारतीयं संविधानम्'' अङ्गीकृतं स्वीकृतञ्च। वयं समेऽपि जानीम एव यद् भारतीयं संविधानं सकलेऽपि विश्वे सर्वाधिकं बृहदाकारं लिखितं संविधानं वर्तते। यस्य वैशिष्ट्यं सर्वधर्मसमानादरः, सामाजिकसमरसता, अखण्डता, भेदभावराहित्यं विश्वबन्धुत्वाख्य–उदात्तभावना च वर्तते। भारतीयसंविधाने सर्वेषां जनानां जीवनविकासाय कर्ततव्याधिकाराणां वर्णनं विशिष्टं स्थानम् आधत्ते। तस्मादेव सम्यग् विधानं संविधानम् इति अन्वर्थं नाम उच्यते। भारतीयसंविधानानुगुणं भारते गणस्य (समूहस्य) तन्त्रम् (शासनम्ध्प्रधानम्) वर्तते। यत्र जनाः परस्परं मिलित्वा शासकानां चयनं कुर्वन्ति। अतः गणतन्त्रं जनशासनं जनतन्त्रं लोकतन्त्रं प्रजातन्त्रं वा उच्यते। अमेरिकादेशस्य भूतपूर्वराष्ट्रपतिना अब्राहमलिंकनवर्येण उक्तम् – ''Democracy is the of the people] by the people and for the people'' अर्थात् ''लोकतन्त्र जनता का, जनता के द्वारा जनता के लिए संचालित सरकार है।''

गणतन्त्रदिवसे भारतस्य महामहिम–राष्ट्रपतिः भारतीयद्वाराख्ये (INDIA GATE) उपरि अस्माकं त्रिवर्णस्य ''तिरंगा'' इति राष्ट्रियध्वजस्य समुत्तोलनं करोति तत्पश्चात् राष्ट्रगानस्य गायनं भवति। ततः जलस्थलवायुसैनिकदलानां शौर्यपूर्णं सैन्यशक्तिप्रदर्शनं, विविधराज्यानां संस्थानाञ्च भारतीयसंस्कृतिविभूषिता प्रदर्शनी (झांकी) पदसञ्चलनम् (परेड) च प्रदर्शयते।

गणतन्त्रदिवसो भारतवासिनां हृदये आत्मगौरवभावनाया विकासं करोति, अस्माकं देशस्य गौरवगाथां बोधयति, राष्ट्राय आत्माहुतिं कुर्वतां वीराणां देशभक्तानां बलिदानं स्मारयति। येन भारतीया वयं निजराष्ट्रं प्रति जागरूका भवेम।

जयतु संस्कृतम् जयतु भारतम्।

यथा ह्येकेन चक्रेण न रथस्य गतिर्भवेत्।
तथा पुरूषकारेण विना दैवं न सिद्ध्यति।।

जैसे रथ एक पहिए से नहीं चलता, वैसे ही भाग्य बिना मेहनत के नहीं चलता।

गूगलं शरणं व्रज

बोधानन्द झा
बी. ए. संस्कृतं (विशेषः) प्रथमवर्षम्

“ कुत्र किं क्रीयते वस्तु कुत्र विक्रीयते च तत् ।
किं मूल्यं च भवेन्मित्रं” “गूगलं शरणं व्रज” ॥ १ ॥
“अस्वस्थमद्यमेऽपत्यं को गदः किं च भेषजम् ।
कुत्रास्ति वैद्यो मे बूहि” “गूगलं शरणं व्रज” ॥ २॥
“भोजनाय क्व गच्छाम किं खाद्यं तत्र लभ्यते ।
किं मूल्यं च कियद्दूरं” “गूगलं शरणं व्रज” ॥ ३ ॥
“चलचित्रालयं कुत्र तत्र किं चित्रदर्शनम् ।
तत्र दर्शनवेला का” “गूगलं शरणं व्रज” ॥ ४ ॥
“कुत्रास्म्यहमिदानीं भोः कियद्दूरं हि मद्गृहम् ।
वर्त्मना केन गच्छामि” “गूगलं शरणं व्रज” ॥ ५ ॥
“विश्रान्त्यै कुत्र गच्छाम तत्रासीदाम वा कथम् ।
तत्र पश्याम किं मित्रं” “गूगलं शरणं व्रज” ॥ ६ ॥
“कोऽर्थः पदस्य तत् वाक्ये कथं सम्यक् प्रयुज्यते ।
समानार्थपदं किं स्यात्” “गूगलं शरणं व्रज” ॥ ७ ॥
“चित्राणि द्रष्टुमिच्छामि श्रोतुमिच्छामि गायनम् ।
इच्छामि पठितुं ग्रन्थं” “गूगलं शरणं व्रज” ॥ ८ ॥
“शालायां सहपाठी मे कुत्राद्येति कुतूहलम” ।
“देशकालतत्तायामं गूगलं शरणं व्रज” ॥ ९ ॥
“चेतुमिच्छसि किं पत्नीं पतिं जामातरं स्नुषाम् ।
नवोद्योगं तदा सद्यः गूगलं शरणं व्रज” ॥ १० ॥
“विमानरेलयानानां गमनागमनेषु किम्।
विलम्बं सूच्यते मित्रं“ ”गूगलं शरणं व्रज“ ॥ ११ ॥
“कुत्र वर्षति पर्जन्यः कुत्र शैत्यं कियन्मितम् ।

कुत्र सूर्यप्रखरता'' ''गूगलं शरणं व्रज'' ।। १२ ।।
''नगरे मम का वार्ता मद्देशे वा महीतले ।
क्रीडासु जनसौख्ये च'' ''गूगलं शरणं व्रज'' ।। १३ ।।
''तत्त्वार्थशास्त्रविज्ञानगणिताध्ययने स्पृहा'' ।
''सर्वज्ञानमहाद्वारं गूगलं शरणं व्रज'' ।। १४ ।।
''आत्मानन्दं मनःशान्तिं तृप्तिं वाञ्छसि वा यदि ।
गूगलं संपरित्यज्य श्रीहरिं शरणं व्रज'' ।। १५ ।।

अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम्।
नाभुक्तं क्षीयते कर्म कल्पकोटिशतैरपि।।

शुभ अथवा अशुभ किया हुआ कर्म का फल अवश्य ही भोगना पड़ता है, करोड़ो कल्प बीत जाने पर भी बिना भोगे कर्म का क्षय नही होता है।

यो ध्रुवाणि परित्यज्य अध्रुवाणि निषेवते।
ध्रुवाणि तस्य नश्यन्ति अध्रुवं नष्टमेव हि।।

जो व्यक्ति निश्चित वस्तु का त्याग कर अनिश्चित वस्तु के पीछे भागता है, उसकी निश्चित वस्तु नष्ट हो जाती है और अनिश्चित वस्तु का नाश तो हो ही जाता है।

सुभाषचन्द्रबोसस्य कतिपयवचनानां संस्कृतानुवादः

आदित्यकुमार झा
बी. ए. संस्कृतं (विशेषः) प्रथमवर्षम्

१. देहि रक्तन्त्वम्मे, स्वाधीनतामहं ते दास्यामि।

"तुम मुझ खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा!"

२. राष्ट्रवादः मानवजातेः उच्चतमादर्शैः "सत्यं शिवं सुन्दरम् "इत्येभिः प्रेरितोऽस्ति।

"राष्ट्रवाद मानव जाति के उच्चतम आदर्शों सत्यम्, शिवम, सुन्दरम् से प्रेरित है।"

३. संस्मर! सर्वबृहदपराधः अन्यायसहनम् दोषान्वितेन समं सन्धिकरणञ्च।

"याद रखिए सबसे बड़ा अपराध अन्याय सहना और गलत के साथ समझौता करना है।"

४. इतिहासे कदापि विचारविमर्शाभ्यां किमपि वास्तविकं परिवर्तनं न जातम्। यावत् क्रियापरणितिर्न भवति।

"इतिहास में कभी भी विचार–विमर्श से कोई वास्तविक परिवर्तन हासिल नहीं हुआ है।"

५. एकस्य सैनिकस्य रूपे भवद्भिः त्रय आदर्शाः संस्थापनीयाः तदाधारीकृत्य च जीवितव्यम्– सत्यता कर्ततव्यं बलिदानञ्च। यो भटः सर्वदा स्वदेशं प्रति निष्ठावान्कर्त्ततव्यपालको वा भवति, यश्च सर्वदा स्वजीवनस्य बलिदानं कर्तु सिद्धो भवति, सः अजेयोऽस्ति। यदि त्वमपि अजेयो भवितुम् ईहसे तर्हि त्वया एते आदर्शाः स्वहृदये संस्थापनीयाः।

"एक सैनिक के रूप में आपको हमेशा तीन आदर्शों को संजोना और उन पर जीना होगा– सच्चाई, कर्तव्य और बलिदान। जो सिपाही हमेशा अपने देश के प्रति वफादार रहता है, जो हमेशा अपना जीवन बलिदान करने को तैयार रहता है, वो अजेय है। अगर तुम भी अजेय बनना चाहते हो तो इन तीन आदर्शों को अपने हृदय में समाहित कर लो।"

६. एकस्य सद्भटस्य कृते सैन्याआध्यात्मिकयोर्द्वयोरेव प्रशिक्षणयोरावश्यकता भवति।

"एक सच्चे सैनिक को सैन्य और आध्यात्मिक दोनों ही प्रशिक्षण की जरूरत होती है।"

७. प्रान्तीययोः ईर्ष्यद्विषयोः दूर्वारणाय यावत्सहाय्यं हिन्दीप्रचारेण प्राप्स्यते, नान्यस्मात् कस्मादपि।

"प्रांतीय ष्यर्या–द्वेष दूर करने में जितनी सहायता हिन्दी प्रचार से मिलेगी, दूसरी किसी चीज से नहीं।"

८. अद्य अस्माकमन्तरङ्गेषु केवलं एकैव इच्छा भवेत् मुमूर्षा। येन भारतं जीवितुं शक्नुयात्। एकस्य हुतात्मनो मुमूर्षा। यतोहि स्वतन्त्रताया मार्गो हुतात्मनां रक्तेन प्रशस्तो भवेदिति।

"आज हमारे अन्दर बस एक ही इच्छा होनी चाहिए, मरने की इच्छा ताकि भारत जी सके! एक शहीद की मौत मरने की इच्छा ताकि स्वतंत्रता का मार्ग शहीदों के खून से प्रशस्त हो सके।"

उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य प्रविशन्ति मुखे मृगाः ।।

जिस प्रकार से सोये हुए सिंह के मुख में मृग स्वयं नहीं चले जाते, सिंह को भूख–शान्ति के लिए शिकार करना ही पड़ता है, उसी प्रकार से किसी कार्य की मात्र इच्छा कर लेने से वह कार्य सिद्ध नहीं हो जाता, कार्य उद्यम करने से ही सिद्ध होता है।

वरं एको गुणी पुत्रो न च मूर्खशतान्यपि।
एकश्चंद्रस्तमो हन्ति न च तारागणोऽपि च।।

सौ मूर्ख पुत्र होने की अपेक्षा एक गुणवान पुत्र होना श्रेष्ठ है, अन्धकार का नाश केवल एक चन्द्रमा ही कर देता है पर तारों के समूह नहीं कर सकते।

पण्डिता रमाबाई

नेहा
बी. ए. संस्कृतं (विशेषः) तृतीयवर्षम्

स्त्रीशिक्षाक्षेत्रे अग्रगण्या पण्डिता रमाबाई 1858 तमे खिष्टाब्दे जन्मः अभवत्, तस्याः पिता अनन्तशास्त्री डोंगरे माता च लक्ष्मीबाई आस्ताम्, तस्मिन् काले स्त्रीशिक्षायाः स्थितिः चिन्तनीया आसीत। स्त्रीणां कृते संस्कृतशिक्षणं प्रायः प्रचलितं नासीत्। किन्तु डोंगरे रूढिवद्धधारणां परित्यज्य स्वपत्नीं संस्कृतमध्यापयत्। एतदर्थ सः समाजस्य प्रतारणाम् अपि असहत् अनन्तरं रमा अपि स्वमातुः संस्कृतशिक्षां प्राप्तवती।

कालक्रमेण रमायाः पिता विपन्नः सञ्जातः, तस्याः ज्येष्ठा भगिनी दुर्भिक्षपीडितादिवङ्गताः। तदनन्तरं रमा पद्भ्यां समग्रभारतम् अभ्रमत्। भ्रमणक्रमे सा कोलकातानगरे संस्कृतवैदुष्येण तत्र 'पण्डिता' 'सरस्वती' चेति उपाधिभ्यां विभूषिताः। तत्रैव सा ब्रह्मसमाजेन प्रभाविता वेदाध्ययनम् अकरोत्। पश्चात् सा स्त्रीणां कृते वेदादिशास्त्राणां शिक्षायै आन्दोलनं प्रारब्धवती। 1880 तमे खिष्टाब्दे सा विपिनबिहारीदासेन सह बाकीपुर–न्यायालये विवाहं अकरोत्, सार्धैकवर्षात् अनन्तरं तस्याः पतिः दिवङ्गतः। तदनन्तरं सा पुत्र्या मनोरमया सह जन्मभूमिमहाराष्ट्रं प्रत्यागच्छत्, नारीणां सम्मानाय शिक्षायै च सा स्वकीय जीवनम् अर्पितवत्ती हण्टरशिक्षा आयोगस्य समक्षे नारीशिक्षाविषये सा स्वमतं प्रस्तुतवती। सा उच्चशिक्षार्थम् इंग्लैण्डदेशं गतवती तत्र ईसाई धर्मस्य स्त्रीविषयकउत्तमविचारतः प्रभाविता जाता।

इंग्लैण्डदेशात् रमाबाई अमरीकादेशम् अगच्छत् तत्र सा भारतस्य विधवास्त्रीणां सहायतार्थम् अयम् अकरोत् यत् भारते प्रत्यागते मुम्बईनगरे सा 'शारदा सदनम' अस्थापयत्। अस्मिन् आश्रमे निस्सहायाः स्त्रियः निवसन्ति स्म, तत्र स्त्रियः मुद्रणकाष्ठकलादीनाञ्च प्रशिक्षणमपि लभन्ते। रमा परम् इदं सदनं पुणेनगरे स्थानान्तरितं जातम्, ततः पुणेनगरस्य समीपे केडगाँव–स्थाने 'मुक्तिमिशन' नाम संस्थानं तथा स्थापितम्। अत्र अधुना अपि निराश्रिताः स्त्रियः ससम्मानजीवनं यापयन्ति। 1922 तमे खिष्टाब्दे रमाबाई–महोदयायाः निधनम् अभवत्, सा देश–विदेशानाम् अनेकासु भाषासु निपुणा आसीत्। समाजसेवायाः अतिरिक्तलेखनक्षेत्रे अपि तस्याः महत्त्वपूर्णम् अवदानम् अस्ति। 'स्त्रीधर्मनीति', 'हाई कास्ट हिन्दू विमेन' इति तस्याः प्रसिद्धरचनाः वर्तन्ते।

भगवतः श्रीकृष्णस्य द्वादशमहाविभूतयः

धनञ्जय कुमारः
बी. ए. संस्कृतं (विशेषः) तृतीयवर्षम्

1. इन्द्रियेषु मनः

वेदानां सामवेदोऽस्मि देवानामस्मि वासवः ।
इंद्रियाणां मनश्चास्मि भूतानामस्मि चेतना ।।

मैं सभी वेदों में सामवेद हूँ, मैं सभी देवताओं में स्वर्ग का राजा इंद्र हूँ, सभी इंद्रियों में मन हूँ, और सभी प्राणियों में चेतना स्वरूप जीवन–शक्ति हूँ।

मन एव मनुष्याणां कारणं बन्धमोक्षयोः।
बन्धाय विषयासंगो मुक्त्यै निर्विषयं मनः ।।

मन ही मनुष्य के बन्धन और मोक्ष का भी कारण है। इन्द्रियविषयों में लीन मन बन्धन का कारण है और विषयों से विरक्त मन मोक्ष का कारण है ।

2. शब्देषु ओंकारः

महर्षीणां भृगुरहं गिरामस्म्येकमक्षरम् ।
यज्ञानां जपयज्ञोऽस्मि स्थावराणां हिमालयः ।।

मैं महर्षियों में भृगु और शब्दों में एक अक्षर अर्थात् ओंकार हूँ। सब प्रकार के यज्ञों में जपयज्ञ और स्थिर रहने वालों में हिमालय पहाड़ हूँ ।

ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन्मामनुस्मरन्।
यः प्रयाति त्यजन्देहं स याति परमां गतिम्।।

जो पुरुष ओ३म् इस एक अक्षर ब्रह्म का उच्चारण करता हुआ और मेरा स्मरण करता हुआ शरीर का त्याग करता है, वह परम गति को प्राप्त होता है।।

3. वृक्षेषु अश्वत्थः (पीपल)

अश्वत्थः सर्ववृक्षाणां देवर्षीणां च नारदः ।
गन्धर्वाणां चित्ररथः सिद्धानां कपिलो मुनिः ।।

मैं सभी वृक्षों में पीपल हूँ, मैं सभी देवर्षियों में नारद हूँ, मै सभी गन्धर्वों में चित्ररथ हूँ और मैं ही सभी सिद्ध पुरूषों में कपिल मुनि हूँ।

4. मनुष्येषु राज्ञः

उच्चैःश्रवसमश्वानां विद्धि माममृतोद्भवम् ।
ऐरावतं गजेन्द्राणां नराणां च नराधिपम् ।।

समस्त घोड़ों में समुद्र मंथन से अमृत के साथ उत्पन्न उच्चैःश्रवा घोड़ा मुझे ही समझ, मैं सभी हाथियों में ऐरावत हूँ, और मैं ही सभी मनुष्यों में राजा हूँ।

5. शस्त्रेषु वज्रः

आयुधानामहं वज्रं धेनूनामस्मि कामधुक् ।
प्रजनश्चास्मि कन्दर्पः सर्पाणामस्मि वासुकिः ।।

मैं सभी हथियारों में वज्र हूँ, मैं सभी गायों में सुरभि हूँ, मैं धर्मानुसार सन्तान उत्पत्ति का कारण रूप प्रेम का देवता कामदेव हूँ, और मैं ही सभी सर्पों में वासुकि हूँ।

6. पितरेषु अर्यमाः

अनन्तश्चास्मि नागानां वरूणो यादसामहम् ।
पितृऽणामर्यमा चास्मि यमः संयमतामहम् ।।

मैं सभी नागों (फन वाले सर्पों) में शेषनाग हूँ, मैं समस्त जलचरों में वरुणदेव हूँ, मैं सभी पितरों में अर्यमा हूँ, और मैं ही सभी नियमों को पालन करने वालों में यमराज हूँ।

7. दैत्येषु प्रह्लादः

प्रह्लादश्चास्मि दैत्यानां कालः कलयतामहम् ।
मृगाणां च मृगेन्द्रोऽहं वैनतेयश्च पक्षिणाम् ।।

मैं सभी असुरों में भक्त–प्रह्लाद हूँ, मैं सभी गिनती करने वालों में समय हूँ, मैं सभी पशुओं में सिंह हूँ, और मैं ही पक्षियों में गरुड़ हूँ।

8. नदीषु जाह्नवी

पवनः पवतामस्मि रामः शस्त्रभृतामहम् ।
झषाणां मकरश्चास्मि स्रोतसामस्मि जाह्नवी ।।

मैं समस्त पवित्र करने वालों में वायु हूँ, मैं सभी शस्त्र धारण करने वालों में राम हूँ, मैं सभी मछलियों में मगर हूँ, और मैं ही समस्त नदियों में गंगा हूँ।

9. अक्षरेषु अकारः

अक्षराणामकारोऽस्मि द्वंद्वः सामासिकस्य च ।
अहमेवाक्षयः कालो धाताहं विश्वतोमुखः ।।

मैं सभी अक्षरों में अकार हूँ, मैं ही सभी समासों में द्वन्द्व हूँ, मैं कभी न समाप्त होने वाला समय हूँ, और मैं ही सभी को धारण करने वाला विराट स्वरूप हूँ।

10. समासेषु द्वंद्वः

अक्षराणामकारोऽस्मि द्वंद्वः सामासिकस्य च ।
अहमेवाक्षयः कालो धाताहं विश्वतोमुखः ।।

मैं अक्षरों में अकार हूँ और समासों में द्वंद्व नामक समास हूँ। अक्षयकाल अर्थात् काल का भी महाकाल तथा सब ओर मुखवाला, विराट्स्वरूप, सबका धारण–पोषण करने वाला भी मैं ही हूँ।।

11. छंदेषु गायत्री

बृहत्साम तथा साम्नां गायत्री छन्दसामहम् ।
मासानां मार्गशीर्षोऽहमृतूनां कुसुमाकरः ।।

मैं सामवेद की गाने वाली श्रुतियों में बृहत्साम हूँ, मैं छंदों में गायत्री छंद हूँ, मैं महीनों में मार्गशीर्ष और मैं ही ऋतुओं में वसंत हूँ।

12. कविषु शुक्राचार्यः

वृष्णीनां वासुदेवोऽस्मि पाण्डवानां धनञ्जयः ।
मुनीनामप्यहं व्यासः कवीनामुशना कविः ।।

मैं वृष्णिवंशियों में वासुदेव हूँ, मैं ही पाण्डवों में अर्जुन हूँ, मैं मुनियों में वेदव्यास हूँ, और मैं ही कवियों में शुक्राचार्य हूँ।

मैं सामवेद की गाने वाली श्रुतियों में बृहत्साम हूँ, मैं छंदों में गायत्री छंद हूँ, मैं महीनों में मार्गशीर्ष और मैं ही ऋतुओं में वसंत हूँ।

कृष्ण अर्जुन को अपनी महिमा और स्वरूप बताते हुए कहते है, हे कठोर तप करने वाले अर्जुन! मेरी दिव्य विभूतियों का अंत नहीं है। मैंने अपनी विभूतियों का यह विस्तार तेरे लिए एक देश से संक्षेप में कहा है। कृष्ण ने अपनी कई विभूतियों के बारे में अर्जुन से कहा, जीवन से जुड़े हर क्षेत्र से उन्होंने उदाहरण दिए, इतना कुछ कहने के बाद भी उनकी विभूतियों का अंत नहीं हुआ। कृष्ण का कहना है कि उनका कोई विस्तार नहीं, वह तो बिना सीमा के है।

जो जो भी विभूतियुक्त अर्थात् ऐश्वर्ययुक्त, कांतियुक्त और शक्तियुक्त वस्तु है, उसको तू मेरे तेज के अंश की ही अभिव्यक्ति जान। आप अपने चारों तरफ जो भी देखें, चाहे दमन देखें या प्रभावशाली व्यक्ति देखें, छल देखें या गायन सुनें, हर किसी चीज क्रिया प्राणी में जो भी तेज ऐश्वर्य और कांति से भरे हुए है तो जान लीजिए वो कृष्ण का ही अंश है, इससे सीखना है हमें कि जो भी आप करें उसमें अगर सबसे उत्तम आपको होना है तो उसमें कृष्ण को ढूंढिए।

अथवा बहुनैतेन किं ज्ञातेन तवार्जुन ।
विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत् ।।

कृष्ण ने अर्जुन से कहा :– हे अर्जुन! इस बहुत जानने से तेरा क्या प्रायोजन है। मैं इस संपूर्ण जगत को अपनी योगशक्ति के एक अंश मात्र से धारण करके स्थित हूँ।

कृष्ण ने अर्जुन को अपनी एक एक बात बताई, अपने हर रूप के बारे में ज्ञान दिया लेकिन अब वो ऐसा कह रहे है कि अब इन सब बातों से अर्जुन का क्या मतलब, अर्जुन को हमको सिर्फ एक ही बात से प्रयोजन होना चाहिए, अपने युद्ध, अपने कर्म और अपने कर्तव्य से।

अमृतं संस्कृतम्

प्रीति
बी. ए. प्रोग्राम (संस्कृतम्) तृतीयवर्षम्

विश्वस्य उपलब्धासु भाषासु संस्कृतभाषा प्राचीनतमा भाषास्ति। भाषेयं अनेकाषां भाषाणां जननी मता। प्राचीनयोः ज्ञानविज्ञानयोः निधिः अस्यां सुरक्षितः। संस्कृतस्य महत्त्वविषये केनापि कथितम् 'भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा'। इयं भाषा अतीव वैज्ञानिकी। केचन कथयन्ति यत् संस्कृतमेव सङ्गणकस्य कृते सर्वोत्तमा भाषा। अस्याः वाङ्मयं वेदैः, पुराणैः, नीतिशास्त्रैः चिकित्साशास्त्रादिभिश्च समृद्धमस्ति। कालिदासादीनां विश्वकवीनां काव्यसौन्दर्यम् अनुपमम्। कौटिल्यरचितः अर्थशास्त्रं जगति प्रसिद्धमस्ति। गणितशास्त्रे शून्यस्य प्रतिपादनं सर्वप्रथमम् आर्यभट्टः अकरोत्। चिकित्साशास्त्रे चरकसुश्रुतयोः योगदानं विश्वप्रसिद्धम्। संस्कृते यानि अन्यानि शास्त्राणि विद्यन्ते तेषु वास्तुशास्त्रं, रसायनशास्त्रं, खगोलविज्ञानं, ज्योतिषशास्त्रं, विमानशास्त्रम् इत्यादीनि उल्लेखनीयानि। संस्कृते विद्यमानाः सूक्तयः अभ्युदयाय प्रेरयन्ति, यथा सत्यमेव जयते, वसुधैव कुटुम्बकम, विद्ययाऽमृतमश्नुते, योगः कर्मसु कौशलम् इत्यादयः। सर्वभूतेषु आत्मवत् व्यवहारं कर्तुं संस्कृतभाषा सम्यक् शिक्षयति। केचन् कथयन्ति यत् संस्कृतभाषायां केवलं धार्मिकं साहित्यम् वर्तते– एषा धारणा समीचीना नास्ति। संस्कृतग्रन्थेषु मानवजीवनाय विविधाः विषयाः समाविष्टाः सन्ति। महापुरुषाणां मतिः, उत्तमजनानां धृतिः सामान्यजनानां जीवनपद्धतिः च वर्णिताः सन्ति। अतः अस्माभिः संस्कृतम् अवश्यमेव पठनीयम्। तेन मनुष्यस्य समाजस्य च परिष्कारः भवेत्। उक्तञ्च–

अमृतं संस्कृतं मित्र! सरसं सरलं वचः।
भाषासु महनीयं यद् ज्ञानविज्ञानपोषकम् ।।

विद्या ददाति विनयं विनयाद्याति पात्रताम्।
पात्रत्वाद्धनमाप्नोति धनाद्धर्मम् ततः सुखम्।।

विद्या से विनय, विनय से योग्यता, योग्यता से धन,
धन से धर्म और धर्म से सुख की प्राप्ति होती है।

संस्कृतध्येयवाक्यानि

मनीषदतः
बी.ए. संस्कृतं (विशेषः) तृतीयवर्षम्

• भारत सरकार	:	सत्यमेव जयते
• लोक सभा	:	धर्मचक्रप्रवर्तनाय
• उच्चतम न्यायालय भारत	:	यतो धर्मस्ततो जयः
• ऑल इण्डिया रेडियो	:	बहुजन हिताय बहुजनसुखाय
• दूरदर्शन	:	सत्यं शिवं सुन्दरम्
• थलसेना (आर्मी)	:	सेवा अस्माकं धर्मः
• वायुसेना	:	नभः स्पृशं दीप्तम्
• जल सेना	:	शं नो वरूणः
• भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी	:	हवयाभिर्भगः सवितुवरिण्यम्
• भारतीय प्रसाशनिक सेवा अकादमी	:	योगः कर्मसुकौशलम्
• एन० सी० ई० आर० टी०	:	विद्ययाऽमृतमश्नुते
• एन० सी० टी० ई०	:	गुरूः गुरूत्तमोधाम
• केन्द्रीय विद्यालय संगठन	:	तत्वं पूषन्नपावृणु
• केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड	:	असतो मा सद्गमय
• दिल्ली विश्वविद्यालय	:	निष्ठा धृतिः सत्यम्
• डाक तार विभाग	:	अहर्निशं सेवामहे
• भारतीय जीवन बीमा निगम	:	योगक्षेमं वहाम्यहम्
• श्रम मन्त्रालय	:	श्रम एव जयते
• आर्यसमाज	:	कृण्वन्तो विश्वमार्यम्
• भारतीय तट रक्षक बल	:	वयं रक्षामः
• हिन्दी अकादमी दिल्ली	:	अहं राष्ट्री संगमनी वसूनाम्
• आर्यवीर दल	:	अस्माकं वीरा उत्तरे भवन्तु
• पंजाब यूनिवर्सिटी	:	तमसो मा ज्योतिर्गमय
• राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान	:	योऽनूचानः स नो महान
• पी जी डी ए वी कॉलेज (प्रातः)	:	असतो मा सद्गमय
• आयकर विभाग	:	कोष मूलो दण्डः
• आई आई टी (खड़गपुर)	:	योगः कर्मसु कौशलम्
• आई आई टी (बॉम्बे)	:	ज्ञानं परमं ध्येयम्
• आई आई टी (कानपुर)	:	तमसो मा ज्योतिर्गमय
• आई आई टी (मद्रास)	:	सिद्धिर्भवति कर्मजा

हिन्दी
खण्ड

संपादकीय

डॉ. संदीप कुमार रंजन

डॉ. चैनसिंह मीना

विज्ञान और तकनीकी समय में भले ही मानवीय जीवन, समाज, संस्कृति और उसके सरोकारों को आसान मान लिया जाए, लेकिन ऐसा है नहीं। जीवन के अनेक क्षेत्रों में खूब प्रगति देखी जा सकती है, वहीं कुछ ऐसे पक्ष भी हैं जहाँ अभी प्रगति महज स्वप्न है। राष्ट्र का चहुँमुखी विकास समाज के सभी पक्षों की प्रगति में ही अंतर्निहित है। संघर्षरत मनुष्य के मूल सरोकारों को व्यापक 'विजन' के साथ समझने और समस्याओं के निराकरण की आवश्यकता है। समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े मनुष्य की समस्या जब तक हल नहीं हो जाती राष्ट्र की तमाम प्रगतिशीलता पर प्रश्नचिह्न है। भारत राष्ट्र की जनसंख्या का अधिकांश हिस्सा युवाओं का है। यह महत्त्वपूर्ण समय और अवसर है कि समूची युवा शक्ति को राष्ट्र के विकास में लगाया जाए।

पीजीडीएवी महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'अंकुर' निरंतर नई संभावनाओं और नए कलेवर के साथ प्रकाशित होती रही है। जीवन–जगत से सम्बद्ध प्रत्येक विषय पर महाविद्यालय के प्राध्यापक और शोधार्थी अपनी कलम चलाते रहे हैं। निरंतर प्रासंगिक विषयों की व्यापक आयामों में प्रस्तुति एक नई उम्मीद का संचार करती है। वैश्विक महामारी की त्रासदी से अब समूची मानवता धीरे–धीरे उबरने का प्रयास कर रही है। इस विपरीत समय में भी साहित्य ने अपनी भूमिका का निर्वाह किया है। जीवन के यथार्थ का चित्रण इस समयावधि में अनेक रचनाकारों ने किया। निराशा में आशा का संचार किया, जीवन के प्रति नई दृष्टि विकसित की। सामूहिक बोध का महत्त्व इस त्रासदी के दौरान समझ में आया। निस्सहाय मनुष्य की मदद के लिए व्यक्तिगत और संस्थागत प्रयास देखने को मिले। 'अंकुर' पत्रिका का नया अंक उपर्युक्त विषयों से परिपूर्ण है। युवा रचनाशीलता इसी तरह नित नयी संभावनाओं के साथ सृजनशील रहे, इसी उम्मीद के साथ।

– डॉ. चैनसिंह मीना
– डॉ. संदीप कुमार रंजन

पद्य खण्ड

''जगत् अव्यक्त की अभिव्यक्ति है, काव्य उस अभिव्यक्ति की अभिव्यक्ति है।''

– आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

आकांक्षा शुक्ला
बी.ए. (प्रोग्राम), तृतीय वर्ष

मानवता

ऐ मानव तू अब तो जाग
हो गया कत्ल हर बाग का,
इन्तजार है तुझे किस हस्ती की
तू स्वांग रचना बंद करके देख,
हकीकत जो है बस वही बतला
झूठ के परदे में स्वयं को न छिपा,
जरूरत क्या नजरों से बचने की
तू खुद में ही गुरूर का जश्न मना,
मोहब्बत से गढ़ता था इंसान कभी
तू वही प्यार फिर से जगाकर देख,
तू जो है बस खुद को वही दिखा
स्वयं को अपना नया मार्गदर्शक बना,
खुद का परिचय जब स्वयं से होता है
जिदंगी में हारा हुआ भी शिखर को छूता है,
घमंड न कर किसी भी बात का
तू जरा किरदार को बदलकर देख,
सच–सच कहते झूठ तक का सफर
अब वही पुराना–सा लगता है,
बदलती तस्वीर आज भी हमें
नन्हा–सा खिलौना जान पड़ता है,
धैर्य का वो तेज कभी खोने न दे
इरादों के मंसूबे पर खुद को भी तो चलने दे,
क्या रखा है धोखाधड़ी और कत्लेआमों में
सपनों की दुनिया तू भी जरा सजा के देख,
चीख कर देख उस शोर के साथ
जो निहारती मदद की पुकार है,
संदेशा वही आज भी है और
अंदेशों में वही कड़वेपन की खान,
कितनों के बर्बाद हुए घर–परिवार यहाँ
सिर्फ नफरत और रुखसारों से
कतरे–कतरे बह जाते हैं गोली,
बारूद और तलवारों से,
सहनशाह यहाँ हर कोई है अपना
जताना नहीं कभी अपने ही मुल्क वालों से,
किस अधिकारों की बातें तुम करते हो
उन दरिंदों दिलदारों से
जो कभी खुद भी लूटे गए
गली मोहल्लों और बाजारों से,
हुआ हो असर मेरे झरोखों से तो
खुद को भी झकझोर कर देख!

उलझन

आज मैंने एक सपना देखा,
देशप्रेम में जग अपना देखा,
यादों में, मुलाकातों में, घट–घट के रागों में
नया सुहावना प्यारा–सा भोर हुआ कल अपना देखा,
झलकती वादी के लहरों से,
ताल–मठों के पुराने पहरों से,
किलकारी की गूंजों में वही
सहारा–दर–किनारा अपना देखा,
हुआ मग्न जहाँ हर शासक भी,
जिसने बेड़ों में केवल उजड़ा सितारा देखा,
जिसे उठाया वो घबराया, जाने अंजाने में कई
रातों में जिसने सुकून न पाया,
उलझन की सुलझन को सुलझाकर, जिसने
अनमने ख्वाबों को बिखरते पाया,
छलक जो जाता अश्क कहीं,
कईयों ने तो उन्हें सोते भी पाया,
उद्‌गार न हो सका गहरे छाप छोड़ते वारों का,
शायद वही हुआ जो सोचकर मैं फुर्सत से अब
तक बैठा था!

अमित कुमार कुशवाहा
बी.कॉम. (प्रोग्राम), द्वितीय वर्ष

माँ

माँ एक शब्द नहीं
माँ एक अनकही कहानी है।
माँ के साथ बचपन से बिताया हुआ
हर एक पल सुहाना है।
दिनभर कहीं भी रहूँ, कुछ भी करूँ
घर आकर सबसे पहले माँ को आँखों
के सामने पाने की इस बेइंतहाँ
खुशी का न कोई सानी है।
मेरी माँ ही मेरी खुशियों
का एकमात्र कहानी है।
मेरा हर संकट, हर विपत्ति माँ के
लिए परेशानी है।
मेरी माँ एक शब्द नहीं,
जरूरत पड़ने पर भवानी है।
उसके माथे पर मेरे लिए सिकन और
पसीना... वह पसीना नहीं...वह उसकी
ममता की निशानी है।
हमारी माँ केवल एक शब्द नहीं
हमारे जीवन की कल्याणी है।
सुबह की पहली किरण से सायं काल तक
हमारे ऊपर अपना सब कुछ
न्यौछावर करने वाली
माँ एक शब्द नहीं
माँ एक अनकही, अनसुनी कहानी है।

बोधानंद झा,
बी.ए. (ऑनर्स), द्वितीय वर्ष

अनंत प्रेम की अनंत यात्रा

प्रेम करना या उसके बारे में लिखना दोनों ही काम बहुत कठिन है। प्रेम हमें बहुत कुछ सिखाता है। यह हमारे अस्तित्व का बोध कराता है। प्रेम हमारे मन को अनेक भावनाओं से साक्षात्कार कराता है। आज की इस दुनिया में जहाँ चारों तरफ लोग ईर्ष्या, घृणा और क्रोध में जी रहे हैं वहाँ प्रेम सरल नहीं है। परंतु वहाँ प्रेम का होना अतिआवश्यक है। प्रेम हमें इन सारी भावनाओं से ऊपर ले जाता है। स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने प्रेम का महत्त्व इस संसार को बतलाया है। प्रेम में कोई वियोग नहीं होता। प्रेम ही अंतिम योग है।

अंतिम मिलन है...

प्रेम एक से दो होता है, थोड़ी देर वहीं पे ठहरता है और फिर दो से डेढ़, फिर एक और फिर शून्य हो जाता है। असल में जो प्रेम शून्य हो जाता है, उसी प्रेम को कहते हैं–

''अनंत प्रेम''

प्रेम की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वह कभी मरता नहीं, वह सदा के लिए अमर है। इस ''अनंत प्रेम'' की यात्रा में बहुत सी वस्तुओं का मिश्रण है, जो मिलकर ''परम आनंद'' का रूप लेती है।

अल्ताफ
बी.ए. (प्रोग्राम), प्रथम वर्ष

गजल

इस दिल की ख्वाहिश है तुम्हें देखने की
तुम्हें देखे बिना मानता नहीं ये दिल
कैसे मनाऊं इसे तुम्हारे बिना
किसी और को जानता नहीं ये दिल।

"व्यक्तित्व की उत्कृष्टता किसी भी बात को काटने में नहीं होती, उसे सिद्ध करने में होती है; बिगाड़ने में नहीं होती, बनाने में होती है।"

– भगवतीचरण वर्मा

चैतन्य खेड़ा
बी.कॉम. (ऑनर्स), द्वितीय वर्ष

इंसान प्रबल है!

आज का ये इंसान प्रबल है!
आज का ये इंसान प्रबल है!
हिंसा–हिंसा कह–कह कर ये शांति की राह दिखाता है
धर्म, जाति के नाम पर ये इंसान को लड़ाता है।

आज का ये इंसान प्रबल है!
आज का ये इंसान प्रबल है!
तरक्की–तरक्की कह–कह कर ये भविष्य को मिटाता है
रंगीन कागज के नाम पर ये इंसानियत को मिटाता है।

आज का ये इंसान प्रबल है!
आज का ये इंसान प्रबल है!
सही–सही की सोच से ये खुद को भगवान बताता है
वेश्याओं को दाग लगाकर खुद वैश्या समाज चलाता है।

आज का ये इंसान प्रबल है!
आज का ये इंसान प्रबल है!
नीम को यह कड़वा बताकर चीनी की मिठास सुनाता है
महिला को शक्ति बताकर उसका ही चीर हरण
करता है।

आज का ये इंसान प्रबल है!
आज का ये इंसान प्रबल है!

शिवानी
बी.ए. (ऑनर्स), तृतीय वर्ष

नन्हीं पलकें

जब नन्हीं पलकें खुली,
देखा कि कुछ अलग है मुझमें
माँ की लोरी, बाबा का कंधा, दादी का लाड,
दादू की टॉफी सब अनजाना सा लगा
देखा मैंने जब खुद को तो पाया
कि एक लड़की हूँ मैं
बस एक लड़की...
आशाएं दबी रह गई मेरी
अपने ही भाइयों की खुशियों के आगे
रेस में थोड़ा पीछे रह गई
उन सब घर के कामों के कारण
दहलीज घर की पार करनी चाही
तो देखा मैंने कि एक लड़की हूँ मैं
आज जंजीरें तोड़कर उड़ने की चाह है
दिल में आसमान छूने की चाह है दिल में
तारों को अपने हाथों से छूने का मन करता है
पर देखा मैंने जब एक लड़की हूँ मैं
सिर्फ एक लड़का बनने को दिल करता है।

माँ

माँ की ममता का क्या कहना
थकावट में भी सुकून मिलता है उसकी गोद में
क्या से क्या बना देती है बच्चे को
कुपूत को भी आशीर्वाद दे जाती है माँ
उनसे पूछो जिनकी माँ नहीं होती
उन्हें क्या पता क्या होती है माँ
और क्या होती है उसकी ममता
सब कष्ट सहकर भी
खुशियाँ दे जाती है माँ
चिता में जाकर ही सुकून पाती है माँ
बच्चों की जरूरत पूरी करते–करते
अपनी इच्छाएँ भूल जाती है माँ
चाहे हम खुशियों में माँ को भूल जाएं दोस्तों
जब मुश्किल सिर पर आती है तो याद आती है माँ
शुक्रिया हो भी नहीं सकता कभी उसका अदा
मरते–मरते भी जीने की दुआ दे जाती है माँ।

"माँ गोंद की तरह होती हैं। जब आप उन्हें नहीं देख सकते हैं, तब भी वे परिवार को एक साथ पकड़े हुए हैं।"

– सुजन

जल संरक्षण

नभ से झर–झर पानी झरता
प्यासी भू को जल से भरता
अठखेलियाँ करती बूंद धरा से
जैसे बालक अपनी माँ से

अगर कहीं पानी न होता
कहीं न होता जल का स्रोता
क्या पृथ्वी पर जीवन होता?

पौधे, वृक्ष, हवा और पानी
नहीं धरा पर इनकी सानी
यदि पृथ्वी पर ये न होते
हम और आप कहीं न होते

जल तो जीवन की है धारा
बसा है जिसमें जीव हमारा
आओ इसका लाभ उठाएं
जल की बूंद–बूंद बचाएं

जितना हो आवश्यक उतना
जल को इस्तेमाल करें हम
प्रकृति प्रदत्त अमूल्य निधि का
संरक्षण जी–जान से करें हम

व्यर्थ बहाएं न हम जल को
यह शिक्षा हम दें जन–जन को
पोखर–बाँध, तालाब बनाएं
इनमें जल संचित करवाएं

संचित जल जो होगा इनमें
फसल उसी से सिंचित होगी
सूखी बंजर धरती में भी
नव–जीवन की धारा होगी

जल का संरक्षण ही हमको
जीवन जीना सिखलाएगा
देन प्रकृति की है यह तो
इसका मानव क्या मूल्य चुकाएगा

उम्मीद

हमें कभी हारने से डरना नहीं चाहिए
क्योंकि अगर हारेंगे नहीं
तो हार को जीत में कैसे बदलेंगे?
अगर मुश्किलों से डरेंगे
तो उन्हें आसान कैसे बनाएंगे?
इसलिए डरो मत
विश्वास रखो और उम्मीद मत छोड़ो।

"जो किसी एक के लिए सच है, वो कल पूरे देश के लिए सच होगा यदि वे हिम्मत हारने और उम्मीद खोने से इनकार कर दें।"

– महात्मा गाँधी

चेतना
बी.ए. (प्रोग्राम), तृतीय वर्ष

परदा

बचपन का वह परदा याद आया
जिसके पीछे छुपकर बचपन है बिताया
परदे को ही था साथी बनाया
क्योंकि गलती करने पर उसने हमें अपने पीछे है छिपाया
परदे पर न जाने कितने निशान लगाए
इसी परदे ने चॉकलेट के निशान है छिपाए
परदा ही छिपने का ठिकाना था, इसके अलावा और कहीं नहीं जाना होता था
परदे पर ही चित्रकारी कर रंग है लगाया
इसी पर हमने हाथ का निशान भी बनाया
परदा तो हमारी संस्कृति की ही पहचान है
फिर क्यों सब अब इस संस्कृति से ही अनजान हैं
परदे ने संस्कृति की इज्जत को और है बढ़ाया
परदे ने ही है हमारा सम्मान बढ़ाया
परदे ने जब इतना सब करके दिखाया
फिर क्यों हमने परदे को एक वस्तु के रूप में दिखाया
परदे ने ही हमारा बचपन संवारा
परदे ने ही हमारा सम्मान निखारा
परदे ने हमारे घर को सजाया
परदे ने ही हमारी संस्कृति को आगे बढ़ाया।

रेप

ये दिल को दुखाता है अक्सर
उस बच्ची से पूछो जो इससे होती है 'सफर'
तुम करके रेप अपने आप को बेगुनाह हो बताते
अरे अब बस भी करो तुम इंसान नहीं, दरिंदे हो कहलाते
एक छोटी सी बच्ची के जिस्म को
निचोड़ा है तुमने ऊपर से कहा है तुमने
होगी गंदी तभी तो रेप हुआ
होंगे कपड़े छोटे तभी तो रेप हुआ
ये जो मेंटालिटी रखते हैं न लोग
वे यह भी न जाने की क्या केस हुआ
आओ हम सब मिलकर करते हैं दुआ
आगे से कभी न हो किसी के घर
ऐसी दरिंदगी का फिर सिलसिला
अपनी हैवानियत को अब बंद भी करो
यह रेप का सिलसिला अब खत्म भी करो।

रूस, बेलारूस, यूक्रेन

रूस, बेलारूस, यूक्रेन ने ही
अपने आप को सबसे पहले स्वतंत्र है कराया
फिर क्यों ये अब दुश्मन हैं बन आए
जहाँ लोगों, पक्षियों ने घर है बसाया
आज वही देश छोड़कर दूसरे देश में
वह क्यों है आया जहाँ लोगों ने एक दूसरे की मदद कर
इंसानियत है दिखाई आज वही बात हाथ में बंदूक लेकर
क्यों है जताई जीत–हार के चक्कर में
हर मुल्क बदनाम सा हो गया है
लोगों का मरना यहाँ आम सा हो गया है
जिस घर का कोई उस देश में होगा
कैसा होगा, कब आएगा वह
यही उस घर का सवाल होगा
जब आएगा वह उसे देख खुशी होगी
या आँसुओं की धार होगी
न जाने कैसा होगा वहाँ का हर व्यक्ति
यही सबका सवाल होगा
ये जीत–हार का सिलसिला
अब बंद भी करो
इंसान हो इंसान की तरह ही दिल्लगी करो
युद्ध को अब खत्म भी करो
एक जहान है यह
इसे यूं टुकड़ों में बर्बाद न करो
पूरा संसार जब भगवान ने है बनाया
फिर क्यों हम इंसानों ने
इसे अलग टुकड़ों में करके है दिखाया।

राजकुमार
बी.ए. (ऑनर्स), द्वितीय वर्ष

हिंदी माथे की बिंदी

हिंदी से हैं हम–तुम बने
हिंद से बना सारा हिंदुस्तान है

तमन्ना हमारी भारत संस्कृति
हिंदी उन्नति सारा जहान है

हिंदी हमारा क ख ग हमारा गान है
हिंदी शांति का प्रतीक शूरवीर का ज्ञान है

हिंदी में रोते–गाते हमारा अभिमान है
हिंदी भावना का शहद–सुंदर अमिट हमारी पहचान है

गंगा–सी मिलती लिपि हमारी प्रचंड तेज हमजोली है
सागर–सा अखंड भारत हिंदी माथे की बिंदी है

हिंदी मंदिर भंडार हमारा इसे कोई बचा लो
हिंदी हमारी चेतना वाणी अमर–वरदान कोई दिला दो।

टिप्पणी

मन करता है...टिप्पणी दूँ।
पर जबान को...सामाजिक–सा बना लेता हूँ...
बार–बार।

समन्दर देखने को...अखंड बहुत है।
पर अख्शों को...पानी–सा बना लेता हूँ...
बार–बार।

याद आती है...भविष्य देख।
यही सोच मैं...आंतरिक दूरियां–सी बना लेता हूँ...
बार–बार।

कई बार लिखता हूँ मैं...और ओझल हो जाता हूँ।
क्योंकि जीवन को...चक्का जाम–सा बना लेता हूँ...
बार–बार।

समुद्र में बूंद सा पा लेता हूँ तो...जीना–सा आ जाता है।
मासूम–सी सूरत है तेरी और...यह भोला–सा संसार...
बार–बार।

"हिंदी हमारे राष्ट्र की अभिव्यक्ति का सरलतम स्रोत है।"

– सुमित्रानंदन पंत

जेसिका पूर्वे
बी.ए. (प्रोग्राम), प्रथम वर्ष

एक पिता, पुत्री और दहेज की कुप्रथा

इस नए युग के बदलते समाज में कई बदलाव आए
किंतु अभी भी कई जगह इस समाज में,
दहेज की कुप्रथा को न मिटा पाए
जब से पैदा होती है एक बेटी
तब से बाप लग जाता है कमाने में
कि जैसे भी हो दहेज तो जुटाना है
अपनी प्यारी बिटिया को अच्छे से विदा कराना है
इसी दहेज प्रथा की एक कहानी
मैं तुम्हें सुनाती हूँ, अपनी जुबानी
इस आशा से कि अब भी समझ जाए यह समाज
और बंद कर दे यह बेटियों की सौदेबाजी।
छोटे से गाँव में रहता था एक परिवार
जिसमें एक लड़की थी, कबसे कुमारी
पिता था एक गरीब मजदूर,
पैसों की कमी से था वह बहुत मजबूर
दिन रात यह बात पिता को सतायी जाए
कि किस तरह अपनी प्यारी बिटिया की विदाई की जाए?
मुश्किल से खाने को दो रोटी मैं जुटा पाऊँ
न जाने किस तरह मैं अपनी बिटिया की डोली सजाऊँ
जब भी लड़के का बाप कहता शादी की आगे बात हो जाए
तो उस मजदूर का दिल बैठ जाता
उसके दिल में केवल एक ही बात उठती थी
कि अब यह दहेज की बात करेगा
न जाने कितनी रकम की मांग करेगा
यह सोच वह बेचैन हो उठता
कि न जाने मैं इतनी रकम जुटा पाऊंगा या नहीं
और अपनी प्यारी बिटिया को
खुशियों से विदा कर पाऊंगा या नहीं
ये सारी चिंताएं उस गरीब बाप को मन ही मन खाई जाती
साथ ही उसके शरीर को गलाई जाती
पिता की ऐसी हालत देखकर वह लड़की हुई लाचार
और करने लगी इस पर गंभीर विचार
इन सबका जिम्मेदार उसने खुद को माना
और पिता के इस बोझ की गठरी को हटाने का फैसला ठाना
खुद को बोझ मानकर कर लिया
उसने अपने जीवन को खत्म
और कह गई अपने पिता से
कि अगले जन्म में बेटा बनकर आऊंगी उनके घर में
तब न तो इस दहेज की चिंता उन्हें सताएगी
और न ही यह जमाना उन्हें रुलाएगा
इस तरह दहेज की कुप्रथा ने
न जाने कितने बाप से उनकी प्यारी बेटी को छीना है
और गरीबी लाचारी सा तकलीफों को बीना है
कुछ हद तक बदलाव ने
"बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" को स्वीकारा है
पर फिर भी इस दहेज कुप्रथा को
अभी भी कितनों ने नहीं दुत्कारा है
आओ हम साथ मिलकर एक नई पहल करें
एक बेटी का पिता होने के कारण उसे विवश नहीं अपितु
गौरवान्वित करें
चलो दिल और वचन से समाज में एक अभियान चलाएं
और इस दहेज कुप्रथा का अंत कराएं।



कोमल रैकवार
बी.ए. (प्रोग्राम), तृतीय वर्ष

गुरू की महिमा!

गुरु वह है जो जीवन की ज्योति है
जो आत्म चिंतन की मोती है,
पुराणों से लेकर आधुनिकता की
गुरु हर संगम का वह किनारा है
जो भूले को राह पर और
टूटे को आशा देता है
वे अपने ही कर्मों से सबको
जीने की कला सिखाते हैं
गुरु अज्ञानता से तार देने की वह लेखनी है
जो सोचनीयता के भेद को खोलती है,
वे सच्चे आदर्श और श्रेष्ठ उपकारी हैं
जो अपने तेज से शिक्षा का मंत्र दान करते हैं
बड़े सौभाग्यशाली होते हैं वे
जिनके सर पर दुआएं सभी गुरुओं के होते हैं।

आस...

तवक्को न है अब मुझको किसी से,
हर सच्चाई को जान लो तुम भी झर्फ से
हर अल अब श्रेष्ठ है, भांपों न तुम अपने किसी मजहब से
अस्काम को तुम पहचान लो अपनी
तो झुक न पाओगे सामने किसी और के
अस्ल को बनाकर तू मजबूत
बना ले अपनी एक नई पहचान
देखेगा संसार भी तुमको
और लेगा अपने आगोश में
क्योंकि तुमने बना ली होगी तब अपनी
एक नई आदमियत की सही पहचान।

"ईश्वर एक है और उसे पाने का तरीका भी एक है। यही सत्य है। वो रचनात्मक है और वो अनश्वर है, जिनमें कोई डर नहीं और जो द्वेष भाव से परे है। इसे गुरु की कृपा द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है।"

– गुरू नानक जी

कुनिका
बी.ए. (प्रोग्राम), द्वितीय वर्ष

तय तो कर

मंजिलें हैं बहुत पर है जाना कहाँ क्या पता?
है इधर कोशिशें है उधर ख्वाहिशें
पर है जाना किधर क्या पता?
जिंदगी एक है कल का न 'वेट' कर
है तुझे जाना किधर तय तो कर
तय तो कर...
मुश्किलें हैं बहुत रास्ते में मगर
कोशिशें कम न कर है अगर जाना तुझे
मन में कोई बहाना न रख
आज है ख्वाब ये कल उन्हें सच तो कर
है तुझे जाना किधर तय तो कर
तय तो कर...

कुशाग्र शुक्ला
बी.ए. (प्रोग्राम), द्वितीय वर्ष

साधु

बड़े जतन से छोड़ा मैंने
अब रब–रब न दोहराऊँ
मिट्टी की मूरत पर अब
श्रद्धा न लुटाऊँ
कृष्ण राम बने मित्र मेरे
जब शिव सा ध्यान लगाऊँ
मैं क्यों भक्त बनूं साधु का
मैं खुद साधु बन जाऊँ
मैं मंदिर मस्जिद न तोडूं
मैं न उन्हें बनाऊँ
मैं खुद में मंदिर हूँ साधु
मैं खुद में दिए जलाऊँ
तोड़े भय के द्वार सभी
अब हर भय पर मुस्काऊँ
मैं न हिंदू मैं न मुस्लिम
मैं सब पर जान लुटाऊँ
बड़े जतन से छोड़ा मैंने
अब रब–रब न दोहराऊँ

"संत शब्द का प्रयोग प्रायः बुद्धिमान, पवित्र आत्मा, सज्जन, परोपकारी या सदाचारी व्यक्ति के लिए किया गया मिलता है और कभी–कभी साधारण बोलचाल में इसे भक्त, साधु व महात्मा जैसे शब्दों का भी पर्याय समझा जाता है।"

– आचार्य परशुराम चतुर्वेदी

लिपिका कुमारी
बी.ए. (प्रोग्राम), द्वितीय वर्ष

चाय

बिन तेरे दिन शुरू होता नहीं
दो वक्त पर अब चाहिए, होता है तू
हर दिन की शुरुआत करता है तू
और शाम तलक सोचता मैं रहूँ
छोड़ूँ न छोड़ूँ है उलझन बहुत
थक गया हूँ मैं अब सोचकर
अब न पिऊं तुमको तो सर फटता मेरा
क्योंकि तेरी आदत हो गई है
कुछ जिंदगी की तरह
कभी लगता है तू अच्छा नहीं
अब पिऊंगी नहीं सोचती मैं रही
फिर भी आदत से मजबूर हूँ
दिल की बातें सुनी है सारी
इसे कैसे मैं अनसुना कर दूँ
अब तुझे छोड़ने का विचार आया है
मैं चाहती तो हूँ कि मंजूर किया जाय,
पर दिल के हाथों मजबूर हूँ
चाहती तो हूँ कि तुझे रोजाना पिऊं
पर बात मेरी आदत की थी
अब सेहत का ख्याल आया है
इसलिए तुझे छोड़ रही हूँ
यही विचार मन में छाया है
बेचैनी है बहुत तुझसे दूर जाने की
फिर मिलेंगे यार अभी बाकी है कई हिस्से कहानी के
अब छोड़ चुकी हूँ तुझे हो चुके काफी साल
अब तू आदत नहीं शौक बन चुका है मेरे यार!

रितिका
बी.ए. (ऑनर्स), प्रथम वर्ष

वाक्या

उँगली पकड़ जिस नाम की
ऊँचे शिखर पर चढ़ गए,
चढ़ के देखा उस शिखर पर
अभिमान से तब भर गए।
हमने पायी है ये मंजिल
महानता में भर गए,
मुड़ के न देखा फिर कभी
उस नाम को पंगु कर गए।
जिस नाम ने बोलना सिखाया
जब वाचालता से भर गए,
मौन कर दिया फिर उसी को
वाक्या ये कैसी कर गए।
सोचो समझो गुनों सभी
क्या संस्कार खो गए,
रितिका क्यों है नवयुग की इतनी कमजोर कड़ी
ये वाक्या माँ–बाप के संग हो गए।

"इस दुनिया में सबसे खूबसूरत चीज, अपने माता–पिता को मुस्कुराते हुए देखना है, और यह जानना कि उस मुस्कुराहट के पीछे कारण आप हैं।"

शिवम योगीराज
बी.ए. (आनर्स), द्वितीय वर्ष

पुरुष

कभी नारी के लिए लड़ा पुरुष
कभी देश के खातिर मरा पुरुष
कभी पत्नी के तानों से अपनाया पथ वागीश पुरुष ने
कभी मातृ–भूमि की रक्षा के लिए कटाया अपना शीश
पुरुष ने

कभी राम बनें कभी श्याम बनें
कभी माँ के लिए बन गए गजानन
नारी रक्षा में किया विद्रोह पिता से
कभी नारी हर के बना दशानन।

युद्ध विराट में पुरुष कभी भाई–आदर्श के
सम्मुख खड़ा कभी साथ खड़ा
पुरुष ने कभी दिया भेद भाई का
जो माने भाई से धर्म बड़ा!

वह भी पुरुष थे जो नारी को शतरंज द्युत में हारे थे
वह भी पुरुष थे जो नारी के लिए सीताहरता मारे थे
वह भी पुरुष थे यह भी पुरुष हैं ये भेद बताया
जाएगा
कलयुग के हर राम के अंदर रावण दिखलाया जायेगा



शिवानी रघुवंशी
बी.ए. (प्रोग्राम), द्वितीय वर्ष

दो फूल

एक डाल पर खिले दो फूल कहीं
बचपन एक साथ, पर एक सा नहीं
एक को बहुत सँवारा गया, पर एक का मोल नहीं कहीं
एक को मिला सब कुछ, पर एक समझौते में ही रही
गुजर रही दोनों की जिंदगी, पर कोई बदलाव नहीं
भूख लगने पर एक को थाली हाथ में मिलने लगी
पर दूसरे को खाने से पहले बनानी पड़ी
उमर दोनों की वही, पर अंतर कई
एक के सामने खुला आसमाँ और गली
दूसरे के बाहर निकलने पर छड़ी की जरूरत पड़ी
एक को इजाजत अपनी जिंदगी जीने की
और दूसरी जबरदस्ती के बंधन में बंधी
थी परिवार की इज्जत इसलिए एक भी शिकायत नहीं
अब आगे बड़ी जिंदगी
कुसुम वही पर शक्ल नई
एक था आजाद, पर दूसरी रश्मों,
इज्जत, फर्ज के तराजू में तुली
फूल बनकर भी वह कभी न खिली
समाज की वजह से कली ही रही
यही थी उस फूल की जिंदगी, कली ही रही
और एक दिन कली बनकर ही नीचे गिरी।

स्नेहा
बी.ए. (ऑनर्स), प्रथम वर्ष

माप

मान पिता का नभ से ऊपर,
ममता माँ की क्षिति से भारी है।
घर का मित्र घनी है घरनी,
वैद्य रोगी की सच्ची यारी है।
विद्या धन सबसे है बढ़कर,
संतोष सुखों में भारी है।
प्रेम जगत में अमृत से बढ़कर,
कलंक कालिख से कारी है।
ईर्ष्या जग में तेज अग्नि से,
चिंता चिता पर भारी है।
सुन स्नेहा माप जगत का,
कल्पना कवियों की न्यारी है।

"आपकी सफलता केवल आप ही तक सीमित नहीं है, इसलिए आपका कर्तव्य सफल होना है।"

– स्वामी विवेकानंद

तनुश्री भाटिया
बी.ए. (प्रोग्राम), तृतीय वर्ष

वो चाहत लौटा दो

एक बीवी के नाते तुमसे तुम्हारी चाहत वापस चाहती हूँ
न जाने कहाँ गए वे दिन, जब नजरें हटती नहीं थी मुझसे
जब मेरे पास रहने के बहाने ढूंढा करते थे
जब मेरी जुल्फों में अपना हाथ सहला कर, मुझसे मेरे दिन के बारे में पूछा करते थे
जब तबीयत खराब का बहाना कर घर ही रुक जाते थे
और मेरे कंधे के उस तिल से खेला करते थे
अगर मुझे कुछ हो जाता, तो पागल से हो जाते
छोटी सी खरोच के लिए भी अस्पताल जाने की जिद करते
न जाने कहाँ गए वे दिन, जब बातें करने के लिए किसी मुद्दे की जरूरत नहीं पड़ती
जब बातें करते–करते मेरे ऊपर ही सो जाते
न जाने कहाँ गए वे दिन, जब अपनी जरूरतें याद दिलानी नहीं पड़ती
जब कहीं ले चलो कहना ही नहीं पड़ता
जब कैसी लग रही हूँ, पूछना ही नहीं पड़ता
जब आँखों–आँखों में इशारे हो जाते
जब हमारे उन इशारों से हर कोई जलता
जब तुमसे तुम्हारी चाहत मांगने की जरूरत ही नहीं पड़ती
न जाने कहाँ गए वे दिन
ये दूरियाँ मुझे अंदर ही अंदर खा रही हैं
तुम्हारी उस चाहत के बिना मैं अधूरी हूँ
मुझे बस वो चाहत लौटा दो।

तन्वी
बी.ए (ऑनर्स), द्वितीय वर्ष

भारत के माथे की बिंदी हमारी हिंदी

भारत देश का सम्मान, शान और स्वाभिमान है हिंदी
भारत देश की चेतना, वाणी का वरदान है हिंदी
अनेक बोलियों से निर्मित हमारी हिंदी
भारत देश की संस्कृति को दर्शाने वाली हमारी हिंदी
अनेक धर्मों के लोगों को एक ही माला में पिरोने वाली हमारी हिंदी
सरल एवं विस्तार पूर्वक प्रदर्शित होने वाली हमारी हिंदी
प्रचार–प्रसार में अहम भूमिका निभाने वाली हमारी हिंदी
भारत देश का सम्मान और स्वाभिमान हमारी हिंदी
हमारी हिंदी निराला, प्रेमचंद की रचनाओं की शान है
हमारी हिंदी में बच्चन, दिनकर जी जैसे कवियों का मधुर संगीत है
कृष्ण की मुरली सी है आकर्षणकारी हमारी हिंदी
देश–विदेश में प्रसिद्ध हमारी हिंदी
भारत देश का सम्मान और स्वाभिमान है हमारी हिंदी
भारत देश की गौरव गाथा है हिंदी
एकता की अनुपम परंपरा है हिंदी
भारत देश की जन्म भाषा है हिंदी
भारत देश का सम्मान और स्वाभिमान है हमारी हिंदी

सपनों पर भरोसा

सपनों पर रख भरोसा अपना कर्म किए जा
मत डर अपनी गलतियों से बस तू अपना कर्म किए जा
अपनी कमजोरी को तू अपनी हिम्मत बना
सपनों पर रख भरोसा अपना कर्म किए जा
भूल जा अतीत में क्या हुआ था
उससे सबक लेकर तू आगे बढ़ता जा
कहने पर नहीं करने पर भरोसा रख
सपनों पर रख भरोसा अपना कर्म किए जा
अपनी गलतियों को स्वयं पहचान
दोबारा न करने का वादा कर
सपनों पर रख भरोसा अपना कर्म किए जा
कभी नकारात्मक सोच अपने मस्तिष्क में मत ला
सकारात्मक सोच से तू आगे बढ़ता जा
सपनों पर रख भरोसा अपना कर्म किए जा
दुनिया की बातों से ध्यान हटा अपने लक्ष्य पर ध्यान लगा
अनेक बार गिरेगा,स्वयं उठने का प्रयास कर
सपनों पर रख भरोसा अपना कर्म किए जा
दृढ़ संकल्प, हिम्मत से आगे बढ़ता जा
छोटी–छोटी अड़चनों से मत घबरा बस आगे बढ़ता जा
सपनों पर रख भरोसा अपना कर्म किए जा।

गुफरान
बी.ए. (प्रोग्राम), प्रथम वर्ष

स्कूल की जिंदगी

याद आता है वह स्कूल का जमाना
दोस्तों के साथ टिफिन छीन के खाना
अगर हो कोई परेशान, तो उसे समझाना
याद आता है वह स्कूल का जमाना
वह साथ बैठकर हँसना, मुस्कुराना
शरारत करके चुप हो जाना
अपना इल्जाम दूसरों पर डालना
याद आता है वह स्कूल का जमाना
'हिस्ट्री' के पीरियड में सो जाना
सर के आवाज की नकल उतारना
न भूलेंगे वे दिन, वे बातें
क्योंकि याद आता है हमें स्कूल का जमाना
बहाने बनाकर स्कूल न जाना
अगले दिन स्कूल में सफाई देना
भरी कक्षा में डांट खाना
याद आता है वह स्कूल का जमाना।

"शिक्षक वह नहीं जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन ठूंसे, बल्कि वास्तविक शिक्षक तो वह है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करे।"

– डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

ज्योत्सना
बी.ए. (प्रोग्राम), द्वितीय वर्ष

ये ठंडी हवाएँ

ये ठंडी हवाएँ
रोजाना मुझसे कुछ कहती हैं
कभी मैं इनकी खामोशियों को
पनाह देती हूँ,
तो कभी ये मेरी गुफ्तगू
समझती हैं।
जाने क्या बात है!
दोनों बहुत अलग
फिर भी साथ हैं।
दोस्त कहो या साथी,
जीवन के अंतिम साँस
तक बनी रहूँगी
हमराही।

पराया घर

पराया घर...
कभी समझ नहीं पाई इसके मायने,
अगर वह पराया ही है, तो क्यों जाना उस घर में?
अपना घर खुद ही बना लूंगी।
लेकिन अगले ही पल मेरी उम्र की अस्थिरता
माँ की ख्वाहिश और पराए घर का ख्वाब
मुझ पर हावी होने लगता है...

शीतल तिवारी
बी.ए. (प्रोग्राम), तृतीय वर्ष

कभी–कभी

कभी–कभी मैं खुद से ही, कहीं दूर चली जाना चाहती हूँ
अगर जो तुम परेशान हो मुझसे, तो तुम अकेले तो नहीं हो
कभी–कभी मैं खुद भी, खुद को नहीं भाती हूँ
कभी–कभी सब कुछ बस यूँ ही, बिखरा छोड़ देना चाहती हूँ
कभी–कभी सुकून की तलाश में मैं, बस घंटों यूँ ही बैठी रहना चाहती हूँ
कभी–कभी मेरा मन बेवजह ही खराब हो जाता है, कभी–कभी मन को कुछ भी नहीं भाता है
कभी–कभी मन खाली सा लगता है, जैसे अंतर्मन में सब अस्पष्ट हो
कभी–कभी बस सब कुछ यूँ ही छोड़ देना चाहती हूँ
नहीं पता क्यों?
बस घंटों यूँ ही बैठे रहना चाहती हूँ और अपने अस्तित्व की खोज करना चाहती हूँ
कभी–कभी मैं खुद से ही कहीं दूर चली जाना चाहती हूँ।

"बीते समय के लिए मत रोइए, वो चला गया और भविष्य की चिंता करना छोड़ो क्योंकि वो अभी आया ही नहीं है, वर्तमान में जियो, इसे सुन्दर बनाओ।"

– गौतम बुद्ध

सौरभ यादव
बी.ए. (प्रोग्राम), प्रथम वर्ष

था अध्यापक का ब्लैक बोर्ड, कभी ज्ञान का खजाना

था अध्यापक का ब्लैक बोर्ड, कभी ज्ञान का खजाना
अब तो ये किस्सा पुराना, अब है मोबाइल का जमाना ।
मिल जाते हैं मोबाइल पर ही अध्यापक
पाँच इंच की स्क्रीन से जानकारी देते व्यापक।
अब मोबाइल है टीचर, टीचर के पास मोबाइल
डाँटते तो टीचर है हीं नहीं, बस करते रहते स्माइल।
बच्चे अब कर लेते हैं वहीं से आज्ञा का पालन
पढ़ाई तो पीछे चलती, आगे होता गेम का संचालन।
ऑनलाइन पढ़ाई से मम्मी पापा भी खुश नहीं
पता है उनको पढ़ाई नहीं लूडो खेल रहा है दुष्ट।
अब टीचर की डांट से बच्चे होते बड़े प्रसन्न
क्योंकि उनको चुप करने का उनके पास है बटन।

"शिक्षण एक उत्कृष्ट पेशा है जो व्यक्ति के चरित्र, क्षमता और भविष्य का निर्माण करता है। यदि लोग मुझे एक अच्छे शिक्षक के रूप में याद रखते हैं, तो यह मेरे लिए सबसे बड़े सम्मान की बात होगी।"

– ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

हार्दिक शर्मा
बी.ए. (प्रोग्राम), द्वितीय वर्ष

मुझे तुम दिखाई देती हो!

1 – मौका मिले तो अगले जन्म मैं तुम्हारे बालों की वो लट बनना चाहूँगा,
जो बार – बार तुम्हारे गाल पे आके कभी तुम्हारी खूबसूरती बढ़ाती है तो कभी तुम्हें सताती है।
वही लट जिसे तुम अपना श्रृंगार करते वक्त आईने में देखकर कुछ देर इतराती रहती हो।
वही लट जिसे तुम मुझसे बातें करते हुए अपनी उंगलियों से होले से कान के पीछे ले जाती हो।
क्या तुम अपने झुमके दिखाना चाहती हो मुझे या फिर वो मखमल से गाल जिनपे वो तिल चार चाँद लगाता है? पर माफ करना, मेरी नजर तो बेचारी उस लट पे ही टिकी रह जाती है। क्योंकि उसमें भी मैं एक बावरे मन की परछाई पाता हूँ। क्योंकि उसमें मुझे मैं दिखाई देता हूँ।

2 – क्या वो लट जान बूझकर कर तुम्हारी एक झलक पाने के लिए अपनी राह भूल गई है?
या फिर खुद को बाकियों से अलग दिखाना चाहती है ताकि तुम्हारा ध्यान अपनी ओर खींच सके?
या मुमकिन है मेरी तरह वो भी तुम्हारी सादगी देख कर उन जुल्फों से अलग हो गई हो जो सिर्फ बाहरी सुंदरता की कायल होती हैं।

पर शायद उससे वजह पूछना उसके इश्क पे सवाल उठाने जैसा होगा।
अच्छा कभी मन करे तो अपनी जुल्फों को इकट्ठा करके बाँध लेना।
उनके बिखरे या बंधे रहने में मेरा कोई स्वार्थ नहीं।
मेरा मन तो रात दिन उस लट की चिंता में ही डूबा रहता है।
तुम भी बस उस नादान लट को यूँही लहराने के लिए आजाद रहने देना।
क्योंकि उस आजादी में कैद होकर मैं खुद को जरा महफूज पाता हूँ।
क्योंकि उसमें मुझे मैं दिखाई देता हूँ।

3 – वो लट भी मेरी तरह हर पल तुम्हारे करीब आने के मौके ढूंढती है।
और तुम हो जो मुझे हर बार उस लट की ही तरह पीछे धकेल देती हो।

शायद अंजान हो हमारी मोहब्बतों से,
जानते हैं हम भी कि कितनी पाक हो तुम।
यकीन करो हम दोनों दाग नहीं बस तुम्हारा काला टीका बनना चाहते हैं।
तुम्हारी बलाए लेना चाहते हैं तुम्हें दुआएँ देना चाहते हैं।
गर हो सके तुमसे, तो मेरी एक ख्वाहिश पूरी कर देना,
उस लट को यूँही अपने गालों से लिपटे रहने देना,
उसमें मेरे सपने तुम्हारे साथ अंगड़ाई जो भर रहे हैं।
हाँ और मेरे दिल को भी उस लट के एक कोने में सिमटे रहने देना,
क्योंकि उससे मैं खुद को तुम्हारे करीब पाता हूँ,
क्योंकि उसमें मुझे मैं दिखाई देता हूँ।

4 – शायद नहीं, ये सब तो महज एक खुदगर्ज आशिक के लफ्ज हैं।
एक आखिरी बात कहूँ तुमसे?
अगर तुम्हारी रजा न हो तो मेरे प्यार को उस लट तक ही सीमित रहने देना,
और उस लट को भी कभी तुम्हारे होठों को छूने न देना।
क्योंकि डर लगता है कि कहीं मुझे खुद को उस लट में देखने की कल्पना मात्र से ही तुम मैली न हो जाओ।

चलो उस लट को कान के आगे या पीछे रखने की मेरी पसंद नापसंद को मैं तुम पर नहीं थोपता,
तुम तो एक आजाद पंछी हो तुम्हें भला ये चंद बालों की बेड़ियाँ कहाँ रोक पाएंगी।
चलो मैं खुद को उस लट से भी नहीं जोड़ता,
क्योंकि मुझे लगता है मेरे जुड़े रहने से वो एक दिन तुम्हारी कमजोरी बन जाएंगी,
और तुम्हारी उड़ान की सीमाएं बाँध देंगी।
हाँ पर तुम्हारे लिए अपना सब छोड़ने वाली उस लट को तुम्हारी खूबसूरती का हिस्सा जरूर बने रहने देना।

क्योंकि उसमें तुम सबेरे को पूरब में छाई उस लाली जैसे शांत पर पूर्ण मालूम होती हो।
क्योंकि उसमें मुझे तुम दिखाई देती हो।

"प्रेम केवल एक भावना नहीं, एकमात्र वास्तविकता है। यह सृष्टि के हृदय में रहने वाला चरम सत्य है।"

– रवींद्रनाथ टैगोर

गद्य खण्ड

"भावना, ज्ञान और कर्म जब एक सम पर मिलते हैं तभी युग प्रवर्तक साहित्यकार प्राप्त होता है।"

– महादेवी वर्मा

डॉ. मनोज कुमार कैन

दिल्ली से ग्वालियर तक की रोमांचकारी यात्रा!

गुरुवार का दिन था। मेरा बेटा अपने दोस्तों के साथ मुंबई घूमने चला गया। मेरी प्यारी बिटिया ने कहा पापा हम भी कहीं घूमने चलते हैं। कोरोना के बाद हम बहुत लंबे समय से कहीं बाहर घूमने भी नहीं गए थे। काफी खोजबीन के पश्चात यह तय हुआ कि क्यों न इस बार ग्वालियर की यात्रा की जाए। ग्वालियर मेरी बिटिया पहले ही स्कूल की ओर से जा चुकी थी। उसे ग्वालियर बहुत पसंद आया। शायद तभी से मेरी बिटिया ने यह सोच लिया होगा कि मैं अपने मम्मी–पापा को भी ग्वालियर जरुर दिखाऊंगी। स्कूल की ओर से वह अकेली ही गई थी। इस बार वह हमारे साथ जाना चाहती थी। लंबी पारिवारिक चर्चा के पश्चात हमने ग्वालियर जाने का निश्चय कर लिया। रात में ही हमने जरूरत के हिसाब से अपनी पैकिंग कर ली। अगले दिन शुक्रवार को तड़के जल्दी उठकर हमने अपनी गाड़ी ओरा से सड़क मार्ग से ग्वालियर जाने का अपना रोडमैप भी तैयार कर लिया। जाने से पहले हमने गूगल देवता से ग्वालियर से संबंधित कुछ जानकारियाँ भी प्राप्त कर ली थी।

सुबह गाड़ी में हवा–पानी चेक कराकर, ईंधन भरकर हम तीनों– मैं, मेरी बेटी और धर्मपत्नी नोएडा–आगरा हाईवे से ग्वालियर की यात्रा पर निकल पड़े। सुबह का मौसम बहुत सुहाना था। हा. ईवे की खूबसूरती देखते ही बनती थी। लंबा–चौड़ा बेहद खूबसूरत हाईवे, जिसके दोनों तरफ हरियाली ही हरियाली थी। जो गाड़ी दिल्ली में खिसक रही थी, वह अब हाईवे पर सरपट दौड़ने लगी थी। हाईवे पर गाड़ी चलाने का आनंद अलग ही होता है। मैं उस आनंद का लुत्फ उठा रहा था। सुबह उठकर हमने हल्का ब्रे. कफास्ट किया और दोपहर के लिए घर से ही लंच भी पैक कर लिया था। वैसे तो हाईवे पर बहुत खूबसूरत रेस्टोरेंट बने हुए हैं, लेकिन रेस्टोरेंट और घर में हम अक्सर लंच–डिनर करते ही रहते हैं। अतः हमने अपनी ओरा कार के छोटे से स्पेस में बैठकर लंच का लुफ्त

उठाया, जिसका एक अलग प्रकार का ही आनंद था। हमें छोटी–छोटी चीजों में भी अपने आपको व्यवस्थित करके आनंद लेना चाहिए। बिटिया ने अपने अनुकूल खाने की चीजें रख ली थी। पूरे रास्ते के दौरान वह उन चीजों का आनंद स्वयं भी ले रही थी और हमें भी दिला रही थी। मौज–मस्ती का यह सफर जो सुबह 10 बजे आरंभ हुआ य शाम को 5 बजे गंतव्य स्थान पर पहुँचने के पश्चात समाप्त हुआ। अब हम ग्वालियर में थे। हमने दिल्ली से ही होटल में अपने रुकने की व्यवस्था कर ली थी य लेकिन वहाँ पहुँचने के बाद जब हमने होटल का निरीक्षण किया तो हमें पसंद नहीं आया। इससे एक बात हमारी समझ में आयी कि बुकिंग के समय इंटरनेट पर जो रेट और तस्वीर होटल की दिखाई जाती है, उसमें और वास्तविकता में बहुत बड़ा फर्क होता है। हमने दो–तीन होटल और देखे, लेकिन हमें कुछ समझ में नहीं आया। फिर हमने मध्य प्रदेश राज्य सरकार का 'होटल तानसेन रेजीडेंसी' देखा। वह होटल बहुत अच्छा, खूबसूरत और हमारे खर्च की सीमा में भी आ रहा था। होटल वाले ने प्रोफेसर का सम्मान करते हुए हमें कुछ डिस्काउंट भी दिया। होटल वाले से ही हमने अगले दिन घूमने के लिए कुछ जानकारियाँ प्राप्त कर ली थी। उसने बताया कि अभी आप शाम को 'बड़ा बाजार' घूम सकते हैं। वह ग्वालियर का सबसे बडा बाजार है। सामान कमरे में रखकर फ्रेश हुए और चाय–पकौड़े का नाश्ता लेकर हम लगभग 7 बजे 'बड़ा बाजार' घूमने के लिए निकल पड़े। बड़ा बाजार देखने की पश्चात हमें वही अनुभूति हुई जो दिल्ली में चाँदनी चौक घूमते हुए होती है। यह बाजार चाँदनी चौक जितना विराट तो नहीं था य लेकिन इसकी अनुभूति हमें अवश्य करा रहा था। वापस लौटते हुए हम डीएनडी मॉल भी घूमे ! मॉल कहीं के भी हो सब एक जैसे ही लगते हैं !हमने एक अच्छे रेस्टोरेंट में खाया। खाना बहुत ही स्वादिष्ट था। जैसा हम सोच रहे थे कि छोटे शहरों में खाने–पीने का सामान थोड़ा सस्ता होगाय ऐसा बिल्कुल भी नहीं था। सभी चीजें उसी रेट पर थी जिस रेट पर दिल्ली में मिलती हैं।

अगले दिन शनिवार को हम आराम से सोकर उठे। उस दिन हमनें होटल तानसेन में ही ब्रेकफास्ट किया। होटल का ब्रेकफास्ट और वहाँ के कर्मचारियों का व्यवहार लाजवाब था। इसके पश्चात विचार आया कि ग्वालियर घूमने के लिए किराए की गाड़ी कर ली जाए। फिर सोचा जब अपनी गाड़ी है, तो भाड़ा क्यों दिया जाए ! अंत में निर्णय हुआ कि अपनी गाड़ी से ही ग्वालियर का भ्रमण किया जाएगा।



फिर हम पहुँच गए 'जय विलास पैलेस'। यहाँ पहुँचते ही उसके प्रवेश शुल्क ने मुझे बहुत कष्ट पहुंचाया। प्रत्येक व्यक्ति उसका प्रवेश शुल्क 300 रुपए था। एक सामान्य व्यक्ति के लिए यह बहुत बड़ी कीमत थी । इससे पता चलता है कि पहले राजा महाराजा किस तरह आम प्रजा का शोषण करते थे और अब इस तरह से आम आदमी का शोषण किया जा रहा है। 'जय विलास पैलेस' दर्शन के बहाने लोगों को लुटने का काम जारी था। जब यहाँ आ गए तो देखना था ही। 900 रुपए में हमने तीन टिकट लिए और महल में प्रवेश कर गए। इस महल का निर्माण 1874 ई. में किंग एडवर्ड के आने के बाद महाराजा जयाजीराव सिंधिया ने करवाया था। इस विराट महल में 400 कमरे

थे। उन्हीं में से 40 कमरों में जीवाजीराव सिंधिया संग्रहालय आम जनता के लिए बनाया गया है। झूमर, इतालवी संगमरमर की फर्श, दरबार हॉल, भव्य फारसी कालीन, अलंकृत सामान, दुनिया भर से एकत्रित की गई अत्यंत दुर्लभ वस्तुएँ यहाँ की अनुपम निधि हैं। सांस्कृतिक विरासत, इतिहास की कहानी और वास्तुकला के अद्भुत उदाहरण इस पैलेस में देखने को मिलते हैं। भारत के ऐसे भवनों को खानदानी राजघरानों से मुक्त करके जनता के उपयोग में लाना चाहिए। लगभग 2 घंटे 'जय विलास पैलेस' में व्यतीत करने के बाद हम ग्वालियर गेट से पहुँच गए 'गुजरी महल'।

15वीं शताब्दी में निर्मित 'गुजरी महल' राजा मानसिंह और रानी मृगनयनी के गहन प्रेम का प्रत्यक्ष प्रमाण है। 'गुजरी महल' के अंदर भी संग्रहालय था। इस संग्रहालय में ग्वालियर के आसपास से प्राप्त मुर्तियां को सुव्यवस्थित रूप से रखा गया था । यह महल अपनी कहानी स्वयं प्रस्तुत कर रहा था। यह महल उसी तरह खूबसूरत है, जैसे कभी इसमें रहने वाली रानी मृगनयनी थी। गुजरी रानी राजा मानसिंह की तरह वीरांगना थी। अपनी तीन शर्तें मनवाने के बाद उन्होंने राजा मानसिंह से प्रेम विवाह किया था। उसके बाद 'ऊरवाई गेट' से हम गाड़ी द्वारा ग्वालियर किला पहुँचे।

'ग्वालियर का किला' विश्व प्रसिद्ध ग्वालियर शहर की जान है। इसका निर्माण सन् 727 ई. में हुआ। यह एक अभेद्य विशालकाय किला है। यह किला गोपाचल नामक पर्वत पर स्थित है। यहां से समस्त ग्वालियर शहर के दर्शन किए जा सकते हैं ! इसका निर्माण करने वाले पहले राजपूत राजा सूर्यसेन थे। राजा मानसिंह तोमर ने इसमें कई निर्माण कार्य करवाएं। उसमें प्रसिद्ध है– 'मानसिंह महल' ! इस महल की सुंदरता अनुपम , अद्भुत और अद्वितीय है । लाल बलुआ पत्थर से बना यह किला ग्वालियर शहर की हर दिशा से दिखाई देता है। '' ग्वालियर '' और '' ऊरवाई '' नामक इसके दो गेट हैं। इस किले के मुख्य आकर्षण बुद्ध –जैन मंदिर, करण महल, विक्रम मंदिर, जहाँगीर महल और शाहजहाँ महल हैं। यहाँ आकर हमें ग्वालियर शहर के संदर्भ में अन्य जानकारियाँ भी प्राप्त हुईं। जैसे ग्वालियर का प्राचीन नाम गोपराष्ट्र है। यह गालव ऋषि की तपोभूमि हैय अतः गालव ऋषि के नाम पर ही इसका नाम ग्वालियर पड़ा। यहीं पर हमने कुछ अल्पाहार किया। कुछ समय यहाँ विश्राम करने के उपरांत सीधा पहुँच गए 'सहस्त्रबाहु मंदिर'। यह मंदिर ग्वालियर किले के समीप ही स्थित है।

'सहस्त्रबाहु मंदिर' को 'सास बहू के मंदिर' और 'हरिसदानाम मंदिर' के नाम से भी जाना जाता है। यहाँ प्रांगण में सुख की अनुभ. ूति करवाने वाले दो सुंदर मंदिर बने हुए हैं। एक मंदिर बहुत बड़ा थाय दूसरा उससे थोड़ा छोटा। 'सहस्त्रबाहु मंदिर' का निर्माण 11वीं शताब्दी में हुआ था। यह मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। राजा महिपाल ने सन् 1093 ई. में इसका निर्माण करवाया था। सास बहू मंदिर के नामकरण की भी एक कहानी प्रचलित है। एक रोचक कथा के अनुसार महाराज महिपाल की पत्नी भगवान विष्णु जी की परम भक्त थीं। इसलिए राजा ने भगवान विष्णु जी के सम्मान में सास के

लिए बड़े मंदिर का निर्माण करवाया। राजा महिपाल की पुत्रवधू शिव जी की भक्त थी। इसलिए उन्होंने विष्णु मंदिर के समीप ही बहू के लिए शिव जी का मंदिर भी निर्मित करवाया। दोनों ही मंदिरों की छटा एकदम निराली है। शाम के भाव विभोर कर देने वाले वातावरण में मंदिरों को बार–बार देखने को मन करता है। तीन मंजिला इन मंदिरों को हिंदू–मुस्लिम लड़ाइयों में बहुत क्षति पहुँची हैय जो मंदिर में द्रष्टव्य है। हमें हल्की–हल्की थकान का अहसास होने लगा था। अब हम सीधे पहुँच गए 'तेली का मंदिर'।

'तेली का मंदिर' विष्णु, शिव और अन्य देवी देवताओं को समर्पित है। इसका निर्माण काल 8वीं शताब्दी से लेकर 9वीं शताब्दी के आरंभिक काल के बीच माना जाता है। मंदिर का निर्माण प्रतिहार राजा मिहिरभोज के शासनकाल में तेल के व्यापारियों द्वारा दिए गए धन से हुआ था। इसलिए इस मंदिर को 'तेली का मंदिर' कहते हैं। ग्वालियर किले में विद्यमान समस्त स्मारकों में यह सबसे ऊँचा है। इसकी ऊंचाई लगभग 30 मीटर है। मंदिर की सुंदरता सम्मोहित करने वाली है। इस मंदिर की बनावट दक्षिण भारत के मंदिरों की तरह लगती है। यहाँ से चलकर हम पहुँच गए 'तानसेन का मकबरा'।

तानसेन के मकबरे के लिए एक बड़े बाजार में से अंदर की ओर रास्ता जाता है। यह एक हरे–भरे मैदान में स्थित है। तानसेन की इच्छानुसार उनकी कब्र उनके गुरु मोहम्मद गौस के बगल में ही स्थित है। तानसेन का असली नाम रामतनु पांडे था। अकबर ने इन्हें नवरत्न में शामिल कर 'संगीत सम्राट' की उपाधि से नवाजा था। यहाँ प्रतिवर्ष तानसेन संगीत समारोह का आयोजन भी किया जाता है। हमने भी संगीत सम्राट की समाधि पर शीश नवाया। हमारा आज का सफर अंतिम पड़ाव में था। वहाँ से हम अपने होटल की ओर निकल पड़े। अंधेरा हो गया था। रास्ते में हमने एक स्थान पर सावन का मेला लगा हुआ देखा। इस मेले मेंअनेक प्रकार के झूलों और व्यंजनों की व्यवस्था थी। हमनें दोनों का भरपूर आनंद लिया। अब हम बहुत अधिक थक गए थे। वहाँ से सीधा अपने होटल आए और डिनर करके सो गए। अगले दिन हमें दिल्ली के लिए रवाना होना था।

रविवार को बहुत देर से सोकर उठे। सोचा था कि सुबह जल्दी उठकर कुछ देखने के लिए छूट गया होगा, तो उसको देखते हुए दिल्ली की ओर चल पड़ेंगे। लेकिन अब ज्यादा समय नहीं होने के कारण हम सीधा दिल्ली की ओर रवाना हो गये। वैसे तो ग्वालियर में एक–दो और भी जगहें देखने योग्य थीय जैसे सूर्य मंदिर और एक छोटा सा चिड़ियाघर। सूर्य मंदिर मरम्मत के कारण बंद था। चिड़ियाघर यह सोचकर नहीं देखा कि दिल्ली के चिड़ियाघर से बड़ा और कोई हो ही नहीं सकता। धैर्य धारण करके हमनें सीधा दिल्ली की सड़क पकड़ ली। एक बार को मन में विचार आया कि आगरा या मथुरा होते हुए चलेंगे।परंतु यह सोच कर विचार टाल दिया कि इनको देखने के लिए एक अलग से कार्यक्रम बनाएंगे।

रात के 8 बजे हम अपने घर में थे। ग्वालियर यात्रा हमारे लिए सदैव स्मरणीय रहेगी। परिवार के साथ सड़क मार्ग से की गई इस यात्रा के दौरान ग्वालियर के पूरे इतिहास को जानने–समझने और देखने का सुखद अवसर प्राप्त हुआ। यात्रा के दौरान मौसम थोड़ा गर्म जरूर रहाय लेकिन हर मौसम का अपना एक आनंद है। हमने इस गर्म मौसम में भी आनंद लेते हुए पूरे ग्वालियर के दर्शन किए।

रजनी जगोता
एसोसिएट प्रोफेसर

घर का खाना

आज करीब दो महीने पश्चात फोन की ऐसी घंटी बजी जिसके कॉलर में अपनी बेटी का नाम, जो उसने 'माई वेरी ओन' (My Very Own) के नाम से 'सेव' किया था, देखकर उसकी बांछें खिल गईं। उसकी प्रसन्नता उसके चेहरे पर झलक रही थी। उतावलेपन में फोन हाथ से छूट गया। जल्दी से उसने फोन उठाया तो आवाज आई – माँ कल मैं अपने चार साथियों के साथ ट्रेन से दिल्ली पहुँचूंगी, ट्रेन वहाँ दो मिनट के लिये रुकेगी। आप पाँच लोगों के लिये अच्छा–सा खाना बनाकर ले आइएगा। सही तरीके से 'पैक' करने की हिदायत के साथ फोन काट दिया गया।

शाम ढल चुकी थी। बाजार से जरूरी सामान मंगवाया। गाजर का हलवा तो बिटिया को बहुत पसंद है, उसने सोचा। कब सारी तैयारी करते–करते रात के 12 बज गए मालूम ही न चला! सुबह 4 बजे उठकर उसने गर्म–गर्म पूड़ियाँ बनाईं। गाजर के हलवे में खोया घिसकर डाला, खूब सारा।

सहसा पति की आवाज आयी कि जल्दी करो टैक्सी आ गयी है। खीरा, टमाटर काटते हुए वह कह रही थी कि न जाने उसने कब से सलाद न खाया होगा। अरे पेपर नैपकिन रखे क्या? बच्चे हाथ कैसे पोछेंगे? खाना ठीक से पैक किया और पूरे जोश से कदम बढ़ाए। स्टेशन पहुँचकर मालूम हुआ कि ट्रेन एक घंटा लेट है। आँखे पथराने लगी। कुछ नींद न पूरी होने से और कुछ इंतजार की घडियों में। शोर ने चेतावनी दी ट्रेन के आने की। ट्रेन रुकी। उसकी निगाहें चारों और दौड़ने लगी, अपनी बेटी को ढूंढती हुई। बेटी दौड़ी हुई आयी और बोली जल्दी खाना दो सबको बहुत भूख लगी है। खाना लेकर जल्दी से गाड़ी में वापस चली गयी। दूर हवा में 'थैंक यू' की आवाज गूँजी खिड़की से। जब ट्रेन ने रफ्तार पकड़ ली तो वो भी बेंच से उठकर स्टेशन से बाहर की ओर बढ़ी। शाम 7 बजे जब से बेटी का फोन आया था उसने सही से पलक न झपकी थी। क्या बनाऊँ, कैसे बनाऊँ इन सब में जैसे वो गुम हो गयी थी।

अब उसे याद आया उसने तो कल रात खाना भी नहीं खाया, न ही किसी और को खिलाया!

धीमी गति से टैक्सी घर की ओर बढ़ रही थी। अब सड़क पर ट्रैफिक बहुत हो चुका था। आधे रास्ते पहुँचे तो उसने अपने पति से कहा, क्यों जी आज कहीं बाहर खाना खा लेते हैं क्योंकि उसमें हिम्मत न बची थी आज घर पर खाना बनाने की।

शकील अहमद
लाइब्रेरी कर्मचारी

ग्रीन लाइब्रेरी : वर्तमान की आवश्यकता

आधुनिक काल में पुस्तकालय की एक नई छवि स्थापित करने के लिए ग्रीन लाइब्रेरी (हरित पुस्तकालय) की आवश्यकता महसूस की जा रही है। ग्रीन लाइब्रेरी शब्द का उदय 1990 के दशक में हुआ था। ग्रीन लाइब्रेरी से आशय ऐसे पुस्तकालय से है, जो नवीनतम अत्याधुनिक तकनीकी का उपयोग करके बनाए गए हों और वह अपने उपयोगकर्ताओं को पर्यावरण के अनुकूल सेवाएं प्रदान करती हो। ग्रीन लाइब्रेरी के संदर्भ में उन सभी उपायों को शामिल किया जाता है, जिसमें ऊर्जा के संसाधनों का दोहन कम हो सके तथा नवीकरणीय संसाधनों का उपयोग अधिकतम हो सके।

ग्रीन लाइब्रेरी की आवश्यकता क्यों? वर्तमान समय तकनीकी युग का है। तकनीकी के कारण ही प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग, कार्बन उत्सर्जन, नवीकरणीय संसाधनों का कम उपयोग आदि कारणों से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या दिन–प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अतः स्वच्छ जल, ऊर्जा तथा नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए ग्रीन लाइब्रेरी भवनों की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

ग्रीन लाइब्रेरी भवन का निर्माण करते समय हमें मुख्यतः तीन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है– अर्थव्यवस्था, पारिस्थितिकी और समानता। इन्हीं तीनों को ध्यान में रखकर ग्रीन लाइब्रेरी भवन का डिजाइन निर्धारित किया जाना चाहिए, जिससे भवन के अंदर नकारात्मक प्रभाव कम किया जा सके तथा सकारात्मक प्रभाव ऊर्जा का प्रसार हो। जगह का चुनाव ऐसा होना चाहिए जो परिस्थितिकी के अनुकूल हो। बारिश के पानी का उपयोग किया जा सके। लाइब्रेरी भवन की बनावट ऐसी होनी चाहिए जिसमें प्राकृतिक प्रकाश का ही अधिकतम उपयोग किया जा सके। उसमें ऐसी व्यवस्था का समावेश हो, जिसमें लाइब्रेरी जब खाली हो तो लाइट निर्धारित समय में स्वतः ही बंद हो जाए। लाइब्रेरी भवन निर्माण में प्राकृतिक निर्माण सामग्री और बायोडिग्रेडेबल उत्पाद सामग्री का इस्तेमाल होना चाहिए। लाइब्रेरी की छत ऐसी हो जिस पर ऊर्जा प्लांट लगाया जा सके। लाइब्रेरी के आसपास हरा–भरा गार्डन और सदाबहार वृक्ष लगे होने चाहिए, जिससे वातावरण में शीतलता बनी रहे।

ग्रीन लाइब्रेरी आंदोलन के बावजूद ग्रीन लाइब्रेरी भवन के निर्माण एवं पुनर्निर्माण के लिए बहुत

सारी चुनौतियाँ अभी भी महसूस की जाती हैं। ग्रीन भवन के निर्माण की लागत सस्ती होती है, लेकिन पुनर्निर्माण गतिविधियों में लाइब्रेरी के लिए सीमित बजट का आवंटन प्रमुख चुनौती है। महाविद्यालयों में पुस्तकालय को सबसे उपेक्षित स्थान माना जाने लगा है, जबकि पुस्तकालय संस्थान का हृदय कहलाता है। फिर भी पुस्तकालय अध्यक्ष को सीमित जगह में ही काम चलाना पड़ता है।

हाल के वर्षों में भारत में ग्रीन लाइब्रेरी के प्रति जागरूकता बढ़ी है, जिससे लाइब्रेरी में एल.ई.डी. लाइट का उपयोग, प्राकृतिक रोशनी, हवा और सौर्य ऊर्जा का उपयोग होने लगा है। स्वच्छता पर जोर, स्वच्छ शौचालय, उपयुक्त स्थानों पर कचरा निपटान की व्यवस्था और नवीनीकरणीय तकनीकों का इस्तेमाल किया जाने लगा है।

"किसी घर में पुस्तकालय जोड़ना उस घर को एक आत्मा देना है।"

– सिसरो

"एक चीज जो आपको बिल्कुल सही–सही जाननी चाहिए वह है लाइब्रेरी का पता।"

– अल्बर्ट आइंसटाइन



आयुष
बी.ए. (आनर्स), द्वितीय वर्ष

पुस्तक समीक्षा

मानस का हंस

लेखक – अमृतलाल नागर
प्रकाशन – राजपाल प्रकाशन, दिल्ली
प्रकाशन वर्ष – 1972

'मानस का हंस' हिंदी साहित्य के उन उपन्यासों में से है जोकि साहित्य के वांग्मय और जगत में अद्‌भुत और अप्रतिम स्थान अनुग्रहित कर चुका है। यह उपन्यास हमें न केवल गोस्वामी तुलसीदास जी के संपूर्ण जीवन से अवगत कराता है, अपितु तत्कालीन ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, शासन व्यवस्था तथा सामाजिक परिदृश्य की चर्चा भी बड़ी तल्लीनता के साथ और सहज तथा समृद्ध भाषा में हम सभी के समक्ष प्रस्तुत करता है।

'मानस का हंस' उपन्यास लिखना नागर जी का एक सपना था। जब उन्होंने यह निर्धारित किया कि वह इस अद्‌भुत व्यक्तित्व को एक उपन्यास की अभिव्यंजना प्रदान करेंगे, तो साहित्य जगत में कौतूहल हो उठा, क्योंकि ऐसा उपन्यास लिखने के लिए सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इसके मानक और प्रामाणिक तत्त्व कहाँ और कैसे प्राप्त हो? कारणतः इस पर लिखना कठिन कार्य था, क्योंकि नागर जी को इतिहास तथा पुरातत्त्व आदि का ज्ञान था और क्योंकि यह उनका सपना था, इसीलिए धुन के पक्के नागर जी ने इस उपन्यास की रचना की।

नागर जी के पहले भी कई साहित्यकार यथा रघुवर दास तथा कृष्णदत्त मिश्र आदि ने इस विषय पर लिखने का प्रयास किया। किंतु वे असफल रहे नागर जी का 'रामचरितमानस' से विशेष प्रेम ही इस उपन्यास को लिखने और तुलसीदास जी पर शोध करने की उर्जा उन्हें अमूर्त रूप से प्रदान करता रहा।

राम जन्मभूमि तथा बाबरी मस्जिद जैसे विषय भी नागर जी की कलम की धार से अछूते नहीं रह

पाए हैं। यह उपन्यास निःसन्देह केंद्रित तो गोस्वामी तुलसीदास पर है, किंतु तत्कालीन परिदृश्य भी इसमें जैसा निखर कर आया है वैसा और कहीं नहीं। एक व्यक्तिगत मान्यता मेरी यह है कि यह उपन्यास गोस्वामी तुलसीदास जी का जीवन चरित्र न होकर यह उनका संपूर्ण जीवन ही है।

क्योंकि उनकी जन्म से लेकर मृत्यु तक सारी घटनाएँ और आसपास का परिवेश कहीं अधिक तन्मयता और शालीनता के साथ इसमें अभिव्यंजित है। अमूमन कई लोग गोस्वामी जी के जीवन से परिचित हैं कि उनके जन्म के समय उनकी माता हुलसी देवी का निधन हो गया था तथा उनके पिता आत्माराम ने जल्दबाजी में उनकी कुंडली का गलत आकलन करके उन्हें त्याग दिया था। इसके पश्चात् तुलसीदास जी को अपना जीवन पार्वती नामक वृद्धा के साथ व्यतीत करना पड़ा और वह भीख माँगते थे भीख माँगना उन्हें पसंद नहीं था किंतु फिर भी वे भीख माँगते थे और एक समय के पश्चात् उस वृद्ध माँ की मृत्यु हो जाती है और तुलसीदास जी की झोपड़ी भी जला दी जाती है। शुरुआती दौर में तुलसीदास नाम उन्हें प्रदान नहीं हुआ तथा वे रामबोला कहकर जाने जाते थे। यह उपन्यास रामबोला से तुलसीदास बनने तक के सफर को भी बेहद अनूठे ढंग से चित्रित करता है।

इसके पश्चात् रामबोला एक मंदिर पहुँचते हैं और वहाँ पर भी श्रद्धालुओं के द्वारा फेंके हुए गुड़–चने आदि का भक्षण करते हैं और कई जन उन्हें जाति व कुजाति के नाम पर अपमानित भी करते हैं, तथा यह अपमान रामबोला से सहन नहीं होता और एक दिन वह यह निश्चय करते हैं कि वह जीवन में अब कभी भी भीख नहीं मांगेंगे और वे हनुमान मंदिर के चबूतरे को साफ कर वह वहाँ पर बैठते हैं और हनुमान जी से कहते हैं कि मैं प्रत्येक दिन आपका यह चबूतरा साफ कर दिया करूंगा, और बदले में आप मुझे भोजन प्रदान करना। बाल मन की ऐसी अद्भुत झलक और कहीं नहीं जोकि लेखन कौशल से निखरी है।

तत्पश्चात् रामबोला उसी मंदिर पर बाबा नरहरी से मिलते हैं, अब वह उनके अभिभावक बन जाते हैं। अभिभावक के तौर पर बाबा नरहरी यह समझते हैं कि तुलसीदास यानी रामबोला का यहाँ कुछ नहीं होने वाला और वह उसे शिक्षा दीक्षा के लिए काशी लेने जाते हैं। काशी में एक शास्त्री परिवार में रामबोला कार्य करता है तथा बड़ा होता है और शास्त्र आदि का ज्ञान प्राप्त करता है। समय बीतता जाता है और 20 से 24 वर्ष की उम्र में अब रामबोला, रामबोला नहीं रहता, वह काशी के प्रसिद्ध नए पंडितों में तुलसीदास शास्त्री बन जाता है।

काशी के प्रारंभिक जीवन में ही जब वे शिक्षा प्राप्त कर रहे थे, तभी उन्होंने हनुमान चालीसा की भी रचना की यह प्रसंग कहीं अधिक आश्चर्यजनक व रुचिकर है कि बचपन में उन्होंने अपने मित्रों के साथ लगाई हुई शर्त के कारण उन्हें मध्य रात्रि में कब्रिस्तान जाना पड़ता है जहाँ वह भय के कारण हनुमान जी का नाम जपते रहते हैं और उसी रास्ते में हनुमान चालीसा की रचना करते हैं।

रामबोला से तुलसीदास शास्त्री तक की यात्रा किसी भी स्तर के पाठक के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है तथा उनके जीवन में मोहिनी नामक स्त्री का भी आगमन होता है। वह मोहिनी से प्रेम भी करने लगते हैं

पर उनके मस्तिष्क में यह भी स्पष्ट था कि ईश्वर से ज्यादा महत्वपूर्ण उनके लिए कोई नहीं, इसी कारण वह गृहस्थ नहीं होना चाहते। पर कुछ समय पश्चात् उनका विवाह रत्नावली से हो जाता है, रत्नावली भी एक विदुषी कन्या है और अब तुलसीदास को अपने इस गृहस्थ जीवन से कोई शिकायत नहीं होती और वह रत्नावली से प्रेम करने लगते हैं तथा उसे एक भी दिन के लिए अपने से दूर नहीं होने देना चाहते। यहाँ तक कि उसे अपने मायके भी नहीं जाने देना चाहते और साथ ही उनके मन में यह विचारातन भी रहता है कि मैं ईश्वर से अधिक किसी और को प्रेम नहीं कर सकता।

इसमें भी एक प्रकरण बहुत अधिक प्रसिद्ध है कि रत्नावली के विरह में तुलसीदास अर्द्ध रात्रि में तीव्र वर्षा में नदी पार करके अपनी पत्नी रत्नावली से मिलने जाते हैं, और तब रत्नावली उन्हें वास्तविक ईश्वर यानी श्रीराम के बारे में पुनः याद दिलाते तथा व्यंग्य करते हुए कहती है कि स्त्री की काम आकांक्षा पुत्र के बाद पूर्ण हो जाती है किंतु पुरुष की नहीं होती। इसके संदर्भ में एक छंद भी बहुत प्रचलित है, छंद इस प्रकार है कि–

लाज न आवत आपको दौरऊ आयहु साथ।
धिक् धिक् ऐसे प्रेम को कहां कहूं में नाथ।।
अस्थि चर्म मय देह मम जासौं ऐसी प्रीति।
ऐसी तो श्रीराम मा होत ना थी भवभूति।।

